सुप्रभात
रांची, गुरुवार
22.08.2024
* * नगर संस्करण। पेज :12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ

khabarmantralive.com

khabarmantra.net भादो, कृष्ण पक्ष, तृतीया, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 43



12 फिल्म रेस 4 में काम करेंगे सैफ अली खान

## वीर शहीद नीलांबर पीतांबर की धरा से लातेहार, पलामू और गढ़वा की बहनों को

# खुशियों का उपहार

झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री

## सम्मान राशि का करेंगे हस्तांतरण

झारखण्ड मुख्यमंत्री
मंईयां
सम्मान योजना

**हर बहना को हर साल ₹ 12 हजार**

**पलामू प्रमंडल** (लातेहार, पलामू और गढ़वा)
**की सभी बहनों का समारोह में स्वागत है**

केवल 2 सप्ताह में 45 लाख निबंधन

अब तक 43 लाख बहनों का आवेदन स्वीकृत

31 अगस्त से पहले सभी बहनों के खातों में होगी एक हजार रुपये की सम्मान राशि (पहली किस्त)

सितंबर से हर महीने की 15 तारीख को हर बहन के खाते में बिना देर पहुँचेगी सम्मान राशि



**हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार

PRNO 333364 (Women,Child Development & Social Security) IPRD 24-25

# भारत बंद का झामुमो ने किया समर्थन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सामाजिक संगठनों द्वारा बुलाए गए भारत बंद को पूर्ण समर्थन देने हेतु झामुमो केन्द्रीय नेतृत्व के निदेशानुसार झामुमो रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम के नेतृत्व मे जिला समिति के पदाधिकारियों ने भारत बंद का समर्थन करते हुए रांची के फिरायालाल स्थित अलबर्ट एक्का चौक से जुलूस निकालकर पुराना हाई कोर्ट डोरंडा स्थित बाबासाहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा के निकट शांतिपूर्वक अपना विरोध जताया साथ ही बाबासाहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सिसई विधायक जिगा सुशरण होरो एवं तमाड़ विधायक विकास सिंह मुंडा शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य समनूर मंसूरी, सुशीला एक्का, जिला सचिव डॉ हेमलाल कु मेहता, जिला उपाध्यक्ष जनक नायक, बीरू तिर्की, अश्विनी शर्मा, रामानंद बेदिया, कलाम आजाद, जिला संगठन सचिव आदिल इमाम, जुल्फिकार खान, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष फरीद खान, उपाध्यक्ष परवेज आलम, जीत गुप्ता, लालजी रमण, अफरोज आलम, बबलू राम, युवा मोर्चा जिला संयुक्त सचिव महताब अंसारी, छात्र मोर्चा रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अमन तिवारी, सचिव असद फेराज, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अंशु लकड़ा, मनीषा कुमारी, महादेव मुंडा, युवा मोर्चा जिला संगठन सचिव रमजान रजा, कोषाध्यक्ष अजीत नायक, क्रीड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रदीप मिर्धा, निखिल, अवधेश यादव, गोपाल पांडेय, राकेश वर्मा, साहिल यादव, मुस्लिम अंसारी, गुड्डू, राहुल वर्मा, निजामुद्दीन, छात्र मोर्चा आरयू संगठन सचिव इरफान खान, उपाध्यक्ष अतिकुर रहमान, कासिफ रजा, अलताफ राजा, गुलफ़्सा शानी, डीएसपीएमयू अध्यक्ष मनीष राणा, अमन ठाकुर, परवेज, नामकुम प्रखंड सचिव मोजाहिद हुसैन, नौसाद आलम, कयूम अंसारी, अरविंद ठाकुर, विजय रविदास, ओमकार राय, लक्ष्मण राम, पप्पू भाई, आयुष राज वर्मा, कामरान , सद्दाम, अमन खान, सोनू, प्रिंस , टीपू, हसनैन , अकबर कुरैशी, मोजाहिद, बबलू, हुसैन, जावेद, नीरज , बबलू एवं अन्य सैकड़ो कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।




## बंद के समर्थन में झामुमो रांची जिला ने निकाला न्याय मार्च




**रांची।** सुप्रीम कोर्ट के क्रीमीलेयर के फैसले के खिलाफ भारत बंद का रांची में व्यापक असर देखा गया। झारखंड मुक्ति मोर्चा रांची जिला समिति के नेतृत्व में बुधवार को अलबर्ट एक्का चौक से अंबेदकर चौक न्याय मार्च निकाला गया। इस न्याय मार्च में झामुमो रांची जिला समिति के अध्यक्ष मुश्ताक आलम, सचिव हेमलाल मेहता, रांची जिला झामुमो युवा मोर्चा के संयुक्त सचिव महताब अंसारी समेत सैकड़ों पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल थे। न्याय मार्च अंबेदकर चौक पहुंचा, उसके बाद सभी वहां मौन बैठकर न्याय की मांग की। इस न्याय मार्च में झामुमो के तमाड़ विधायक विकास सिंह मुंडा और सिसई के विधायक जिगा सुसारन होरो भी शिरकत किये। दोनों ने फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए भारत बंद का साथ दिया। महताब अंसारी ने फैसले को जनविरोधी, गरीब विरोधी बताया।

## भारत बंद शत-प्रतिशत सफल : सुबोधकांत



**रांची।** पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने एससी-एसटी के आरक्षण में वर्गीकरण और ओबीसी पर क्रीमी लेयर लागू करने के निर्णय के विरोध में रविवार को यूपीए में शामिल सभी दलों द्वारा आहूत भारत बंद को शत-प्रतिशत सफल बताया। श्री सहाय ने कहा कि केंद्र की भाजपानीत सरकार संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है। अनुसूचित जाति और जनजाति सहित ओबीसी समुदाय के संविधान सम्मत अधिकारों का हनन किया जा रहा है। इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि एससी-एसटी और ओबीसी समुदाय के हितों के विरुद्ध उच्चतम न्यायालय के निर्णय को केंद्र सरकार अध्यादेश लाकर उसमें बदलाव करे। ताकि देश के अनुसूचित जाति,जनजाति और ओबीसी समुदाय के हितों की रक्षा हो सके। उन्होंने भारत बंद को सफल बनाने में शामिल सभी दलों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## कोटा में क्रीमीलेयर लागू करना अनुचित : राजद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सैकड़ों राजद कार्यकर्ता सड़क पर उतरे। राजद नेताओं ने जयपाल सिंह स्टेडियम से सुजाता चौक तक पैदल मार्च करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने बताया कि मोदी सरकार भारत को तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने की बात करती है, जबकि हकीकत यह है कि आज भी देश में 80 करोड़ लोग पांच किग्रा अनाज पर निर्भर हैं। इस स्थिति में आरक्षण कोटा में कोटा तय कर क्रीमीलेयर लागू करने की बात बिल्कुल अनुचित है। सुप्रीम कोर्ट को अपने निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए। प्रदेश राजद मांग करती है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले को संसद में विधेयक लाकर केंद्र सरकार निरस्त करें। साथ ही जातिगत जनगणना लागू करने का अविलंब पहल करें।

प्रदेश युवा राजद अध्यक्ष रंजन कुमार ने कहा कि केंद्र में बैठी भाजपा एक साजिश के तहत दलित, आदिवासी, पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को खत्म करना चाहती है, जिसे राजद कभी कामयाब नहीं होने देगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने हमेशा से इनके हक व अधिकार तथा आरक्षण बचाने के लिए संघर्ष किया है। भारत बंद को सफल बनाने में प्रमुख रूप से राजद प्रदेश उपाध्यक्ष श्यामदास सिंह, युवा राजद अध्यक्ष रंजन कुमार, अनीता यादव, कैलाश यादव, राजेश रोशन, उपाध्यक्ष जफीर खान, प्रदेश महासचिव मंतोष यादव समेत सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

### एससी-एसटी के आरक्षण में वर्गीकरण के फैसले पर अध्यादेश लाकर करे बदलाव : रानी कुमारी

रांची। झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल (महिला प्रकोष्ठ) ने अनुसूचित जाति व जनजाति के आरक्षण में वर्गीकरण करने संबंधी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का विरोध किया है। इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए बुधवार को यूपीए में शामिल विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा आहूत भारत बंद के आह्वान का समर्थन करते हुये राष्ट्रीय जनता दल, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष रानी कुमारी के नेतृत्व में सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया गया।

राजद महिला प्रकोष्ठ के बैनर तले कार्यकर्ता जुलूस की शक्ल में पिस्का मोड़, लाह कोठी, रातू रोड, शहीद चौक होते हुये अल्बर्ट एक्का चौक पहुंचे। वहां पर प्रदर्शन किया गया और एससी-एसटी के आरक्षण में वर्गीकरण व ओबीसी में क्रीमी लेयर लगाने के फैसले पर आपत्ति जताते हुये इसे वापस लेने की मांग की। रानी कुमारी ने कहा कि न्यायालय ने जो एससी.एसटी के कोटे में कोटा और क्रीमी लेयर लगाने का निर्णय दिया है, यह उचित नहीं है। इस अवसर पर मीना देवी, खुशबू कुमारी, पूनम साहू, सरिता कुजूर, सरोज देवी, पूनम देवी, रीता देवी, मनीष बाड़ा सहित अन्य मौजूद थे।

## एतिहासिक बंदी रहा : नायक



**रांची।** एसटी एसी वर्ग मे कोटे के अंदर कोटा क्रीमी लेयर के खिलाफ बुधवार को भारत बंद के तहत सम्पूर्ण झारखंड 100 प्रतिशत एतिहासिक बंद रहा। ये बातें आदिवासी-मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने कही। उन्होंने कहा कि भाजपा एसटीएसी वर्ग का आरक्षण खत्म करना चाहती है। अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्गों को प्रतिनिधित्व का अधिकार एवं सुविधाएं उनके ऐतिहासिक पिछड़ेपन के कारण मिली है,ना की आर्थिक , इसके बावजूद एससी,एसटी वर्ग के विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप के लिए आय के प्रमाण की जरूरत पड़ती है ।

## राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने किया प्रदर्शन

रांची। सुप्रीम कोर्ट के फैसला अनुसूचित जाति जनजाति के आरक्षण में वर्गीकरण करने और क्रीमी लेयर लगाये जाने के विरोध में बुधवार को भारत बंदी पर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारियों ने सड़कों पर उतर कर हरमू चौक को जाम कर प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त के माध्यम से मांग पत्र सौंपा। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति द्वारा बुलाये गये भारत बंद का समर्थन करते हुये सड़क पर उतर कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि न्यायालय ने जो एससी एसटी के कोटे में कोटा और क्रीमी लेयर लगाने का काम किया है, वह संवैधानिक नहीं है।

## भारतीय रिजर्व बैंक ने आयोजित किया इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग जागरूकता कार्यक्रम

### साइबर सुरक्षा से संबंधित पहलुओं से अवगत हुए छात्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** भारतीय रिजर्व बैंक, पटना द्वारा बुधवार को संत जेवियर्स महाविद्यालय, राँची में इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग जागरूकता और प्रशिक्षण (ई-बात) कार्यक्रम एवं भारतीय मुद्रा प्रणाली पर एक सत्र का आयोजन किया गया। सत्र का उद्घाटन भारतीय रिजर्व बैंक, पटना के क्षेत्रीय निदेशक सुजीत कुमार अरविंद के द्वारा किया गया। छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग के इतिहास, वर्तमान परिदृश्य और साइबर सुरक्षा से संबंधित पहलुओं से उन्हें अवगत कराया। उन्होंने उन विभिन्न तरीकों को समझने के महत्व पर जोर दिया, जिनके माध्यम से उपद्रवियों द्वारा धोखाधड़ी की जाती है। भारतीय रिजर्व बैंक, पटना के महाप्रबंधक प्रभात कुमार ने डिजिटल बैंकिंग के अन्य पहलुओं जैसे रिजर्व बैंक द्वारा किये गये पहल के साथ-साथ यूपीआई, क्यूआर कोड, ई-वॉलेट सरीखे विभिन्न उत्पादों पर प्रकाश डाला। मुद्रा प्रबंधन प्रणाली पर सत्र के दूसरे भाग में, भारत में मुद्रा प्रबंधन के परिदृश्य पर प्रकाश डाला गया, जिसमें भारतीय मुद्रा प्रणाली का इतिहास, मुद्रा की मुख्य विशेषताएँ और आम जनता के लिए नोटों की विनिमय सुविधाओं की जानकारी शामिल है। सत्र के उत्तरार्द्ध में देश में मुद्रा प्रबंधन की बुनियादी समझ के बारे में भी बताया गया। दोनों सत्रों के बाद संवादात्मक प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित की गयी, जिसे छात्रों द्वारा बेहद सराहा गया। इसके अतिरिक्त, संत जेवियर्स महाविद्यालय के परिसर में भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा नोट विनिमय और सिक्का मेला का भी आयोजन किया गया। भारतीय रिजर्व बैंक पटना के द्वारा राँची में कटे-फटे नोटों के विनिमय और न्यायनिर्णयन से जुड़े बैंक शाखाओं के विनिर्धारित अधिकारियों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में क्षेत्र में कार्यरत बैंक शाखाओं के अधिकारियों को रिजर्व बैंक के नोट वापसी नियमों और बैंक नोट में निहित सुरक्षा विशेषताओं पर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम मे संत जेवियर्स महाविद्यालय के प्रधानाचार्य, रेवेरेंड डॉ. नेबोर लकड़ा, उप प्रधानाचार्य, अध्यक्ष ( छात्र कल्याण), एवं अन्य संकाय सदस्य मौजूद थे।

## पीजीटी स्कैम झारखंड का सबसे बड़ा नियुक्ति घोटाला : बाबूलाल

- भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पीजीटी स्कैम के प्रमाण भी सामने आने लगे हैं
- सीबीआई जांच कराकर सीट बेचने वालों को कड़ी सजा दिलायेगी भाजपा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पीजीटी नियुक्ति घोटाला पर निशाना साधा है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा है कि अनेकों बार बता चुका हूं कि पीजीटी स्कैम झारखंड का सबसे बड़ा नियुक्ति घोटाला है। अब तो इसके प्रमाण भी सामने आने लगे हैं। जेएसएससी ने अपने वेबसाइट पर जो स्कोर कार्ड अपलोड किये हैं। उसके अनुसार 100 अंक के पेपर में 252 अंक दे दिये गये हैं। पीजीटी रिजल्ट प्रकाशन में कई गड़बड़ियां सामने आ चुकी है। हजारों छात्र सरकार से सीबीआई जांच की मांग करते रहे हैं। लेकिन मुख्यमंत्री ने आनन.फानन में नियुक्ति पत्र भी बांट दिया। भाजपा युवाओं के साथ किसी तरह का अन्याय नहीं होने देगी। भाजपा उक्त मामले की सीबीआई जांच करा के पीजीटी नियुक्ति प्रकरण में सीट बेचने वालों को कड़ी सजा दिलायेगी।

बाबूलाल मरांडी ने एक्स पर दूसरे पोस्ट में कहा कि झारखंड में आदिवासी बेटियां कल भी बलात्कार का शिकार बनीं और पिछले 4-5 सालों से अब तक यह सिलसिला राज्य में चलते आ रहा है। रांची जिला के चान्हों प्रखंड में नाबालिग आदिवासी बच्ची के साथ मीमशाद अंसारी ने दुष्कर्म किया। आदिवासी महिलाओं के साथ धर्म विशेष के युवक लगातार दुष्कर्म कर रहे हैं। दुमका, साहिबगंज से लेकर रांची तक ऐसी घृणित घटनाएं सामने आ रही हैं। खुद को आदिवासी मुख्यमंत्री कहने वाले हेमंत सोरेन आज तक कभी भी आदिवासी महिलाओं की दुर्दशा पर अपनी चिंता तक व्यक्त नहीं की।

# मुख्य सचिव ने सभी सचिवों, प्रमंडलीय आयुक्तों व डीसी को लिखा पत्र

### 30 से 15 सितंबर तक चलेगा सरकार आपके द्वार अभियान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार द्वारा आपकी योजना,आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को 30 अगस्त 15 सितंबर तक आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इस बाबत मुख्य सचिव एल खियांग्ते ने राज्य के सभी सचिवों, प्रमंडलीय आयुक्तों व उपायुक्तों को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा है कि पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन कर राज्य सरकार के विभिन्न लोक कल्याकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ शिविर में ही आमजनों को उपलब्ध कराने के लिये आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। प्रयास यह किया जाये कि कोई भी अहर्त्ता प्राप्त व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित नहीं रहे। इस कार्यक्रम के तहत प्रयास यह हो कि आपके जिले की सभी पंचायतों में कम से कम एक शिविर का आयोजन हो सके। इन शिविरों के स्थल, तिथि तथा समय की जानकारी जन प्रतिनिधिगण एवं प्रभारी मंत्री को भी दी जाये।

**शिविरों में क्या-क्या होगा**

शिविरों में आम जनों से विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किया जाये। आवेदनों का त्वरित निष्पादन किया जाये। इस वर्ष फोकस एरिया के अंतर्गत आवेदन पत्र प्राथमिकता के आधार पर लिये जायें। जिन योजनाओं में लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होंगे। उनमें लाभुकों की प्रतीक्षा सूची तैयार कर ली जाय एवं प्राथमिकता के आधार पर उन्हें लाभ प्रदान किया जाये।

**इन योजनाओं पर होगा फोकस**

झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, हरा राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, गुरूजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, जाति-आवासीय-आय प्रमाण पत्र पर फोकस होगा। मुख्य सचिव ने कहा है कि इन फोकस एरिया के अलावा सभी प्रकार की पेंशन योजनायें, आयुष्मान कार्ड का वितरण, सामुदायिक वन पप्ता और व्यक्तिगत वन पप्ता के लिए आवेदन प्राप्त करना, ऑन द स्पॉट परिसंपत्तियों-सरकारी लाभों का वितरण किया जायेगा। मुख्य सचिव ने कहा कि पूर्व में स्कूली बच्चों को जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिये एक अभियान चलाया गया था। इस अभियान में निर्मित अवितरित जाति प्रमाण पत्रों को लेमिनेट करवाकर इन शिविरों में बांटा जायेगा। साईकिल के लिए भी छात्र छात्राओं के बीच चेक का वितरण किया जायेगा और डीबीटी के माध्यम से राशि भेजी जायेगी।

**विशेष शिविर का होगा आयोजन, सीएम जायेंगे :** मुख्य सचिव ने कहा है कि प्रत्येक जिले के किसी निर्धारित तिथि पर एक विशेष शिविर का आयोजन किया जायेगा। जहां सीएम द्वारा लाभान्वितों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जायेगा। परिसंपत्तियों का बंटवारा किया जायेगा तथा योजनाओं का उदघाटन तथा शिलान्यास किया जायेगा। इस कार्यक्रम में मंईयां योजना के लाभुकों के बीच राशि वितरणए चिन्हित परियोजनाओं का उदघाटन-शिलान्यास भी किया जायेगा। आवेदन प्राप्ति तथा स्वीकृति के लिए शिविर में योजनावार अलग-अलग स्टॉल लगाया जायेगा।

## खबर एक नजर में

### मनोज महतो हत्याकांड : नक्सली जेठा कच्छप और सनातन स्वांसी की अपील पर हाईकोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित

**रांची।** खूंटी में मनोज महतो हत्याकांड के सजायाफ्ता पीएलएफआइ का जोनल कमांडर जेठा कच्छप और एक अन्य सजायाफ्ता सनातन स्वासी की सजा के खिलाफ क्रिमिनल अपील की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद इनकी सजा के खिलाफ अपील पर फैसला सुरक्षित रख लिया। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि जेठा कच्छप के खिलाफ कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। यह प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआइ का प्रमुख सदस्य है। बता दें कि 8 अक्टूबर 2011 में खूंटी बाजार में मनोज महतो की हत्या कर दी गई थी। इसे लेकर खूंटी के कर्रा थाने में कांड संख्या 64/ 2011 दर्ज की गई थी। खूंटी की निचली अदालत ने मनोज महतो हत्याकांड में 7 मई 2022 को जेठा कच्छप एवं सनातन स्वांसी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। इसके खिलाफ इन्होंने झारखंड हाई कोर्ट में अपील दायर की है।

### दो सरकारी गवाहों का क्रॉस एग्जामिन करने के मामले में पूर्व मंत्री राजा पीटर की अर्जी को सक्षम बेंच में भेजने का निर्देश

**रांची।** पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड मामले में दो सरकारी गवाहों का क्रॉस एग्जामिन के लिए अनुमति मांगे जाने वाली पूर्व मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर की अर्जी पर झारखंड हाई कोर्ट में आंशिक सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले को सक्षम बेंच में भेजने का निर्देश दिया है। दरअसल, मामले के आरोपी राजा पीटर ने कोर्ट में याचिका दाखिल कर एनआईए की ओर से बनाए गए दो सरकारी गवाह का क्रॉस एग्जामिन करने का आग्रह किया है। मामले की सुनवाई बुधवार हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में हुई। बता दें कि मामले में एनआईए ने करीब 89 गवाहों का बयान दर्ज कराया है। 9 जुलाई 2008 को पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा की हत्या बुंडू के स्कूल में एक कार्यक्रम के दौरान नक्सलियों ने गोली मारकर कर दी थी। मामले में पूर्व मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर, नक्सली कुंदन पाहन समेत कई आरोपी ट्रायल फेस कर रहे है। मामले में राजा पीटर अभी जमानत पर है, उन्हें हाई कोर्ट से जमानत मिली है।

### कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन आज

रांची। एआईसीसी मुख्यालय में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और विपक्ष के नेता राहुल गांधी की सम्मानित अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से अडानी महाघोटाला, देशव्यापी जाति जनगणना और भारत के संविधान अन्तर्गत निहित आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीतिक न्याय के प्रावधानों के वास्तविक सम्मान की आवश्यकता सहित कई गंभीर मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अडानी महाघोटाला, की जांच के लिए बार–बार एक संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का आह्वान किया है, जिसे पहली बार हिंडनबर्ग रिपोर्ट द्वारा उजागर किया गया था। हाल के खुलासों ने वित्तीय बाजार नियामक सेबी के गंभीर समझौते को और उजागर कर दिया है, जिसके लिए तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है। हर दिन, इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर और अधिक खुलासे सामने आ रहे हैं, जो स्थिति की गंभीरता को रेखांकित करते है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि प्रदेश कांग्रेस समितियां आज देश भर में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कार्यालयों के सामने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन आयोजित करेंगी तथा उच्चतम स्तर पर केन्द्र सरकार के जवाबदेही की मांग करेंगी। झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निदेर्शानुसार पूर्वा. 11:30 बजे हिनू रांची (एयरपोर्ट रोड़) स्थिति प्रर्वतन निदेशालय, कार्यालय के समक्ष विरोध प्रर्दशन करेगी। यह जानकारी चेयरमैन मीडिया विभाग सतीश पॉल मुंजनी ने दी।
**आज आयेगें नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश :** प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर एवं नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश 12:15 बजे बिरसा मुण्डा एयरपोर्ट पर आगमन करेंगे। कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया जायेगा। इसके उपरांत ईडी कार्यलय के पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत विरोध प्रर्दशन में शामिल होंगे। कपुर्री ठाकुर चौक हिनू में माल्यार्पण, भगवान बिरसा मुण्डा चौक में माल्यार्पण, नागेश्वर महतो चौक होते हुए वीर बुद्धू भगत अरगोड़ा में माल्र्यापण, हरमू चौक में कार्तिक उरॉव की प्रतिमा पर माल्र्यापण, हातमा में सिद्धू–कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए कांग्रेस भवन पहुंचेगें। अपरा? 02.00 बजे कांग्रेस भवन, रॉची में नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं विधायक दल के नेता डॉ रामेश्वर उरांव का स्वागत सह अभिनंदन किया जायेगा।

### यौन शोषण के दोषी को दस वर्ष कैद की सजा

**रांची।** शादी का झांसा देकर 4 साल तक युवती का शारीरिक शोषण करने के मामले में दोषी करार चंदन साव को अपर न्यायायुक्त अरविंद कुमार नं 2 की अदालत बुधवार को 10 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 15 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। अदालत ने 19 अगस्त को दोषी पाया था। अभियुक्त चतरा जिले के नवाडीह गांव निवासी है। सोशल मीडिया के माध्यम से साल 2016 में अभियुक्त ने युवती से दोस्ती की थी। धीरे–धीरे दोस्ती प्यार में बदल गया। वह युवती से मिलने चतरा से रांची आने लगा और शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाया। वह अपने मित्र के घर कई बार शारीरिक शोषण किया। जब शादी की बात युवती करती थी, तब वह कोई न कोई बहाना बनाकर टाल देता था। उसकी नियत पर शक होने पर साल 2020 में महिला थाना रांची में चंदन साव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

### कोर्ट का आदेश नहीं मानने पर दो हजार जुर्माना लगा

**रांची।** अदालत का आदेश का अनुपालन नहीं कर याचिकाकर्ता रंजीत कुमार उर्फ रंजीत कुमार केशरी उर्फ रंजीत साहू पर दो हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माने की राशि जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची को भुगतान करने को कहा गया है। यह जुर्माना तय समय पर कोर्ट में सरेंडर नहीं करने और अतिरिक्त समय मांगने पर न्याायुक्त दिवाकर पांडे की अदालत ने लगाया है। अदालत ने याचिकाकर्ता रंजीत साहू को बीते 25 जुलाई को अग्रिम जमानत की सुविधा प्रदान की थी। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को संबंधित कोर्ट में दो सप्ताह के अंदर सरेंडर करने का निर्देश दिया था। लेकिन, दो सप्ताह बाद भी सरेंडर नहीं किया। याचिकाकर्ता के वकील अविनाश कुमार पांडे ने सरेंडर करने के लिये और समय की मांग करते हुये याचिका दाखिल की थी। इसमें कहा गया था कि जमानतदार की व्यवस्था न होने और सरेंडर की तारीख के बारे में जानकारी के अभाव के कारण आदेश का पालन नहीं कर सका। अदालत ने सुनवाई प›ात अंतिम अवसर देते हुये 2 हजार रुपये के भुगतान की शर्त पर सात दिनों के अंदर न्यायालय के समक्ष सरेंडर करने का निर्देश दिया। याचिकाकर्ता के खिलाफ राजीव रंजन नामक व्यक्ति ने धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुये साल 2021 में कोर्ट केस किया है।

### मादक पदार्थ तस्कर को दस वर्ष कैद की सजा

**रांची।** प्रधान न्यायायुक्त सह एनडीपीएस मामले के विशेष न्यायाधीश दिवाकर पांडे की अदालत ने मादक पदार्थ तस्करी मामले में दोषी करार दुखहरण साहू को 10 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही, उस पर दो लाख 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना नहीं भरने पर उसे 2 साल 4 महीने अतिरिक्त जेल काटनी होगी। अभियुक्त चान्हो थाना क्षेत्र के चोरेया गांव निवासी है। वहीं, मामले के एक आरोपी सबीर अंसारी को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। चान्हो पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 11 मार्च 2023 को छापेमारी कर अभियुक्त के पास से 2 किलो गांजा, 40 पीस कफ सीरफ एवं 14 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद किया गया था। घटना को लेकर चान्हो के तत्कालीन थाना प्रभारी रंजय कुमार ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले में सुनवाई के दौरान पीपी अनिल कुमार सिंह ने अदालत के समक्ष 7 गवाहों को प्रस्तुत किया गया था। वहीं अभियुक्त का बचाव में अधिवक्ता एसपी अग्रवाल ने कोर्ट में बहस की थी। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि मादक पदार्थ तस्करी समाज पर विपरीत प्रभाव डाल रहा है। इससे युवाओं का भविष्य खराब हो रहा है।

सुप्रभात

रांची, गुरुवार

22.08.2024

* * नगर संस्करण। पेज :12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net भादो, कृष्ण पक्ष, तृतीया, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 43




12 फिल्म रेस-4 में काम करेंगे सैफ अली खान

## न्यूज डायरी

### राज्य मंत्रिमंडल की बैठक 29 अगस्त को

रांची। झारखंड मंत्रिमंडल की बैठक 29 अगस्त को अपराह्न 4 बजे से झारखंड मंत्रालय स्थित मंत्रिमंडल कक्ष में होगी। यह जानकारी मंत्रिमंडल समन्वय विभाग ने दी है।

### सरकारी शराब दुकान से 12 लाख की चोरी

पलामू। जिले के छत्तरपुर थाना से कुछ ही दूरी पर स्थित सरकारी शराब दुकान से 12 लाख की चोरी का मामला सामने आया है। चोरों ने दुकान से 9.50 लाख की शराब एवं ढाई लाख नगद चोरी कर ली। घटना को तीन चोरों ने अंजाम दिया। उनकी तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। घटना की जानकारी के बाद दुकान संचालक ने मामला दर्ज कराया है।

### सीएम आज पलामू में देंगे योजनाओं का लाभ

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य के पांच प्रमंडलों की पात्र महिलाओं को मंइयां सम्मान योजना का लाभ देंगे। इसका कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इसके तहत 22 अगस्त को पलामू प्रमंडल के मेदिनीनगर में और 23 अगस्त को उत्तरी छोटानागपुर के हजारीबाग में महिलाओं को मंइयां सम्मान योजना का लाभ मिलेगा।

### किसान 31 अगस्त तक करा सकेंगे फसल बीमा

रांची। राज्य के किसानों का बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत खरीफ फसल-2024 के लिए फसल बीमा कराया जा रहा है। इसका लाभ लेने को सभी जिलों में सूचना जारी की जा रही है। बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 अगस्त तक है। इसका लाभ लेने को इच्छुक किसान प्रज्ञा केन्द्र जा सकते हैं।

### पीजीटी-2023 रिजल्ट की सीबीआई जांच हो : बाउरी

रांची। पीजीटी-2023 के रिजल्ट में गडबड़ी की शिकायत सामने आने के बाद नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने पूरे मामले की सीबीआई जांच की मांग की है। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की वेबसाइट पर जारी अंक पत्र से गड़बड़ी की पुष्टि हुई है। बता दें कि 100 अंकों के पेपर में कैंडिडेट को 252 नंबर दे दिए गए हैं। वहीं 78 प्रश्नों के सही उत्तर देने वाले को 156 की जगह 88.23 अंक दिए गए हैं। इसे लेकर बवाल शुरू है। वहीं भाजपा के प्रदेश के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी इस मामले में राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा किया है।

### झारखंड टेट के लिए अब 26 अगस्त तक आवेदन

रांची। झारखंड एकेडेमिक काउंसिल (जैक) ने टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट (टेट) परीक्षा के लिए आवेदन जमा करने की तिथि बढ़ा दी है। अब उम्मीदवार 26 अगस्त तक आवेदन जमा कर सकते हैं। पहले टेट परीक्षा के लिये आवेदन भरने की अंतिम तिथि 22 अगस्त निर्धारित थी, लेकिन सर्वर में आयी खराबी के कारण जैक ने आवेदन भरने की लास्ट डेट को बढ़ाने का फैसला लिया। अब तक इस परीक्षा के लिए लगभग साढ़े तीन लाख अभ्यर्थी आवेदन दे चुके हैं।

दलित और आदिवासी संगठनों के भारत बंद का कई राज्यों में व्यापक असर

# बंद समर्थकों ने सड़क-रेल सेवा को किया बाधित, कई जिलों में उत्पात

खबर मन्त्र ब्यूरो

- रांची-पटना मुख्य मार्ग एनएच-20 पर आवागमन पूरी तरह बाधित रहा
- रामगढ़ में बंद समर्थकों ने सड़कों को पूरी तरह जाम कर दिया
- देवघर जिले के मधुपुर में भारत बंद के दौरान उपद्रवियों ने ट्रेनें रोक दी
- कोडरमा, पाकुड़, पलामू, गिरिडीह और मधुपुर में बंद पूरी तरह असरदार



रांची। अनुसूचित जाति और जनजातियों के आरक्षण में क्रीमी लेयर को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ दलित और आदिवासी संगठनों की ओर से 21 अगस्त को बुलाया गया भारत बंद का पूरे देशभर में मिलाजुला असर देखने को मिला। इस बंद का कई राज्यों में व्यापक असर देखने को मिला। झारखंड और बिहार में कई सेवाएं प्रभावित हुईं। राजधानी रांची में मिलाजुला असर रहा। रांची में सुबह में बंद समर्थक सड़कों पर उतरे और खुली दुकानों को बंद कराया। बंद समर्थकों ने हरमू रोड को कुछ देर तक जाम कर दिया। पुलिस प्रशासन के हस्तक्षेप से जाम हटाया गया। वहीं, लंबी दूरी की बसें नहीं खुलीं और वहीं सामान्य वाहनों का परिचालन छिटपुट रहा। बंद के दौरान इमरजेंसी सेवा को बहाल रखा गया।

**अलग-अलग दलों के नेताओं ने किया प्रदर्शन :** अलग-अलग दलों और संगठनों से जुड़े नेताओं व लोगों का समूह बारी-बारी से झंडे बैनर के साथ सड़क पर उतरा। राज्य के कई इलाकों में सड़क और रेल सेवा को भी बंद समर्थकों ने बाधित किया। बंद समर्थकों ने कोडरमा, पाकुड़, पलामू, गिरिडीह, मधुपुर में जमकर उत्पात मचाया। भारत बंद का कोडरमा जिले में विपक्षी पार्टियों ने समर्थन किया। विपक्षी पार्टी के नेता, भीम आर्मी और एससी एसटी मोर्चा के लोगों ने सड़क पर उतरकर दुकानें, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को पहले बंद कराया, उसके बाद रांची-पटना मुख्य मार्ग एनएच-20 पर आवागमन को पूरी तरह बाधित कर दिया। रामगढ़ में भारत बंद के दौरान बंद समर्थकों ने सड़क जाम कर दिया। मधुपुर में ट्रेनें रोक दी गयीं।

इधर, राजधानी रांची में सिटी एसपी राजकुमार मेहता के नेतृत्व में सुरक्षा का पुख्ता प्रबंध किया गया था। कई जगहों पर बंद समर्थकों के साथ पुलिस की झड़प भी हुई।

### क्या है सर्वोच्च न्यायालय का फैसला

एक अगस्त 2024 को सर्वोच्च न्यायालय सुप्रीम की सात सदस्यीय संविधान पीठ ने वर्ष 2004 में ईवी चिन्नैया केस में दिए गए सर्वोच्च न्यायालय के ही फैसले को पलटते हुए कहा था कि राज्यों को अनुसूचित जाति-जनजाति वर्गों में उपवर्गीकरण का अधिकार है। सुनवाई के दौरान जस्टिस बी. आर. गवई समेत चार न्यायाधीशों ने यह भी कहा था कि एसटी/एसटी आरक्षण में भी क्रीमीलेयर का सिद्धांत लागू होना चाहिए। एक न्यायाधीश ने आरक्षण को एक जेनरेशन तक सीमित रखने का मत दिया था। सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सात जजों की बेंच में से छह ने एकमत से दिए फैसले में सुप्रीम कोर्ट के 2004 के ईवी चिन्नैया केस में दिए फैसले को पलट दिया। वर्ष 2004 के फैसले में देश की सर्वोच्च अदालत ने कहा था कि राज्यों को अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग में उप वर्गीकरण की इजाजत नहीं दी जा सकती है।

### झामुमो का शांतिपूर्ण विरोध

भारत बंद को पूर्ण समर्थन देने हेतु झामुमो केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार झामुमो रांची जिला समिति ने अलबर्ट एक्का चौक से जुलूस निकालकर पुराना हाई कोर्ट डोरंडा स्थित बाबासाहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा के निकट शांतिपूर्वक अपना विरोध जताया।

### शीर्ष कोर्ट विचार करे: राजद

बंद के दौरान राजद नेताओं ने कहा कि आज भी देश में 80 करोड़ लोग पांच किलोग्राम अनाज पर निर्भर हैं। ऐसे में आरक्षण कोटा में कोटा तय कर क्रीमीलेयर लागू करने की बात बिल्कुल अनुचित है। सुप्रीम कोर्ट को अपने निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए।

### निर्णय स्वीकार नहीं : सीपीआई

एसटी, एससी आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट के दिए गये फैसले पर सीपीआई झारखंड राज्य परिषद की के जिला सचिव अजय सिंह ने कहा है कि केंद्र एससी, एसटी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का उपयोग करना बंद करे। सुप्रीम कोर्ट का निर्णय समाज को कतई स्वीकार नहीं है।

## रांची के पूर्व उपायुक्त छविरंजन को हाई कोर्ट से मिली जमानत

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। बरियातू के चेशायर होम रोड स्थित जमीन की अवैध तरीके से खरीद बिक्री मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की ओर से दायर जमानत याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट ने फैसला सुना दिया है। अदालत ने उनकी जमानत याचिका स्वीकार कर उन्हें जमानत प्रदान की। पूर्व में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था। दरअसल, चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन गड़बड़ी मामले मे ईडी ने मामला दर्ज किया है। मामले में छवि रंजन, प्रेम प्रकाश, अमित कुमार अग्रवाल सहित 10 आरोपियों के खिलाफ ईडी ने अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया है।

## सरयू राय जमशेदपुर पूर्वी से होंगे एनडीए के प्रत्याशी

झारखंड जदयू के प्रभारी अशोक चौधरी ने की घोषणा

खबर मन्त्र ब्यूरो



जमशेदपुर। झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज हो गयी है। एनडीए गठबंधन में सहयोगी जदयू ने घोषणा कर दी है कि जमशेदपुर पूर्वी से पूर्व मंत्री सरयू राय एनडीए के उम्मीदवार होंगे। बिहार सरकार के मंत्री सह झारखंड जदयू के प्रभारी अशोक चौधरी ने बुधवार को जमशेदपुर के माइकल जॉन ऑडिटोरियम में जदयू मिलन समारोह में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि झारखंड विस चुनाव में जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र से सरयू राय एनडीए के उम्मीदवार होंगे। पिछले विधानसभा चुनाव में जितने वोटों से सरयू राय निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जीत दर्ज की थी उससे डबल वोटों से जिताने का संकल्प कार्यकर्ताओं ने लिया है।

झारखंड विधानसभा चुनाव में जदयू कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगा, के सवाल पर मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि चुनाव एनडीए के बैनर तले लड़ा जायेगा। समय आने पर तय होगा कि चुनाव कितने सीटों पर लड़ा जायेगा। अशोक चौधरी ने कहा कि विधानसभा चुनाव में पूरे झारखंड में एनडीए का परचम लहरायेगा। झामुमो और कांग्रेस पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि जो कमजोर होते हैं वही लोग भीतरी-बाहरी का राग अलापते हैं लेकिन इस बार चुनाव में साफ हो जायेगा कौन भीतरी है कौन बाहरी है।

## कोलकाता रेप-मर्डर केस: दो एसीपी समेत तीन पुलिस अधिकारी सस्पेंड

सीआइएसएफ ने संभाली अस्पताल की सुरक्षा

- पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष के खिलाफ कार्यकाल के दौरान वित्तीय अनियमितता बरतने का आरोप, कलकत्ता हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर इडी से जांच कराने की मांग

कोलकाता। ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर केस में पश्चिम बंगाल सरकार ने बुधवार को 2 असिस्टेंट पुलिस कमिश्नर समेत 3 अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया। आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 15 अगस्त को देर रात हजारों की भीड़ ने तोड़फोड़ की थी। यह कार्रवाई उसी मामले में की गई है।

इधर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद आरजी कर मेडिकल कॉलेज की सुरक्षा सीआइएसएफ ने अपने हाथ में ले ली है।

वहीं अस्पताल के पूर्व डिप्टी सुपरिंटेंडेंट अख्तर अली ने पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष के खिलाफ कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। अली ने संदीप घोष पर कार्यकाल के दौरान वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाया है और इडी से जांच कराने की मांग की है। इस मामले में राज्य सरकार कल सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देगी।



**कलकत्ता हाई कोर्ट में 4 सितंबर को होगी सुनवाई :** रेप-मर्डर केस में बुधवार को कलकत्ता हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि राज्य सरकार ने पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष की जांच के लिए एसआईटी बनाई है, यह उन्हें बचाने के लिए एक दिखावा है। हालांकि कोर्ट ने कहा, हम इस मामले को अब 4 सितंबर को सुनेंगे। उधर बंगाल सरकार ने मामले से जुड़ी रिपोर्ट कोर्ट में पेश करने की बात कही। इस पर चीफ जस्टिस टीएस शिवगनम ने कहा कि मामला अब सुप्रीम कोर्ट में है। रिपोर्ट अपने पास रखिए इसे सुप्रीम कोर्ट में दिखाइए।

## टीपीसी दस्ते के तीन उग्रवादी गिरफ्तार

रांची। रांची पुलिस ने टीपीसी कमांडर दिवाकर गंझू के दस्ते के तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी चंदन सिन्हा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए बड़कागांव निवासी प्रकाश गंझू, हजारीबाग निवासी राहुल लहरी और रांची निवासी मोनू कुमार बड़ाईक को गिरफ्तार किया है। बुधवार को ग्रामीण एसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से एक देसी कार्बाइन, 13 जिंदा गोली, एक बाइक, राउटर और चार मोबाइल फोन बरामद हुआ है। गिरफ्तार उग्रवादियों पर अलग-अलग थाने में दर्जनों मामले दर्ज हैं।

**घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे :** पुलिस ने बताया कि को मंगलवार रात दामोदर नदी के किनारे बड़कागांव, केरेडारी और बुढ़मू थाना की सीमा पर स्थित ग्राम छापर में टीपीसी उग्रवादी लेवी वसूलने और किसी बड़ी घटना का अंजाम देने की योजना बना रहे थे। डीएसपी खलारी के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया, जिसमें पुलिस ने घेराबंदी कर तीन उग्रवादियों को पकड़ लिया।

# समर्थकों का मिला साथ, चंपई सोरेन अपना संगठन बनायेंगे

राजनीति से संन्यास नहीं लेंगे पूर्व सीएम चंपई दा



खबर मन्त्र संवाददाता

सरायकेला। पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने अलग संगठन बनाने की घोषणा कर दी है। सरायकेला में बुधवार को अपने गांव और अपने चहेतों के बीच उन्होंने यह इरादा जाहिर की। पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने यह भी साफ कर दिया कि वे राजनीति से संन्यास नहीं लेंगे। उन्होंने कहा कि वह अलग पार्टी बनाएंगे। यदि आदिवासियों और दलितों के हित की बात करने वाला कोई साथी मिलेगा, तो उनके साथ आगे बढ़ेंगे। इस दौरान समर्थकों ने चंपई सोरेन के समर्थन में जमकर नारेबाजी की और कहा-दादा आप आगे बढ़ें, हम आपके साथ हैं। चंपई सोरेन आगे बढ़ें, हम आपके साथ हैं। झारखंड टाईगर जिंदाबाद के नारे भी लोगों ने लगाए।

चंपई ने समर्थकों के बीच कहा कि आप सबों का साथ मुझे मिलेगा, इसका भरोसा हो गया है। हम आगे बढ़ेंगे। बरसों से जो लोग अपने हक, अधिकार के लिए अछूते हैं, उन्हें हक दिलाएंगे।

बता दें कि कोलकाता से लौटने के बाद बुधवार को उन्होंने सरायकेला-खरसावां में पैतृक गांव जिलिंगगोड़ा में लोगों के बीच सभा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 5000 से अधिक लोगों के साथ बातचीत के बाद यह फैसला लिया है।

## एस्कॉर्ट वाहन दुर्घटनाग्रस्त एक की मौत, पांच घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

सरायकेला। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन का एस्कॉर्ट वाहन (संख्या जेएच 22अ/1084) दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे एक सुरक्षाकर्मी की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। बताया जाता है कि सरायकेला-खरसावां जिले के जिलिंगगोड़ा में मंगलवार देर रात करीब दो बजे पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को छोड़ने के बाद एस्कॉर्ट वाहन लौट रहा था। इसी दौरान सरायकेला-कांड्रा मुख्यमार्ग पर मुड़िया के पास अज्ञात वाहन से टकरा गया। सूचना मिलने के बाद अधिकारी और पुलिस की टीम वहां पहुंची। दुर्घटना में घायल सभी लोगों को सदर अस्पताल ले जाया गया। दुर्घटना में मृतक का नाम विनय बानसिंह है।

## नेवी की टीम लापता विमान को तलाशेगी



तलाश करती एनडीआरएफ

चांडिल। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की पहल पर अब जमशेदपुर में लापता ट्रेनी विमान को नेवी की टीम ढूंढेगी। एनडीआरएफ की टीम बुधवार सुबह से ही खोजबीन में लगी रही, लेकिन वह प्लेन को डिटेक्ट नहीं कर पायी। जानकारी के अनुसार चांडिल डैम काफी गहरा है, इसलिए नेवी की टीम को बुलाया गया है। गहरे पानी में विमान को ट्रेस करने के लिए सोनार सिस्टम की जरूरत पड़ेगी। यह काम नेवी के सहयोग के बिना संभव नहीं है। जरूरत पड़ने पर नेवी के गोताखोर पानी के भीतर भी जा सकते हैं। इसलिए नेवी को बुलाया गया है। दरअसल, 20 अगस्त की सुबह सोनारी एयरपोर्ट से उड़ान भरने के करीब 50 मिनट बाद ही विमान लापता हो गया था।


गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 67300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 86000 रु./प्रति किलो |





23 अगस्त को चंद्रमा के दक्षिणी हिस्से पर चंद्रयान-3 को उतारकर रचा था इतिहास

# भारत कल मनायेगा अपना पहला अंतरिक्ष दिवस

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश में पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस 23 अगस्त को मनाया जायेगा। इस वर्ष के उत्सव का विषय चंद्रमा को छूते हुए जीवन को छूना : भारत की अंतरिक्ष गाथा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को नयी दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित मुख्य समारोह का उद्घाटन करेंगी। इधर अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले वर्ष 23 अगस्त को चंद्रयान-3 मिशन के दौरान चंद्रमा की सतह पर विक्रम लैंडर की सुरक्षित और सॉफ्ट लैंडिंग हुई थी। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही भारत, चंद्रमा पर उतरने वाला चौथा और चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र के पास उतरने वाला पहला देश बन गया था।





### अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में 5 गुना वृद्धि का लक्ष्य

केंद्रीय मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा कि हमने कार्यक्रम को भविष्य की दृष्टि से अकादमिक दृष्टिकोण देने का प्रयास किया है। यह नागरिकों को अंतरिक्ष क्षेत्र में उपलब्धियों से अवगत कराने का भी अवसर है। एक तरह से यह ऐसा अवसर है जो हर नागरिक के दिल को छूता है। नयी नीति आने और अंतरिक्ष क्षेत्र के उदारीकरण के साथ, हमने पिछले 3-4 वर्षों में इस क्षेत्र में लंबी छलांग लगायी है। जैसा कि वित्त मंत्री ने बजट में घोषणा की है, हम अगले 10 वर्षों में अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में 5 गुना वृद्धि करेंगे।

### चंद्रयान 4 और 5 की डिजाइन तैयार

- अगले 5 वर्षों में 70 सैटेलाइट लॉन्च करने की संभावना, केंद्र सरकार से मंजूरी लेने की प्रक्रिया जारी



नयी दिल्ली। चंद्रयान-3 की सफलता के बाद अब इसरो चंद्रयान 4 और 5 की तैयारी कर रहा है। इसरो प्रमुख डॉ. एस. सोमनाथ ने कहा कि अंतरिक्ष एजेंसी ने अगले चरण के मून मिशन के लिए डिजाइन तैयार कर लिया है। इसके लिए सरकार से मंजूरी लेने की प्रक्रिया चल रही है। इसमें चंद्रयान-4 मिशन में चांद की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग के बाद चंद्रमा के पत्थरों और मिट्टी को पृथ्वी पर लाना, चंद्रमा से एक अंतरिक्ष यान को लॉन्च करना, चंद्रमा की कक्षा में अंतरिक्ष डॉकिंग प्रयोग का प्रदर्शन करना और नमूनों को पृथ्वी पर वापस लाना है। सोमनाथ ने बताया कि अगले 5 वर्षों में 70 सैटेलाइट लॉन्च करने की इसरो की योजना है।

## टंडवा के युवा नेता सुनील घांसी भाजपा में शामिल



खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के टंडवा निवासी युवा नेता सह समाजसेवी सुनील कुमार घांसी ने चतरा सांसद कालीचरण सिंह के आवास में शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान श्री सिंह ने सुनील घासी को सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता दिलायी। मौके पर युवा नेता सुनील कुमार घांसी ने कहा कि सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में कई समस्याएं हैं जिसका निदान जरूरी है। उन्होंने कहा कि वे भाजपा के लिए निष्ठावन रहेंगे। कार्यक्रम के बाद सुनील घांसी ने पत्रकारों को बताया कि इस क्षेत्र में जनता के प्रति वे ईमानदार रहेंगे और उनके लिए हमेशा उपलब्ध रहेंगे। श्री घांसी ने दावा किया कि सिमरिया विधानसभा से हर हाल में भाजपा के प्रत्याशी जीत दर्ज करेंगे।

सुप्रभात

गुरुवार 22.08.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 124

epaper.khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ



स्पीड न्यूज

### घर के सामने से मोटरसाइकिल चोरी

**मैथन।** निरसा थाना क्षेत्र के टेलीफोन एक्सचेंज के समीप शाहिद अंसारी की हीरो ग्लैमर मोटरसाइकिल चोरों ने बुधवार को उनके घर के सामने से उड़ा ली। इस संबंध में भुक्तभोगी ने निरसा थाना में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि बुधवार की दोपहर वह अपनी बाइक (जेएच 10 बीजेड 5267) घर के सामने खड़ी कर अंदर गया। थोड़ी देर बाद बाहर आया तो देखा कि बाइक गायब है। उन्होंने काफी खोजबीन की, परंतु बाइक नहीं मिली। उसने बाइक चोरी की शिकायत थाना में की है।

### उपेन्द्र हत्याकांड में बंटी, गोडविन की जमानत

**धनबाद।** रिकवरी एजेंट उपेंद्र सिंह की हत्या करवाने के नामजद आरोपी गैंग्स ऑफ वासेपुर के बंटी खान एवं गॉडविन खान की नियमित जमानत याचिका पर सुनवाई बुधवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह की अदालत में हुई। बचाव पक्ष से अधिवक्ता उदय कुमार भट्ट ने बहस की। वहीं लोक अभियोजक अवधेश कुमार ने पुलिस से पूरक केस डायरी मांगने का आग्रह किया। अदालत ने उभय पक्षों की दलीलें सुनने के बाद पुलिस को केस डायरी सौपने का निर्देश दिया है। बताते चलें कि ट्रायल कोर्ट ने 31 जुलाई 2024 को दोनो की जमानत याचिका खारिज कर दी थी ।एक फरवरी 2023 को पीके राय मेमोरियल कॉलेज के पास अपराधियों द्वारा गोली मारकर कर उपेंद्र सिंह की हत्या की गई थी।

### मटकुरिया गोलीकांड में गवाह मुकरा

**धनबाद ।** मटकुरिया गोलीकांड की सुनवाई बुधवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत में हुई। सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से सहायक लोक अभियोजक उमेश दीक्षित ने गवाह युगल किशोर रिटोलिया का बयान दर्ज कराया। अभियोजन ने अब तक 30 गवाहों का मुख्य परीक्षण कराया है। गवाह ने अदालत को दिए बयान में घटना का समर्थन नहीं किया। अदालत ने सहायक लोक अभियोजक को गवाह पेश करने का आदेश दिया है। सुनवाई के दौरान आरोपी पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक, व अन्य हाजिर नहीं थे। बताते चलें कि 27 अप्रैल 2011 को मटकुरिया में बीसीसीएल के आवासों को अतिक्रमण से मुक्त कराने गये पुलिस बल के साथ आंदोलनकारियों की हिंसक झड़प हुई थी। घटना में तत्कालीन एसपी आर .के धान जख्मी हो गए थे।

### निरसा चैंबर के सदस्यों ने सीओ व बीडीओ से की मुलाकात

**मैथन।** निरसा चैंबर ऑफ कॉमर्स का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को अध्यक्ष शिवकुमार अग्रवाल के नेतृत्व में निरसा के नये सीओ रमेश रविदास से मिला और उन्हें पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर उनका अभिनंदन किया। निरसा बाजार में आये दिन जाम की समस्या से उन्हें अवगत कराते हुए समाधान की मांग की। सीओ ने चेंबर और पुलिस पदाधिकारी के साथ मिलकर इस समस्या के निदान के लिए उचित कदम उठाने का आश्वासन दिया। चैंबर की टीम ने वर्तमान निरसा बीडीओ इंद्रलाल ओहदार से भी मुलाकात की और उन्हें भी जाम की समस्या से अवगत कराया मौके पर चेंबर के सचिव राहुल गोयल, कोषाध्यक्ष दिलीप मिश्रा, सोनू साव, हाशिम अंसारी, सुखेंदु दत्ता, श्याम बिहारी, शम्स आलम, तेज प्रकाश खेड़िया, कमल खेड़िया, पप्पू बर्मन, स्वरूप चक्रवर्ती, सनातन दे मौजूद थे।

# भारत बंद का कोयलांचल में रहा मिलाजुला असर

**एससी-एसटी आरक्षण में वर्गीकरण का विरोध, समर्थक उतरे सड़कों पर**



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति के आरक्षण में वर्गीकरण को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरोध में बुधवार को भारत बंद का कोयलांचल में मिला जुला असर रहा। आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति और बसपा के कार्यकर्ता सुबह 6 बजे से ही सड़कों पर नजर आए।

बंद समर्थकों ने शहर के बस डीपो और रेलवे स्टेशन पर धावा बोला। संचालकों को बस बंद करने की बात कही। यात्रियों को बसों से उतरने को भी कहा गया। उसके बाद समर्थक धनबाद रेलवे स्टेशन गए और ट्रेनों को बंद कराने की कोशिश की। परंतु रेलवे सुरक्षा बालों के कड़े पहरे के कारण सफल नहीं हो सके। बंद समर्थक रणधीर वर्मा चौक पहुंचे, जहां झामुमो, कांग्रेस के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। टायर जलाकर विरोध दर्ज किया गया। बैरिकेडिंग कर सड़कों को अवरुद्ध कर दिया। समर्थकों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जम कर नारेबाजी की। जय भीम, लड़ के लेंगे आरक्षण, छीन के लेंगे आरक्षण आदि नारे लगाए गए। सड़क पर आने जाने वाले लोगों को पोस्टर बैनर से घेर कर रोका गया। इस दौरान कई जरूरतमंद लोगों को परेशानी का भी सामना करना पड़ा। चूंकि बंद में सरकार का भी समर्थन था, इसलिए पुलिस मूक दर्शक बनी रही। हालाकि दोपहर 1 बजे के बाद आंदोलन फीका पड़ने लगा। सड़कों पर आवाजाही बढ़ गई। सभी निजी स्कूलों को बंद रखा गया। बाजार में कुछ दुकानें खुली मिली तो कुछ ने तोड़ फोड़ के डर से बंद रखी। जीटी रोड पर बंद का असर नहीं दिखा। दिनभर वाहनों की आवाजाही होती रही।

## आरक्षण विरोधी है भाजपा : सुमन दास

बसपा नेता सुमन दास ने बताया कि भाजपा सरकार शुरू से दलित विरोधी, संविधान विरोधी और आरक्षण विरोधी रही है। इस बार सरकार सुप्रीम कोर्ट की आड़ लेकर दलित का आरक्षण खत्म करना चाहती है। इसलिए हमलोग आज सड़क पर हैं। यह सरकार दलित आरक्षण का वर्गीकरण करेगी। दलितों को आपस में लड़वाएगी। हमलोग ऐसा नहीं होने देंगे। सरकार नहीं चेती तो अगली बार सदन में भी हल्ला बोलेंगे। कांग्रेस नेता अभिजीत राज ने कहा कि भाजपा, संविधान विरोधी होने के कारण ही अभी कुछ महीना पहले हारते हारते बची है। उसके बाद भी ये लोग नहीं सुधर रहे हैं। जिस बाबा साहेब ने संविधान के जरिए समाज में सबको जीने का हक दिया था, उसे ये लोग खत्म करना चाहते हैं। सुप्रीम कोर्ट को गुमराह कर एसटी/ एससी आरक्षण का वर्गीकरण करना चाहते हैं। लेकिन इस बार कोई मनमानी नहीं चलने वाली है। पूरा इंडिया गठबंधन एकजुट है। उनके मंसूबे को कामयाब नहीं होने देंगे।



## भारत बंद का भूली क्षेत्र में व्यापक असर

**भूली।** आरक्षण के मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय के फैसले के विरोध में भारत बंद का कई राजनीतिक दलों ने समर्थन किया और सड़कों पर उतर कर आक्रोश व्यक्त किया। भूली क्षेत्र में झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतर कर दुकानें बंद कराई और यातायात सेवा को पूरी तरह बंद करा दिया। झारखंड मुक्ति मोर्चा के बौद्धिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष राजू हाड़ी ने कहा कि भूली क्षेत्र में भारत बंद का व्यापक असर है। दुकानें स्वत बंद थी। कुछ दुकानों को आग्रह कर के बंद कराया गया। यातायात सेवा प्रभावित हुई है। उच्चतम न्यायालय ने आरक्षण को लेकर जो फैसला दिया है, वह समाज को तोड़ने और सामाजिक समरसता को भंग करने वाला है। इसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं करेंगे। कांग्रेस पार्टी के ओ बी सी विभाग के भूली नगर अध्यक्ष अरुण कुमार मंडल ने कहा कि भारत बंद सफल रहा है। भूली में इसका असर दिखा। बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर के विचारो सिद्धांतो के खिलाफ आरक्षण की नीति का पुरजोर विरोध करते हैं।बंद कराने वालों में राजु हाड़ी, सुनील पासवान, ब्रजेश सिंह,नरेश पासवान, अरुण कुमार मंडल, अजय कुमार चौधरी, छोटू राम, वीरेंद्र पासवान,मन्नू हाड़ी, बिजेंदर भारती, वीरू पासवान सिद्धार्थ कुमार, गुड्डूआर्य, बृजेश कुमार, अरुण पासवान आदि शामिल थे।

### भारत बंद का निरसा में नहीं दिखा असर

**मैथन।** एससी एसटी आरक्षण में उपवर्गीकरण के खिलाफ विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा आहुत भारत बंद का निरसा, मैथन, कुमारधुबी, चिरकुंडा आदि क्षेत्रों में कोई असर देखने को नहीं मिला। क्षेत्र में पूर्व की भांति वाहनों का आवागमन लगा रहा, प्रतिष्ठान चालू रहे तथा दुकानें खुली रही। कोलियारियों में भी बंद का कोई असर नहीं दिखा। ईसीएल के सेंट्रल पुल रेलवे साइडिंग में पूर्व की भांति काम हुआ। सरकारी कार्यालय, स्कूल, बैंक आदि खुले रहे। निरसा क्षेत्र में किसीं भी सामाजिक एवं राजनीतिक दल के लोग बंद के समर्थन में सड़क पर नहीं उतरे। जनजीवन आम दिनों की तरह सामान्य रहा।

## बस्ताकोला में भारत बंद असरदार घंटों सड़क जाम, लोगों को परेशानी



**धनबाद।** भारत बंद का खासा असर बस्ताकोला अम्बेडकर चौक पर देखने को मिला। बंद समर्थक सुबह नौ बजे अम्बेडकर चौक पर पहुंचे और झरिया धनबाद मुख्य मार्ग को बांस बल्ली लगा कर जाम कर दिया। आरक्षण में क्रीमी लेयर के वर्गीकरण के आदेश को वापस लेने की मांग करते हुए जमकर नारेबाजी की। झरिया थाना पुलिस दलबल के साथ मौजूद थी। झरिया सीओ, झरिया थाना इंस्पेक्टर लगभग दो दर्जन बंद समर्थकों को हिरासत में लेकर थाना ले गए। मौके पर पार्षद प्रतिनिधि शिवदत्त कुमार पार्षद निरंजन कुमार कांग्रेसी नेता महेंद्र पासवान, शमशेर आलम, नवल पासवान, प्रेम बच्चन दास, मुद्रिका पासवान, पारस यादव, सोहराब अंसारी, मुनीलाल चौहान, विनोद पासवान, गणेश निषाद, शाहिद सहित भारी संख्या में बंद समर्थक मौजूद थे।

## भाजपा कर रही एससी-एसटी कानून को समाप्त करने की साजिश : अमितेश



**धनबाद।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की केंद्रीय कार्यकारणी के सदस्य अमितेश सहाय ने कहा है कि भाजपा एससी–एसटी कानून को षड्यंत्र कर समाप्त करना चाह रही है, जिससे देश की आम जनता में काफी आक्रोश है। उन्होंने आज यहां कहा कि भाजपा देश की संविधान के साथ पूरी तरह छेड़छाड़ करने पर तुली है। झामुमो भाजपा की इस चाल को कभी सफल होने नहीं देगी। झामुमो जनहित को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करता रहेगा। झारखण्ड में भी भाजपा ने अनेकबार षड्यंत्र कर लोकप्रिय हेमंत सोरेन की सरकार को अपदस्थ करने का कुप्रयास किया, पर नाकाम रही। आने वाले चुनाव में भाजपा को जनता सबक सिखाएगी। झामुमो भारत बंद में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए सड़को में उतरा है।

# झामुमो-राजद सहित कई पार्टियों ने किया सड़क जाम



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोविंदपुर।** जिप सदस्य व झामुमो नेत्री लक्ष्मी मुर्मू के नेतृत्व में फकीरडीह चौक पर सड़क जाम किया गया। 2 घंटे के बाद पुलिस ने जाम हटा दिया। यहां झामुमो नेता धरनीधर मंडल, पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश टुडू, 20 सूत्री अध्यक्ष अख्तर अंसारी, जिला संगठन सचिव एजाज अहमद, प्रखंड उपाध्यक्ष इमरान अंसारी, माथुर अंसारी, इरफान अंसारी, धनेश्वर मुर्मू, रविलाल हेंब्रम, अशोक मंडल, शिपू, षष्ठी चरण मंडल, खुर्शीद, जमील, बोदी लाल मरांडी आदि मौजूद थे। जंगलपुर मोड़ में जिला सचिव मन्नू आलम एवं प्रखंड अध्यक्ष अताउल अंसारी के नेतृत्व में जीटी रोड जाम किया गया। पुलिस ने समझा बुझा कर जाम हटाया। झायुमो के जिला उपाध्यक्ष रहमत अंसारी की अगुवाई में गोविंदपुर बाजार में जीटी रोड जाम किया गया । उन्होंने कोर्ट के फैसले को अनुचित बताया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि राजेश हासदा, पंसस अखलाक अंसारी, अब्दुल मन्नाफ अंसारी, अरमान अंसारी, सद्दाम हुसैन, शहजाद अंसारी, सद्दाम अंसारी, सलीम अंसारी, वीरेंद्र सोरेन, बंशी हेंब्रम, अहमद अंसारी, सिराज अंसारी, मुन्ना अंसारी आदि मौजूद थे। राजद नेता पूर्व मुखिया मोबिन अंसारी ने लाहरडीह मोड़ में समर्थकों के साथ सड़क जाम किया। मासस के युवा नेता जयजीत मुखर्जी भी समर्थकों के साथ सड़क पर उतरे। पुलिस के पहुंचने पर जाम हटा लिया गया। सारथी मंडल, लालमोहन महतो, सूरज टुडू, मुखिया प्रतिनिधि कृष्णा महतो, फटिक मंडल, जमशेद अंसारी, आरिफ अंसारी, कमाल अख्तर,लाला महतो, सोहित कुमार आदि शामिल थे

### कतरास-बाघमारा में आवागमन ठप

**कतरास।** एस सी/एस टी आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट फैसले के विरोध में बुधवार को कतरास व बाघमारा के विभिन्न इलाकों में बंद असरदार रहा। इक्का दुक्का दुकानों को छोड़कर बाजार बंद रहा। सड़कों पर आवागमन पूरी तरह ठप रहा। बताते चलें कि कतरास थाना के भटमुरना में बंद समर्थक पुलिस से उलझ पड़े। बरोरा थाना क्षेत्र के हरिना में दो गुटों के बीच मारपीट हो गई। पुलिस ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। कतरास के श्यामडीह चौक में राजेश राम के नेतृत्व में बंद सफल रहा। कतरास में थाना प्रभारी असित कुमार सिंह सदल बल सक्रिय रहे। बंद का कोलियरी क्षेत्रों में भी असर देखा गया। ट्रांसपोर्टिंग पूरी तरह ठप रही।

एक नजर में

### पूर्वी टुंडी में असरदार रहा बंद, समर्थकों ने किया रोड जाम



**पूर्वी टुंडी।** भारत बंद प्रखंड क्षेत्र में असरदार रहा। गोविंदपुर साहेबगंज रोड पर लटानी बाजार में टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो के नेतृत्व में झामुमो के नेता और सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सड़क जाम कर दी। मुख्य मार्ग से आने जाने वाले वाहनों को रोका गया। कई घंटे तक सड़क जाम रही। सभी ने आरक्षण के मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय के फैसले के विरोध में जमकर नारेबाजी की। झामुमो प्रखंड अध्यक्ष गिरिलाल किस्कु, प्रखंड उपाध्यक्ष दिनेश रजक,झामुमो नेता अजीत मिश्रा, जिला संगठन सचिव रामचंद्र मुर्मू, झामुमो नेता ऐनुल अंसारी सहित बारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

### भारत बंद के कारण राकांपा का आंदोलन स्थगित



**मैथन।** निरसा विधानसभा क्षेत्र के थापरनगर रेलवे स्टेशन के सौंदर्यीकरण व एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव समेत अन्य मांगों को लेकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का अनिश्चितकालीन धरना भारत बंद की घोषणा के कारण स्थगित हो गया। पार्टी ने बुधवार को स्टेशन मास्टर को मांग पत्र सौपते हुए कहा कि उनकी मांगों पर विचार करते हुए पत्र को अग्रसरित किया जाए। जिला अध्यक्ष उमेश गोस्वामी ने कहा कि ग्रामीणों की मांग पर आसनसोल रेल प्रबंधक, कोलकाता महाप्रबंधक, रेल मंत्रालय को कई बार पत्राचार किया गया है। साथ ही 25 जून को धरना प्रदर्शन के माध्यम से मांग पत्र समर्पित किया गया था। उस समय कहा गया था कि हमारी मांगों पर विचार नहीं किया गया, तो 21 अगस्त से पार्टी अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेगी। लेकिन आज भारत बंद होने के कारण धरना प्रदर्शन को स्थगित कर सिर्फ मांग पत्र समर्पित किया गया। इस कार्यक्रम में पतित पवन तिवारी, खटीक महतो, शेख सोहराव, मुस्तरी बेगम, मोहम्मद हबीब, अरुण कुमार, मनोज शाह, विश्वजीत पांडे, मोहम्मद लतीफ, मिंटू कुमार यादव, कन्हैया कुमार आदि शामिल थे।

### राजगंज में नेशनल हाईवे दो घंटे जाम

**राजगंज।** सुप्रीम कोर्ट के आदेश के विरोध में भारत बंद को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने राजगंज में महेशपुर के पास हाईवे को लगभग 2 घंटे जाम कर दिया। सड़क के दोनों ओर गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। बड़ी संख्या में बंद समर्थक लोगों को रोक रहे थे। इसमें नौकरी पेशा बाइक सवार और ऑटो पर सवार मजदूर भी बंद में फंसे रहे। सड़क जाम हटाने पहुंचे राजगंज थाना प्रभारी से बंद समर्थकों की तीखी नोकझोंक भी हुई। राजगंज के आसपास के सभी शिक्षण संस्थानों को बंद रखा गया था। मौके पर रतिलाल टुडू,सनातन सोरेन, मनसा मुर्मू सहित अन्य समर्थक मौजूद थे।

## सिंदरी में भारत बंद असरदार

**झामुमो, राजद, कांग्रेस, भाकपा माले ने कराया बंद**



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** सिंदरी में भारत बंद का व्यापक असर दिखाई दिया। झामुमो, राजद, कांग्रेस, भाकपा माले सहित इंडिया गठबंधन के नेता सुबह से ही बंद को असरदार बनाने में लगे रहे। निजी स्कूलों ने ऐहतियातन छुट्टी घोषित थी। इसके अलावा सभी सरकारी प्रतिष्ठान एसबीआई, केनरा बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, डाकघर, हर्ल प्लांट सहित सरकारी स्कूल बंद कराया गया। सिंदरी के शहरपुरा और रोहड़ाबांध बाजार की दुकानों और वाहनों को स्वतः बंद कर दिया गया। बंद का समर्थन कर रहे नेताओं ने कहा कि क्रीमी लेयर से एससी और एसटी के अधिकारों पर असर पड़ेगा। इसे जल्द वापस लेना चाहिए। बंदसे सामान्य जनजीवन अस्त व्यस्त रहा। पुलिस प्रशासन नियंत्रण के प्रयास में जुटा रहा। बंदी को सफल बनाने में झामुमो महानगर उपाध्यक्ष रामू मंडल, केन्द्रीय समिति सदस्य सह झाकोमयू जिला उपाध्यक्ष मलय चंद्र महतो, झामुमो नगर अध्यक्ष अशोक महतो, काँग्रेस नगर अध्यक्ष अजय कुमार, राजद नगर अध्यक्ष मुनेश्वर यादव, भाकपा माले नेता सुधीर महतो आदि मौजूद थे।

## गिरिडीह में बंद असरदार, सड़क पर उतरे लोग

**एससी-एसटी आरक्षण में वर्गीकरण का विरोध जमकर की नारेबाजी**



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** एससी-एसटी आरक्षण में वर्गीकरण के खिलाफ गिरिडीह में भारत बंद असरदार रहा। सुबह से बस स्टैंड पर तमाम गाड़ियां खड़ी रही। रेलवे स्टेशन पर भी गिरिडीह-मधुपुर सवारी रेलगाड़ी का चक्का जाम किया गया। बंद का आह्वान भीम सेना व अन्य दलित संगठनों ने किया था। लेकिन गिरिडीह शहरी क्षेत्र में झामुमो ने मोर्चा संभाला और आंदोलन को गति दी। सुबह से ही झामुमो नेता व कार्यकर्ता जगह-जगह जमे रहे और बंद को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। इस दौरान जोरदार रूप से धरना प्रदर्शन भी किया गया। हालांकि कुछ लोगों का कहना था कि भारत बंद का आह्वान सुबह 6 से रात के 8 बजे तक का था। इस वजह से कुछ लोगों ने अगली सुबह अपने गंतव्य तक जाने का फैसला लिया था। लेकिन झामुमो के लोग सुबह तीन चार बजे से ही बंद कराने में लग गए, जिससे यात्रियों को काफी परेशानी हुई। झामुमो से सदर विधायक सुदिव्य सोनू और पार्टी के जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने भी कहा कि वे लोग सुबह तीन से 4 बजे से ही बंद कराने में डटे हुए हैं। बता दे कि इस आरक्षण के वर्गीकरण का फैसला सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया है। हालांकि बंद समर्थक सीधे केंद्र सरकार पर निशाना साध रहे थे। कुल मिलाकर बंद का असर गिरिडीह में व्यापक रहा और लोग इस दौरान परेशान दिखे।

## सुरेश चन्द्र बने सलोपपा के झारखंड प्रभारी



**धनबाद।** वरिष्ठ समाजसेवी तथा विभिन्न संगठनों से जुड़े सुरेश चन्द्र तिवारी को समाजवादी लोक परिषद पार्टी का झारखंड प्रभारी बनाया गया है। झारखंड में भयमुक्त शोषणमुक्त एवं राम राज्य की बहाली के लिए निस्वार्थ भाव से जनहित मे सदैव तत्पर रहनेवाले सामाजिक कार्यों से जुड़े सुरेश चन्द्र तिवारी के मनोनयन पर राष्ट्रीय अध्यक्ष डा रघुवंश प्रसाद मिश्रा, प्रशस्ति दीदी निवेदिता, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भागवत प्रसाद पांडेय ने शुभकामना व्यक्त की है। साथ ही साधु बैद्यनाथ को धनबाद जिला अध्यक्ष तथा शबनम परवीण को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इस मौके पर धनबाद से ह्रदय कुमार मिश्रा,डा.प्रमोद कुमार मिश्रा,झरिया से शिबु बाऊरी, शैलेश सिंह, विश्वनाथ चक्रवर्ती, भवानी बंदोपाध्याय, सवार्नंद ओझा, बोकारो से पप्पु चौबे, गिरीडीह से श्याम प्रसाद, मुखिया सोमर हेम्ब्रम, जामताड़ा से शिक्षाविद काकोली गोराई, चतरा से भोजपुरी गायक सोनल पांडेय आदि ने बधाई दी है।

# महाकवि विद्यापति की प्रतिमा का अनावरण

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** मिथिला सांस्कृतिक परिषद् द्वारा मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल परिसर में महाकवि विद्यापति की मूर्ति का अनावरण एक भव्य समारोह आयोजित कर किया गया। परिषद् के अध्यक्ष अनिल कुमार, मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष हरि मोहन झा विद्यालय के पूर्व अध्यक्ष प्रभात कुमार झा बीएसएल के सीजीएम कुंदन कुमार डॉ केएन ठाकुर वरिष्ठ साहित्यकार बुद्धिनाथ झा परिषद् के उपाध्यक्ष समरेन्द्र झा व अविनाश कुमार झा महासचिव नीरज चौधरी संयुक्त सचिव प्रदीप कुमार झा सुनील चौधरी वित्त सचिव मिहिर मोहन ठाकुर संगठन सचिव बहुरन झा सांस्कृतिक कार्यक्रम निदेशक अरुण पाठक सांस्कृतिक कार्यक्रम उप निदेशक प्रदीप झा विद्यालय सचिव पीके झा चंदन ने विद्यापति की प्रतिमा का अनावरण किया। मौके पर आगत अतिथियों को पाग शॉल व मिथिला पेंटिंग भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही परिषद् के पूर्व व वर्तमान पदाधिकारियों कार्यकताओं को भी पाग पहनाकर उनका अभिनंदन किया गया। परिषद् के अध्यक्ष अनिल कुमार ने कहा कि परिषद् के प्रांगण में कवि कोकिल विद्यापति की मूर्ति का अनावरण होना सभी मैथिलों के लिए प्रसन्नता की बात है। परिषद् के सांस्कृतिक कार्यक्रम निदेशक अरुण पाठक के संयोजन में आभा झा उमेश झा शेफाली दुबे आंचल पाठक व मिथिला महिला समिति की अध्यक्ष सीमा झा वरिष्ठ सदस्या किरण मिश्रा नमिता झा चंदा झा रेणुका झा पूनम झा व आशा पाठक ने विद्यापति गीतों की सुमधुर प्रस्तुति दी। मंच संचालन योजना सचिव शिवेश पाठक व सुनील मोहन ठाकुर ने किया। धन्यवाद ज्ञापन परिषद के स्थाई आमंत्रित सदस्य राजेन्द्र कुमार ने किया।

## कुश्ती में रजत पदक विजेता चन्दन को विधायक ने किया सम्मानित



**बोकारो।** रोहतक में आयोजित अंडर 23 सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में बोकारो के चंदन यादव ने अपना दमखम दिखाते हुए रजत पदक जीतने में कामयाबी पाई है। चंदन ने फ्री स्टाइल 74 किलोग्राम वर्ग में सिल्वर मेडल जीता। रोतहक से लौटने पर बोकारो में उसका स्वागत करने वालों की कतार लग गई। इसी कड़ी में बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने चंदन का स्वागत करते हुए कहा कि खेल व्यक्ति को स्वस्थ रखने का माध्यम तो है ही केंद्र सरकार की खेल और खिलाड़ियों के हित मे बनाई गई नीति से यह भविष्य संवारने का भी सशक्त माध्यम भी बन गया है। हमारे खिलाड़ी खेल के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छू रहे हैं। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष जयदेव राय जिला महामंत्री संजय त्यागी भाजयुमो जिलाध्यक्ष विनोद कुमार संतोष बरनवाल माथुर मंडल महेंद्र राय मंजीत सिंह ललन शर्मा तुषार आदि मौजूद थे।

## भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा 23 अगस्त को सीएम आवास का घेराव

**बोकारो।** झारखंड के युवा वर्तमान हेमंत सोरेन के खिलाफ आवाज उठाने को मजबूर है। भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा युवाओं के समर्थन में 23 अगस्त को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेगी जिसमें 1 लाख से अधिक युवा पहुंच कर अपना विरोध प्रदर्शन करेंगे। बोकारो जिला भाजपा द्वारा बोकारो विधायक आवास पर प्रेस वार्ता में विरोधी दल के मुख्य सचेतक बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने जिलाध्यक्ष जयदेव राय जिला महामंत्री संजय त्यागी यूवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विनोद कुमार व जिला मीडिया प्रभारी महेंद्र राय की उपस्थिति में यह उद्गार व्यक्त किया।

## अलग अलग सड़क दुर्घटना में दो की मौत

**सरैयाहाट।** सरैयाहाट और हँसडीहा थाना क्षेत्र में दो अलग अलग सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत एवं तीन लोग घायल हो गये। पहली घटना सरैयाहाट थाना क्षेत्र के कोठिया सहारा मार्ग स्थित निपनियां गांव के निकट मंगलवार की देर रात घटी जहाँ हादसे में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक युवक निखिल टुडू (23) डाबर ग्राम जसीडीह जिला देवघर का रहने वाला था। मिली जानकारी के अनुसार मृतक युवक मंगलवार की देर रात अपनी बुलेट बाइक से कोठिया - सहारा के रास्ते दुमका जा रहा था। इसी दौरान करीब दस बजे रात निपनियां गांव के निकट बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक शिलापट्ट से टकरा गया। जिससे बाइक सवार गंभीर होकर सड़क किनारे गिर गया। सुनसान जगह होने के कारण रातभर युवक घायल होकर पड़ा रहा है। जिससे उसकी मौत हो गई। अहले सुबह ग्रामीणों ने इस घटना की सूचना सरैयाहाट थाना पुलिस को दिया। जिसके बाद पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर थाना लाया एवं मृतक युवक का शिनाख्त कर युवक के स्वजन को घटना की सूचना दिया। सूचना पाकर मृतक के स्वजन थाना पहुंचे एवं युवक का पहचान किया। जानकारी के अनुसार मृतक युवक मूल रूप से बिहार के चकाई का रहने वाला था। मृतक की माँ शिक्षिका है जबकि पिता सेवानिवृत्त शिक्षक हैं। जो देवघर जसीडीह में अपना मकान बनाकर रह रहे है। मृतक अपने माता पिता का एकलौता पुत्र था। घटना की सुचना मिलने पर थाना पंहुचे उसके परिजनों की चित्कार से माहौल गमगीन हो गया। बताया जाता है की मृतक निपनिया गाँव स्थित अपने किसी मित्र के घर मांस मंदिरा का सेवन भी किया था।

## मोटरसाइकिल के धक्के से साइकिल सवार की मौत दो घायल

**सरैयाहाट।** हंसडीहा दुमका मुख्य मार्ग पर कुरमापघार के पास बुधवार को मोटरसाइकिल के चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक साइकिल सवार कुरमाहाट से धावातांड की ओर आ रहा था। जहां कुरमापघार के पास दूसरे सड़क से तेज गति में मुख्य मार्ग पर बाइक सवार दो युवक ने साइकिल सवार को चपेट में ले लिया। इस घटना में तीनों घायल हो गया। घटना की सूचना पर हंसडीहा थाना द्वारा सअनि बिनोद सिंह पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे।जहां से तीनों घायलों को इलाज के लिए फूलो झानो मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल दुमका ले जाया गया जहां इलाज के दौरान साइकिल सवार हंसडीहा थाना क्षेत्र के मोहनपुर निवासी ब्रह्मदेव कुवंर की मौत हो गई।

## भारत बंद गोमिया में रहा असरदार, सड़क पर उतरे दलित-आदिवासी

**बेरमो /गोमिया।** सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरोध में भारत बंद के समर्थन में दलित और आदिवासी समाज के लोग गोमिया, होसिर, कमार्टांड़, ललपनिया, कथारा, बोकारो थर्मल, जारंगडीह, फुसरो में बंद करने सड़क पर उतरे. गोमिया चौक पर बंद समर्थक जमा हुए और नारे बुलंद करते हुए गोमिया चौक पर जमे रहे. आवागमन पूरी तरह बंद था. दुकानें बंद रही। बैंक बंद रहे. बंद समर्थक सड़कों पर बाइक से घूम घूम कर नारे बाजी करते रहे. गोमिया के गोमिया चौक, होसिर नदी के सामने, कमार्टांड़, ललपनिया चौक, चतरो चट्टी के लोग कोनार डैम चौक पर बंद समर्थक डटे रह. बंद समर्थक बाद में गोमिया बीडीओ महादेव महतो को राष्ट्रपति के नाम एक स्मार पत्र सौंपा. स्मार पत्र में उन्होंने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति को वर्गीकरण करने का जो निर्णय दिया है वह गलत है उसे तुरंत वापस ले. उन्होंने राष्ट्रपति से हस्तक्षेप करने की मांग की है और आदेश को निरस्त करने की मांग की है.बंद के समर्थन में मुख्य रूप से गोमिया गंदौरी राम, रामकिशुन रविदास, सुरेन्द्र मैत्रेय, दिनेश राम, सुनील, मुखिया बलराम रजक, रामबृक्ष मुर्मू, पूर्व मुखिया विनोद पासवान, चंद्रदीप पासवान, कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष पंकज पांडेय, बसपा के अजय रंजन, मुकेश कुमार, सुरेन्द्र रविदास, धर्मनाथ, अनिल, जयकरण, दिलीप, रविशन, रवि, दिनेश, अभिमन्यु, मुकेश, संदीप, शिवा, सुरेन्द्र, शंकर, रामदेव, हेमंत, दीपक, चतरो चट्टी के कोनार डैम चौक पर कोलेश्वर रविदास, भगवान दास, रवि कुमार सहित अन्य लोग शामिल थे।


सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाइन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)
गोंदवाना प्लेस, काँके रोड, राँची-834008, झारखंड, भारत

सूचना

"सामग्री, कार्यो एवं सेवाओ की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"



Information & Public Relations Department
Government of Jharkhand

NOTICE OF CANCELLATION

Tender Detail: Selection of Agency for Mapping Show at Hatte Bazaar's in different Districts of Jharkhand. Due to some unavoidable reasons the above mentioned tender having Tender ( PR No. 332332,Dated 10-08-2024) ID: 2024_IPRD_89877_1, Tender Ref No: 1227 is hereby cancelled.

PR 333363 IPRD (24-25)_D — Director



झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग

ई– अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सं0 :– RE-RDSPL/SD/HZB/04/2024-25 (2 nd call)

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| ग्रुप सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या /पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RDSPL/SD/HZB /04/10/2024-25 | बड़कागांव | ग्राम पडरिया मे अजीमुद्दीन के घर से आंगनबाड़ी केन्द तक गार्डवाल निर्माण। | 23475100.00 | 469502.00 | 10000.00 | 9 माह |
| 2. | RDSPL/SD/HZB /04/11/2024-25 | बड़कागांव | पंचायत गरसुल्ला के ग्राम–चानो से लुरुंगा के बीच धोबनी नदी पर पुल निर्माण। | 11047900.00 | 221000.00 | 10000.00 | 9 माह |

2. वेबसाइट मे निविदा प्रकाशन की तिथि – 05.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 05.09.2024 से दिनांक 13.09.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –18.09.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430154806
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

PR 333353 Rural Development(24-25)#D



रजिस्ट्री सं0 डी एल0–33004/99 | REGD.NO.D.L-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.–डी.एल.–अ.–08082024–256168
CG-DL-E-08082024-256168
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II–खण्ड 3–उप–खण्ड (ii)
PART II-Section 3 -Sub-Section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 3024] नई दिल्ली, मंगलवार, अगस्त 6, 2024/श्रावण 15, 1946
No. 3024] NEW DELHI, TUESDAY, AUGUST 6, 2024/SHRAVANA 15, 1946

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 6 अगस्त, 2024

का. आ. 3173– केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उप–धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात् कि पश्चिम बंगाल राज्य के मुर्शिदाबाद जिले में NH 80 के कि.मी. 282.500 से कि.मी. 283.000 (अपर जिलाधिकारी, (भूमि अर्जन), मुर्शिदाबाद) के गाँव– बेओ–31 तक के भू–खण्ड के निर्माण (चौड़ीकरण/4–लेन का बनाना आदि), अनुरक्षण, प्रबन्धन और प्रचालन के लोक प्रयोजन के लिए वह भूमि अपेक्षित है जिसका संक्षिप्त वर्णन नीचे अनुसूची में दिया गया है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

कोई भी व्यक्ति, जो उक्त भूमि में हितबद्ध है, उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप–धारा (1) के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग पर राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिन के भीतर अपनी आपत्ति प्रकट कर सकेगा।

ऐसी प्रत्येक आपत्ति सक्षम प्राधिकारी, अर्थात् अपर जिलाधिकारी (भूमि अर्जन), कार्यालय–जिलाधिकारी सह समाहर्ता मुर्शिदाबाद, पश्चिम बंगाल को लिखित रूप में प्रस्तुत की जाएगी और उसमें उसके आधार अधिकथित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आपत्तिकर्ता को व्यक्तिगत रूप मे या किसी विधिक पेशेवर द्वारा सुने जाने का अवसर देगा और ऐसी आपत्तियों की सुनवाई के पश्चात् तथा ऐसी और जाँच करने के पश्चात, यदि कोई हो, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा या तो आपत्तियों को अनुज्ञात कर सकेगा या अननुज्ञात कर सकेगा।

उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप–धारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई भी आदेश अंतिम होगा। इस अधिसूचना के अंतर्गत आने वाली भूमि के रेखांक और अन्य ब्यौरे सक्षम प्राधिकारी के उक्त कार्यालय में उपलब्ध हैं और उनका हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है।

अनुसूची

पश्चिम बंगाल राज्य के मुर्शिदाबाद जिले में NH80 के कि.मी. 282.500 से कि.मी. 283.000 (अपर जिलाधिकारी, (भूमि अर्जन), मुर्शिदाबाद) के गाँव– बेओ–31 के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना रहित अथवा संरचना सहित भूमि का संक्षिप्त विवरण

जिला: मुर्शिदाबाद
प्रकाशन तिथि: 6 August 2024
फाइल नंबर: NHAI/PD/PIU/SBG/NH-80/LA / PKG-II/3A
अभय जैन, उप सचिव
https://egazette.gov.in/(S(nord13gewoids2v1g1wemhxw))/ViewPDF.aspx
https://bhoomirashi.gov.in/auth/revamp/Notification_a_qr.cshtml?project_id=60588&notification_id=69281&EncHid=144852700&l=1

नोट: इस अधिसूचना की वास्तविक प्रति सीएएलए/पीआईयू/पीएमयू/आरओ/ईडी के कार्यालय में भी उपलब्ध है और भूमि मालिक वहां भी अधिसूचना देख सकते हैं।



कार्यालय, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, राँची।
विकास भवन, कचहरी रोड, राँची - 834001
(मनरेगा कोषांग)

मनरेगा अन्तर्गत पद–लेखा सहायक एवं पद–कम्प्यूटर सहायक की रिक्ति बल के विरूद्ध अग्रेतर नियुक्ति प्रक्रिया संबंधी सूचना

राँची जिला में मनरेगा अन्तर्गत संविदा आधारित रिक्ति के विरूद्ध विज्ञापन ज्ञापांक –1235(ii)/जि०ग्रा०, दिनांक–19/10/2023 के माध्यम से विभागीय वेबसाईट पर आवेदन आमंत्रित किया गया।

पद–लेखा सहायक एवं कम्प्यूटर सहायक की रिक्ति के विरूद्ध संबंधित आवेदकों की प्रारंभिक मेधा सूची राँची जिला की अधिकारिक वेबसाईट www.ranchi.nic.in पर प्रकाशित की गई है।

संबंधित अभ्यर्थी अपने विवरणी पर किसी प्रकार की दावा/आपत्ति दिनांक 24/08/2024 तक निश्चित रूप से किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय अवधि में उप विकास आयुक्त, राँची के कार्यालय, विकास भवन, कचहरी रोड, राँची में साक्ष्य के साथ समर्पित करेंगे।

नोट:– दावा/ आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि के उपरांत किसी प्रकार का दावा/ आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा।

उप विकास आयुक्त,
राँची।

PR.NO.333273 District(24-25):D



e-Procurement Cell
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
BUILDING DIVISION NO. – 1, RANCHI
(Behind State Guest House Morhabadi), Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008

Short Term e-Procurement Notice

Date – 21-08-2024

| Sl.No. | Tender Reference No. | Work Name | Amount (Rs.) | Completion Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/28/2024-25 | Renovation "A" Type Quarter (Staff Quarter) at Fire Station, Rajendra Chowk, Doranda, Ranchi | 5951300 | Four Month |
| 2 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/29/2024-25 | Renovation of F Type Bungalow No.-139 (MLA Residence) Near Yuvraj Hotel at Rajendra Chowk, Doranda, Ranchi | 7314600 | Four Month |
| 3 | Start Date of Submission of Bids | | 28-08-2024 at 11.00 AM | |
| 4 | Last Date/Time of Submission of Bids | | 04-09-2024 at 11.00 AM | |
| 5 | Date/Time of Opening of Bid | | 05-09-2024 at 11.00 AM | |
| 6 | Helpline Number of e-procurement Cell | | 8527519262 | |
| 7 | e-mail ID | | eebcddiv1ranchi@gmail.com | |

Note :- Cost of bidding document (Non Refundable) & Bid Security Shall be payable on online through http://Jharkhandtenders.gov.in
Any Change can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in
Any Other information can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Building Construction Department
Building Division No. 1, Ranchi

PR 333317 Building(24-25)#D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल संख्या-1, राँची

अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–38/2024–25

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या–1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 28.08.2024 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय: दिनांक 28.08.2024 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 28.08.2024 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of D type Officer's Flat Quarter No-1/12, 12 Set at Doranda, Ranchi | 1087200.00 | 21800.00 | 2500.00 | One Month |
| 2 | Renovation of D type Residential Quarter at Fire Station, Rajendra Chowk, Doranda, Ranchi | 4070300.00 | 81500.00 | 5000.00 | Three Months |
| 3 | Renovation of Room No-302A & 302B (Secretary Office and Cell, Labour Department) in Nepal House at Doranda, Ranchi | 2076200.00 | 41600.00 | 5000.00 | One Month |
| 4 | Renovation of F type Secretary Residence at Harmu Housing Colony, Ranchi | 1895400.00 | 38000.00 | 5000.00 | One Month |
| 5 | Renovation of D type Officer's Flat No-9/28 (Joint Secretary Residence) & Including Exterior work of One Block 9/28 to 12/28 at Doranda, Ranchi | 1970400.00 | 39500.00 | 5000.00 | Two Months |
| 6 | Renovation of JAP-1 Family Quarter, Block No.-8/16 Set (1 Block 18 units), Beside Nepal House, Doranda Ranchi | 4783900.00 | 95700.00 | 5000.00 | Three Months |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्ल संख्या–1,राँची

PR 333335 Building(24-25).D



जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, लातेहार

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना
निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 18 वर्ष 2024–25
D.M.F.T मद

1. विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– 28.08.2024 (अपराहन् 01:00 बजे तक)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– जिला अभियंता, जिला परिषद, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 29.08.2024 को 01:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष,(पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– 29.08.2024 को 03:00 बजे अपराहन्, कार्यालय जिला परिशद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | प्रखण्ड बालूमाथ पंचायत चेताग में जर्जर आंगनबाडी केन्द्र भवन–2 का निर्माण। | 1819800 | 36500 | 5000 | 06 माह |
| 2 | प्रखण्ड बालूमाथ पंचायत रजवार में जर्जर आंगनबाडी केन्द्र भवन का निर्माण। | 1819800 | 36500 | 5000 | 06 माह |
| 3 | प्रखण्ड बालूमाथ पंचायत मारंगलोईया ग्राम बारा में जर्जर आंगनबाडी केन्द्र भवन का निर्माण। | 1819800 | 36500 | 5000 | 06 माह |
| 4 | प्रखण्ड बालूमाथ पंचायत सेरेगडा में ग्राम सेरेगाडा में जर्जर आंगनबाडी केन्द्र भवन–1 का निर्माण। | 1819800 | 36500 | 5000 | 06 माह |
| 5 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत जालिमखूर्द ग्राम जगलदगा में आर0ई0ओ0 रोड से आंगनबाडी केन्द्र तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 3589900 | 72000 | 5000 | 03 माह |
| 6 | प्रखण्ड बालूमाथ पंचायत बसिया ग्राम पिण्डारकोम में पीच रोड पिण्डारकोम से दोकनाही न्यू तेतरियाखाड बिरसा नगर होते हुए प्राथमिक/मध्य विद्यालय बेलवाडीह नगडा तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। भाग–01 | 2389400 | 48000 | 5000 | 02 माह |
| 7 | प्रखण्ड बालूमाथ पंचायत बसिया ग्राम पिण्डारकोम में पीच रोड पिण्डारकोम से दोकनाही न्यू तेतरियाखाड बिरसा नगर होते हुए प्राथमिक/मध्य विद्यालय बेलवाडीह नगडा तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। भाग–02 | 2389400 | 48000 | 5000 | 02 माह |
| 8 | प्रखण्ड बालूमाथ पंचायत बसिया ग्राम पिण्डारकोम में पीच रोड पिण्डारकोम से दोकनाही न्यू तेतरियाखाड बिरसा नगर होते हुए प्राथमिक/मध्य विद्यालय बेलवाडीह नगडा तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। भाग–03 | 2389400 | 48000 | 5000 | 02 माह |
| 9 | प्रखण्ड बालूमाथ पंचायत बसिया ग्राम पिण्डारकोम में पीच रोड पिण्डारकोम से दोकनाही न्यू तेतरियाखाड बिरसा नगर होते हुए प्राथमिक/मध्य विद्यालय बेलवाडीह नगडा तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। भाग–04 | 2389400 | 48000 | 5000 | 02 माह |
| 10 | प्रखण्ड बालूमाथ पंचायत बसिया ग्राम पिण्डारकोम में पीच रोड पिण्डारकोम से दोकनाही न्यू तेतरियाखाड बिरसा नगर होते हुए प्राथमिक/मध्य विद्यालय बेलवाडीह नगडा तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। भाग–05 | 2389400 | 48000 | 5000 | 02 माह |
| 11 | प्रखण्ड बालूमाथ पंचायत बसिया ग्राम पिण्डारकोम में पीच रोड पिण्डारकोम से दोकनाही न्यू तेतरियाखाड बिरसा नगर होते हुए प्राथमिक/मध्य विद्यालय बेलवाडीह नगडा तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। भाग–06 | 2389400 | 48000 | 5000 | 02 माह |

8. परिमाण विपत्र भारतीय स्टेट बैंक से निर्गत ही मान्य होगा जो जिला अभियंता, लातेहार के पदनाम से देय होगा एवं भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र का मूल्य लौटाया नहीं जायेगा।
9. अग्रधन की अंकित राशि (NSC) 05 वर्षीय/03 वर्षीय/डाकघर सावधि जमा पत्र/03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) 05 वर्षीय/03 वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक का B.G जो जिला अभियंता, लातेहार के नाम से प्रतिज्ञिप्त (प्लेज) कराते हुए निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. उक्त निविदा में जिला परिशद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संबंधित प्रखण्ड के संवेदक ही भाग ले सकेंगे।
11. Ucan Certificate (Updated New Version) की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
12. वैसे संवेदक जिनके पास पूर्व से D.M.F.T अन्तर्गत ली गयी योजना लंबित है उन्हे B.O.Q निर्गत नहीं किया जाएगा।

जिला अभियंता
जिला परिषद, लातेहार।

PR.NO.333264 Rural Development(24-25):D

खबर मन्त्र

रांची.गुरुवार. 22अगस्त 2024

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

# माले मुफ्त दिले...

दरअसल, राजनीतिक दलों को चुनावी घोषणा पत्र में किये गये लोकलुभावन वायदों पर अंकुश लगाने के लिये बाध्य करने की जरूरत है। इस काम में चुनाव आयोग महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। विडंबना यह है कि पिछले कुछ दशकों में चुनाव आयोग की लचर भूमिका के चलते राजनीतिक दलों की मनमानी बढ़ी है। सुप्रीम कोर्ट भी आयोग की ढुलमुल कार्यशैली पर सख्त टिप्पणी कर चुका है। एक समय टीएन शेषन जैसे सख्त मुख्य चुनाव आयुक्त ने राजनीतिक विद्रूपताओं पर किसी हद तक अंकुश लगाने में कामयाबी हासिल की। निस्संदेह, रेवड़ी बांटने की राजनीति पर चुनाव आयोग बेहतर ढंग से अंकुश लगा सकता था। आखिर राजनीतिक दलों को ऐसी आजादी क्यों दी जाती है कि वे मेहनतकश जनता के कर से अर्जित धनराशि सस्ती लोकप्रियता के लिये वायदे पूरे करने में खर्च करें। माले मुफ्त दिले बेरहम मुहाबरे को चरितार्थ करते जान पड़ते हैं।फिर वे जो चाहे वायदे करें। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि जनकल्याण की योजनाओं के लिये आवंटित धन का दुरुपयोग किया जाता है। फिर केंद्रीय वित्तीय संस्थाओं से ऋण लेकर घी पीने की कहावत को चरितार्थ किया जाता है। जबकि पहले से ही कर्ज में डूबे राज्यों की माली हालत इन मुफ्त की बिजली, पानी व अन्य मुफ्त के वायदों से और खराब हो जाती है। फलतः इन राज्यों में पैदा होने वाला हर बच्चा भारी-भरकम कर्ज सिर पर लेकर पैदा होता है, लेकिन राज्य की आर्थिकी के लक्ष्यों से जुड़े सरोकारों से राजनीतिक दलों का कोई लेना-देना नहीं होता। जनता को राहत मिलनी चाहिए, उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए लेकिन राजनीतिक विलासिता के लिये इसमें कोई जगह न हो। वक्त आ गया है जब दलों की घोषणायें जबावदेही के साथ हो।

# स्त्री का सम्मान

अमृत काल के आजादी दिवस पर लाल किले के प्राचीर से देश को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में कहा कि किसी न किसी वजह से हमारे अंदर यह सोच आ गई है कि हम अपनी वाणी से, अपने व्यवहार से, अपने कुछ शब्दों से महिलाओं का अनादर करते हैं। उन्होंने लोगों से रोजमर्रा की जिंदगी में महिलाओं को अपमानित करने वाली हर चीज से छुटकारा पाने का संकल्प लेने का आग्रह किया। इसके साथ ही उन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में महान महिला नेताओं के योगदान की भी सराहना की और लोगों से 'मानसिकता में बदलाव' की अपील की। प्रधानमंत्री इससे पहले बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे नारे भी दे चुके हैं। उत्तरप्रदेश चुनाव के वक्त उन्होंने मातृशक्ति महाकुंभ का आयोजन भी प्रयागराज में किया था। इन सबके बावजूद महिलाओं के साथ छेड़खानी, अपराध या हिंसा में कोई कमी आयी हो, ऐसे आंकड़े नहीं आए हैं। समाज की दशा-दिशा में परिवर्तन के लिये राजनीतिक दलों में महिलाओं की स्वीकार्यता के अतिरिक्त महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता आवश्यक है। यह तय है कि विकसित भारत का सपना बिना देश की आधी आबादी के विकास केबिना न तो संभव है और न ही पूरा कहा जा सकता है ऐसे में प्रधानमंत्री की अपील को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। सरकार और समाज दोनों के बीच सामंजस्य और सहयोग के साथ ही विश्वास का माहौल भी बनना चाहिए। विकसित भारत में स्त्रीयों के सम्मान और अधिकार के साथ उन्हें उपलब्ध अवसरों पर भी गंभीरता से कार्य किया जाना चाहिए। लेकिन हर घंटे में चार दुर्ष्कम की घटना और सालों भर में दो प्रतिशत अपराधी को भी सजा न मिलना ऐसे उदघोष की कथनी और करनी पर सवाल खड़ा करते हैं।

# देश के विकास का रास्ता खेत-खलिहान से होकर

देश को पेट भरने के लिए दूसरों की दयादृष्टि पर निर्भरता वाली हालत से उबारकर, अतिरिक्त खाद्यान्न भंडारों वाली स्थिति में पहुंचाने के लिए भारतीय किसान द्वारा निभाई महत्वपूर्ण भूमिका से कृषि क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था में सबसे चमकदार सितारा बनकर उभरा है। चाहे हम इस उपलब्धि को सार्वजनिक रूप में मानें या नहीं, लेकिन एक गतिशील कृषि ने देश में आर्थिक विकास की सुदृढ़ नींव रखी है।

आज जब भारत आजादी की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है, यह समय है स्वीकारोक्ति का कि अगले 25 साल में भी सुनहरा भविष्य पाने की राह कृषि से होकर जाती है। किसानों की भलाई एवं पर्यावरण की रक्षा के लिए सही मात्रा में नीतियों के सम्मिश्रण और सार्वजनिक निवेश से नवीनीकरण के जरिये अकेली कृषि में इतना दम है कि बतौर एक शक्तिपुंज आर्थिकी को फिर से ऊपर ले जाए। साथ ही करोड़ों लोगों की आजीविका सतत बना दे। इतना ही नहीं, ऐसे वक्त पर, जब पर्यावरण बदलावों पर अंतर-सरकारी मंच में जीडीपी-आधारित विकास मॉडल की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े होने लगे हैं, भारत की विकास गाथा की कुंजी सततता पूर्ण कृषि के हाथ में ही है। उस वक्त से लेकर, जब 15 अगस्त, 1955 के दिन जवाहरलाल नेहरू ने लाल किले की प्राचीर से खड़े होकर कहा था : यह हमारे लिए शर्म की बात है कि देश को अनाज आयात करना पड़ता है। इसलिए बाकी सब का देश इंतजार कर सकता है लेकिन खाद्यान्न का नहीं। इसके बाद से भारत ने खाद्यान्न आत्मनिर्भरता में लंबी राह तय कर ली है और भुखमरी इतिहास बन चुकी है। नेहरू जी के बाद प्रधानमंत्री बने लालबहादुर शास्त्री को भी अनाज आयात के साथ संलग्न शर्मिंदगी उठानी पड़ी थी। उनके द्वारा वियतनाम पर अमेरिकी चढ़ाई को आक्रामकता बताने पर तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति लिन्डन जॉनसन चिढ़ गए, परिणामस्वरूप पीएल-480 नीति के तहत भारत को दी जाने वाली खाद्यान्न सहायता नाममात्र रह गई, जिसके चलते शास्त्री जी के लिए देशवासियों से हफ्ते में एक दिन उपवास करने का आह्वान करना अनिवार्य हो गया। इस अवधि में पैड्डोक बंधुओं की किताब अकाल 1975 में लिखा कि भारत की कहानी खत्म है और आने वाले वर्षों में करोड़ों लोग भूख से मारे जाएंगे। एक समय ऐसा भी था,





-सुधीर शर्मा

> पंजाब कृषि विश्वविद्यालय ने दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के साथ मिलकर गेहूं की चंद किस्मों को भारतीय मौसम के अनुकूल पाया और विकसित किया। इनके बीज के पांच-पांच किलो के थैले किसानों को वितरित किए गए और पंजाब के अति-उत्साहित किसानों ने पहले ही साल रिकॉर्ड उत्पादन करके सारा खेल पलट डाला। देश आज खाद्यान्न में विशेषकर चावल और गेहूं में आत्मनिर्भर ही नहीं दूसरे देशों को भेजने की स्थिति में है।

जब भारत पर किश्ती से मुख यानी आयातित दान से पेट भरने वाले देश का ठप्पा लगा हुआ था। खैर, आफत के मसीहा के नाम से कुख्यात इन लेखकों की यह भविष्यवाणी अगले कुछ वर्षों में खाद्यान्न मोर्चे पर भारत द्वारा आत्मनिर्भरता बना लेने से, बुरी तरह औंधे मुंह गिरी।

जब वर्ष 1966 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने गेहूं की विभिन्न किस्मों का 18000 टन बीज आयात करने की अनुमति दी, इससे हरित क्रांति की नींव प्रभावशाली रूप से पड़ी। वैज्ञानिक अनुसंधान और विकास तंत्र, नेहरू जी के वक्त में पहले ही वजूद में आने लगा था, जब उन्होंने पंतनगर में पहला कृषि विश्वविद्यालय स्थापित किया था। इसके बाद लुधियाना में बने पंजाब कृषि विश्वविद्यालय ने दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के साथ मिलकर गेहूं की चंद किस्मों को भारतीय मौसम के अनुकूल पाया और विकसित किया। इनके बीज के पांच-पांच किलो के थैले किसानों को वितरित किए गए और पंजाब के अति-उत्साहित किसानों ने पहले ही साल रिकॉर्ड उत्पादन करके सारा खेल पलट डाला।

गेहूं में मिली सफलता को चावल में दोहराया गया, आगे चलकर अन्य फसलें जैसे कि कपास, गन्ना, फल एवं सब्जी उत्पादन में भी यही जीत मिली। भारत फिलहाल 31.5 करोड़ टन खाद्यान्न और 32.5 करोड़ टन फल एवं सब्जियां पैदा करता है। इस तरह कभी भीख का कटोरा पकड़कर खड़ा होने वाली पंक्ति से निकलकर, भारत ने पहले खाद्य-आत्मनिर्भरता हासिल की, आगे कृषि उत्पाद निर्यातक मुल्क बनने तक की लंबी छलांग लगाई है। किसान को न्यूनतम समर्थन मूल्य बतौर प्रोत्साहन देना और भारतीय खाद्य निगम की स्थापना ताकि बड़ी मात्रा में पहुंचे खाद्यान्न का भंडारण हो सके और अतिरिक्त अनाज को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के जरिए कमी वाले इलाकों में वितरित किया जा सके।

हरित क्रांति से पहले (यह संज्ञा विलियम गुआड की दी हुई है) शास्त्री जी ने दुग्ध-क्रांति की नींव डाली थी जब उन्होंने दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए सहकारी आंदोलन बनवाया। आमतौर पर सफेद क्रांति के नाम से मशहूर इस योजना को विश्व के सबसे सफल ग्रामीण विकास कार्यक्रम के रूप में जाना जाता है। डेयरी सहकार कार्यक्रम ने भारत को विश्व में सबसे बड़ा दुग्ध निमार्ता बना दिया है, जिसका वार्षिक उत्पादन 20.4 करोड़ टन से अधिक हो गया है।

साल-दर-साल भारतीय किसान रिकॉर्ड उत्पादन करता चला गया लेकिन उसकी आमदनी एक जगह आकर ठहर गई या कम होती गई। कृषि परिवार स्थिति आकलन सर्वे-2019 (जो कि कोविड लॉकडाउन से पहले हुआ था) इसमें किसान परिवार की औसत आमदनी (गैर कृषि गतिविधियां समेत) प्रति माह 10,286 रुपये है। लॉकडाउन लगाने की घोषणा और उसके बाद शहरों से जिस तरह विशाल मानव बल ने पलायन किया है, उसके मद्देनजर कृषि को और अधिक फायदेमंद और आर्थिक रूप से व्यवहार्य बनाने की फौरी जरूरत है। ऐसे समय में जब दुनिया में बेरोजगारी बढ़ती जा रही है, तेजी से हो रही यांत्रिकी अधिक गति से नौकरियां छीन रही है, कृषि का पुनरुत्थान ही एकमात्र विकल्प बचा है ताकि बड़ी संख्या में खाली हुआ श्रम बल काम पर लग सके। इससे शहरों पर बेरोजगारों की विशाल संख्या का दबाव बहुत हद तक कम हो सकेगा।

हरित क्रांति का मनोरथ काफी पहले पूरा हो जाने के बाद अब वक्त है अगले चरण का। स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ हमें भविष्य के मार्गचित्र पर पुनर्विचार और पुनर्निर्धारण करने का सही मौका प्रदान कर रही है। इसके लिए हमें आर्थिक नीति निर्धारण करते वक्त जो मौजूदा सोच हावी है, उसमें आमूल-चूल परिवर्तन करना होगा, क्योंकि इसमें उद्योगों की खातिर कृषि की बलि दी जाती है।

## खास बात

# टेक्सास में हनुमान

**रितिका कमठान**

**इस** प्रतिमा का नाम स्टैच्यू ऑफ यूनियन रखा गया है। जानकारी के मुताबिक यह मूर्ति श्री राम और सीता के पुनर्मिलन में भगवान हनुमान की भूमिका को याद करती है। यह मंदिर टेक्सास के शुगर लैंड में श्री अष्टलक्ष्मी मंदिर में बनाया गया है।

अमेरिका के टेक्सास के ह्यूस्टन में हनुमान जी की विशाल प्रतिमा को लगाया गया है। ह्यूस्टन में एक बड़े समारोह के दौरान ही प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम किया गया। इस दौरान 90 फीट ऊंची हनुमान जी की मूर्ति का अनावरण हुआ है।

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो ये अमेरिका में हनुमान जी की तीसरी सबसे बड़ी मूर्ति है। इस प्रतिमा का नाम ह्यस्टैच्यू ऑफ यूनियनह्ल रखा गया है। जानकारी के मुताबिक यह मूर्ति श्री राम और सीता के पुनर्मिलन में भगवान हनुमान की भूमिका को याद करती है। यह मंदिर टेक्सास के शुगर लैंड में श्री अष्टलक्ष्मी मंदिर में बनाया गया है। इस परियोजना के पीछे दूरदर्शी परम पावन श्री चिन्नाजीयर स्वामीजी हैं।

मूर्ति के बारे में अधिक जानकारी पाएं यहां

स्टैच्यू ऑफ यूनियन की वेबसाइट पर कहा गया है कि यह मूर्ति उत्तरी अमेरिका में भगवान हनुमान की सबसे ऊंची मूर्ति है, जो ह्यशक्ति, भक्ति और निस्वार्थ सेवा का प्रतीक है।ह्ल वेबसाइट पर कहा गया है, ह्ययह हमारे लिए एक अवसर है कि हम एक समुदाय के रूप में भविष्य की पीढ़ियों के लिए भगवान हनुमान का दिव्य आशीर्वाद प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त करें।

प्रतिमा के बारे में बताते हुए वेबसाइट कहती है, टेक्सास के शुगर लैंड में श्री अष्टलक्ष्मी मंदिर में स्थित, पंचलोहा अभय हनुमान 90 फीट ऊंचे होंगे - जो परोपकार, शक्ति और आशा का संचार करेंगे। संघ की प्रतिमा एक आध्यात्मिक केंद्र बनाने के बारे में है जहाँ दिलों को सांत्वना, दिमाग को शांति और आत्माओं को उत्थान का मार्ग मिलता है। हनुमान की पूजा आम तौर पर भगवान को समर्पित मंदिरों में या राम को समर्पित मंदिरों में सहायक व्यक्ति के रूप में की जाती है। हनुमान की कहानी दशकों से विभिन्न संस्कृतियों द्वारा अपनाई गई है।

# जीवन जीना

## विचार-प्रवाह

**जग्गी बासुदेव**

**वास्तविकता** के साथ जीना सीखना सबसे महत्वपूर्ण बात है। आप को कुछ और नहीं करना है। अगर आप अपने मन में चीजों को तोड़ना, मरोड़ना, बिगाड़ना बंद कर दें और हरेक चीज को वैसी ही देखें जैसी वह है, तो मुक्ति आपसे बस एक कदम ही दूर है। आप को कुछ भी नहीं करना है, समय ही सब कर लेगा। समय आप को किसी और तरह से परिपक्व कर देगा।

आप को बस अपने आप को ऐसे बनाना है कि आप कोई कल्पनायें न करें, अच्छी या बुरी। आप कोई भगवान या शैतान न बनाएं, स्वर्ग और नर्क, अच्छा और खराब न बनाएं। ऐसा कुछ भी न हो कि, ₹मैं इस व्यक्ति को पसंद करता हूँ, उसे नहीं करता₹। आप हर चीज को उसी तरह से देखना सीख लें, जैसी वो है, बस यही सब कुछ है। किसी खास समय पर, कुछ विशेष गतिविधि के लिये, हमें चीजों को एक विशेष रूप में देखना पड़ सकता है। बाकी समय आप उन्हें बस वैसी ही देखिए, जैसी वे हैं।

अगर आप चीजों को वैसे ही देखते हैं जैसी वे हैं, तो आप देखेंगे कि जीवन केवल इस या उस रूप में नहीं होता। ये पूरे ब्रह्माण्ड में हर तरफ विस्फोटित हो रहा है। यह ब्रह्माण्ड एक जीवित ब्रह्माण्ड है। इस बात को आप तभी देख सकेंगे जब आप हर किसी की पहचान इस तरह से करना बंद कर दें, ₹यह जीवन है, यह जीवन नहीं है, इसमें प्राण हैं, इसमें प्राण नहीं हैं, यह पुरुष है, यह स्त्री है₹। हर चीज को बस वैसी ही देखिए जैसी वह है। तो, 'यही सब कुछ है' जैसा कुछ भी नहीं होता। यह तल्लीन हो जाने की एक अंतहीन प्रक्रिया है। मान लीजिये कि एक ऐसी स्थिति हो जब आप कहें, 'यही सब कुछ है'।

> **संथालपरगना** में 1951 के बाद जनगणना के अनुसार 2011 तक आदिवासी समाज की संख्या 45 प्रतिशत से घटकर 28 प्रतिशत तथा पूरे देश में इस दौरान हिंदुओं की संख्या 4 प्रतिशत घटी लेकिन संथालपरगना में यह लगभग 23 प्रतिशत घटी।
>
> **– डॉ निशिकांत दूबे, सांसद**

## आपके ट्वीट

> **झारखण्ड** में हमने पिछले 24 सालों में कई सरकारें देखी हैं, पर हमारी बहन-बेटियों के उत्थान और उन्हें सशक्त बनाने के लिए जमीनी स्तर पर काम करने का संकल्प सिर्फ हमारी सरकार ने दृढ़ता से निभाया है।
>
> **– हेमंत सोरेन, सीएम**





> **पश्चिम बंगाल,** यूपी, बिहार के बाद महाराष्ट्र में भी बेटियों के खिलाफ शर्मनाक अपराध सोचने पर मजबूर करते हैं कि हम एक समाज के तौर पर कहां जा रहे हैं?
>
> **– राहुल गांधी, सांसद**

# आलोचकों की परवाह न कर अपनी राह चलते हैं प्रधानमंत्री मोदी

## सामयिक

**प्रो.संजय द्विवेदी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी में कुछ तो खास है कि वे अपने विरोधियों के निशाने पर ही रहते हैं। इसका खास कारण है कि वे अपनी विचारधारा को लेकर स्पष्ट हैं और लीपापोती, समझौते की राजनीति उन्हें नहीं आती। राष्ट्रहित में वे किसी के साथ भी चल सकते हैं, समन्वय बना सकते हैं, किंतु विचारधारा से समझौता उन्हें स्वीकार नहीं है। उनकी वैचारिकी भारतबोध, हिंदुत्व के समावेशी विचारों और भारत को सबसे शक्तिशाली राष्ट्र बनाने की अवधारणा से प्रेरित है। यह गजब है कि पार्टी के भीतर अपने आलोचकों पर भी उन्होंने कभी अनुशासन की गाज नहीं गिरने दी, यह अलग बात है कि उनके आलोचक राजनेता ऊबकर पार्टी छोड़ चले जाएं। उन्हें विरोधियों को नजरंदाज करने और आलोचनाओं पर ध्यान न देने में महारत हासिल है। इसके उलट पार्टी से नाराज होकर गए अनेक लोगों को दल में वापस लाकर उन्हें सम्मान देने के अनेक उदाहरणों से मोदी चकित भी करते हैं।

किसी व्यक्ति की लोकतांत्रिकता उसकी अपने दल के साथियों से किए जा रहे व्यवहार से आंकी जाती है। मोदी यहां चौंकाते हुए नजर आते हैं। वे दल के सर्वोच्च नेता हैं किंतु उनका व्यवहार ह्यआलाकमानह्ल सरीखा नहीं है। आप उन्हें तानाशाह भले कहें, किंतु तटस्थ विश्लेषण से पता चलता है कि 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद आजतक उनकी आलोचना करने वाले अपने किसी साथी के विरूद्ध उन्होंने कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं होने दी। कल्पना करें कि किसी अन्य दल में अपने आलाकमान या सर्वोच्च नेता की आलोचना करने वाला व्यक्ति कितनी देर तक अपनी पार्टी में रह सकता है। नरेन्द्र मोदी यहां भी रिकार्ड बनाते हैं, जबकि भाजपा में अनुशासन को लेकर कड़ी कारवाई होती रही हैं। भाजपा और जनसंघ के दिग्गज नेताओं में शामिल रहे बलराज मधोक से लेकर कल्याण सिंह, उमा भारती, बाबूलाल मरांडी, बीएस येदुरप्पा जैसे दिग्गजों पर कार्रवाई हुई है, तो गोविंदाचार्य पर भी एक कथित बयान को लेकर गाज गिरी। उन्हें अध्ययन अवकाश पर भेजा गया, जहां से आजतक उनकी वापसी नहीं हो सकी है। मोदी का ट्रैक अलग है। वे आलोचनाओं से घबराते नहीं और पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र की छूट देते हुए अपने आलोचकों को भरपूर अवसर देते हैं।

यह कहा जा सकता है कि मोदी आलोचनाओं के केंद्र में रहे हैं, इसलिए इसकी बहुत परवाह नहीं करते हैं। वे कहते भी रहे हैं कि उनके निंदक जो पत्थर उनकी ओर फेंकते हैं, उससे वे अपने लिए सीढ़ियां तैयार कर लेते हैं। 2014 में उनके प्रधानमंत्री बनने के बाद पार्टी के भीतर भी उनके आलोचकों और निंदकों की पूरी फौज सामने आती है, जो तमाम मुद्दों पर उन्हें घेरती रही है। आश्चर्यजनक रूप से मोदी उनके विरुद्ध पार्टी के अनुशासन तोड़ने जैसी कार्रवाई ही भी नहीं होने देते हैं। इसमें पहला नाम गांधी परिवार से आने वाले वरुण गांधी का है, जिन्हें भाजपा ने सत्ता में आने के बाद संगठन में महासचिव का पद दिया। वे सांसद भी चुने गए। किंतु पार्टी संगठन में उनकी निष्क्रियता से महासचिव का पद चला गया और वे मोदी के मुखर आलोचक हो गए। अपने बयानों और लेखों से मोदी को घेरते रहे।

बावजूद इसके न सिर्फ उनको 2019 में भी लोकसभा का टिकट मिला, बल्कि आज भी वे पार्टी के सदस्य हैं। खुलेआम आलोचनाओं और अखबारों में लेखन के बाद भी उन्हें आज तक एक नोटिस तक पार्टी ने नहीं दिया है। हां, इस बार वे टिकट से जरूर वंचित हो गए। उनकी जगह कांग्रेस से आए जितिन प्रसाद को पीलीभीत से लोकसभा का टिकट मिल गया। जतिन जीत भी गए।

## कार्टून वर्ल्ड

काले धन की ताकत ...



साभार ट्विटर डॉट कॉम

## लेटर टू एडिटर

### सच सामने आए

**लगभग** 6 सालों के बाद ड्रैगन के कुत्सित इरादों की पोल पट्टी जिस तरह से खुली है। इस समय पूरी दुनिया कोरोना से लड़ रही है मगर चीन अपने काम-धंधे में व्यस्त है। वहां कोरोना संक्रमण से मौतों की कोई खबर नहीं आ रही है। चीन ने दुनिया के साथ जिस तरह धोखे पर धोखे किए हैं, उससे उसकी कलई खोलना जरूरी है। समस्त राष्ट्र एक होकर चीन को रोकें।

**–अमृतलाल, रांची**

### कैसा अमृत महोत्सव

आजादी के अमृत महोत्सव के आयोजन का तात्पर्य यह तो नहीं कि देश की आंखों में सुखद स्वप्न भर जगाकर, इतिश्री मान ली जाए? लेखक की आकांक्षा है कि राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक आजादी का लाभ देश के हर आम आदमी को मिले-तब ही यह आयोजन सफल माना जा सकेगा। संसद में हमारी भारतीय संसद में नकारात्मक कारणों से हाहाकार है। **–रवि, हजारीबाग**

# शहनाई का खत उस्ताद बिस्मिल्लाह खान के नाम

## संस्मरण

**सविता आनंद**

प्रिय बिस्मिल्लाह,

हमने आजादी के स्वर्ण युग का जश्न भी साथ मनाया पर अफसोस हम आजादी के अमृत महोत्सव में शामिल न हो सके और शायद देश भी हमारे योगदान को तब तक भुला चुका था। शायद तुम्हारी बूढ़ी कांपती उंगलियों से निकले स्वर, उन कानों तक नहीं पहुंच सके जो अकसर हर शुभ अवसर में, हर प्रायोजन में हमें बुलावा भेजा करते थे। शायद तुम मुझे भी अपने साथ ले गए और मैं फिर से उसी दौर को जीने को मजबूर हूं, जो गुमनामी में पहले जिया करती थी। मुझे तुमने जो मान दिया मैं उसके लिए सदा के लिए तुम्हारी आभारी हो गई। घर की ड्योढ़ी और आंगन से निकालकर तुमने मुझे कैसे सातवें आसमान पर बैठा दिया और पूरे विश्व को शहनाई की स्वर लहरियों से गुंजायमान कर दिया इसका कोई सानी नहीं है। तुमने मुझे साधारण से असाधारण बना दिया। लोग कहते हैं कि मैं शादियों की शहनाई हूं, पर तुम्हारी उंगलियों ने मुझे आध्यात्म की आवाज बना दिया। मंदिर की सीढ़ियों पर, गंगा के किनारे, तुम्हारे साथ मैंने मोक्ष की ध्वनि भी गुंजाई। तुम्हारी हर तान में मैं तुम्हारे दिल की धड़कन को महसूस कर सकती थी। तुमने मुझे बस एक वाद्य यंत्र नहीं समझा, बल्कि एक जीवित साथी के रूप में अपनाया। तुम्हारे बिना मेरा अस्तित्व अधूरा है, जैसे तुमने मुझे अपनी आत्मा का अंश बना लिया हो।

मुझे दुःख होता है जब सोचती हूं कैसे बाबा काशी विश्वनाथ के प्रति तुम्हारी अपार श्रद्धा थी और जब भी तुम काशी से बाहर रहते थे तब काशी स्थित बालाजी मंदिर की दिशा की ओर मुंह करके बैठते थे। काशी में संगीत आयोजन की एक प्राचीन एवं अद्भुत परंपरा थी लेकिन बिस्मिल्लाह बाबा विश्वनाथ के जीर्णोद्धार में तुम्हें और मुझे भुला दिया गया।

तुम्हारे जाने के बाद, मेरी आवाज में वह जादू भी नहीं रहा। मुझे बजाने वाले तो कई हैं, पर तुम्हारी वो खास बिस्मिल्लाह की तान अब कोई नहीं छेड़ता। वो कजरी, वो चैती अब कहीं सुनाई नहीं पड़ती। मुझे लगने लगा है मैं भी तुम्हारे साथ उसी रोज दफन हो गई थी, जिस रोज फातमान दरगाह पर तुम्हारी मजार को पूरा करने पर राजनीति होने लगी। उसे पूरा होने में दस साल लग गए और ये दस साल मेरे लिए किसी कैदखाने से कम नहीं थे।

मुझे एहसास हुआ कि ये दुनिया चढ़ते सूरज को ही सलाम करती है, बुझ जाने के बाद सब एक लौ की माफिक ही याद आते हैं। जिस बिस्मिल्लाह ने शहनाई को दुनिया के मानचित्र पर बनारस के समकक्ष लाकर खड़ा कर दिया, जिस बिस्मिल्लाह से बनारस के घाटों की हर सुबह शहनाई की गूंज से सरोबार होती थी, जिस बिस्मिल्लाह ने ताउम्र गंगा जमुनी तहजीब की बेजोड़ मिसाल कायम की, उसी बिस्मिल्लाह को सब इतनी जल्दी भूल गए यह भी भारत रत्न मिलने जैसे ही अनुभव होता होगा शायद?

तुम्हारे बिना, मैं खोई-खोई सी हूं। मैं इंतजार करती हूं, शायद किसी दिन तुम फिर से आओ और दालमंडी के हड़हा सराय का बाठ देखता तुम्हारा मकान फिर से बैठकों के उस दौर से जीवंत हो उठे जो तुम अपने संगी साथियों के साथ जिया करते थे। इस मकान में कभी कभार दूरदराज से कोई राहगीर चले आते हैं देखने की भारत रत्न कैसे रहा करते थे। कैसे अपनी संगीत साधना से बिना किसी लाग लपेट के देश का गौरव बन बैठे और देश के सभी सर्वोच्च सम्मान पाकर भी लेशमात्र न इतराए। सही मायनों में भारत रत्न भारत का गौरव इसे ही कहते हैं शायद? बिस्मिल्लाह तुम भारत रत्न के सही मायनों में पैरोकार हो।

तुम्हारी पुण्यतिथि पर सब तुम्हें याद करेंगे। तुम्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे लेकिन शायद इस मकान की धरोहर की ओर फिर किसी का ध्यान न जाएगा। लेकिन मैं ये सोचकर ही गौरवान्वित हो उठती हूं कि जब भी देश में सांझी संस्कृति की बात होगी, तब उस्ताद बिस्मिल्लाह की बात होगी। जब भी शहनाई का जिक्र होगा, उस्ताद ही जहन में होंगे। जब भी बनारस का नाम लिया जाएगा। उस्ताद का नाम सर्वोपरि होगा। जब भी मां गंगा को पुकारा जाएगा उस्ताद बहती नदी की तरह उसमें शामिल होंगे....और मैं तुम्हारी इन सभी यादों में बहती धारा की तरह सदा मुश्तमिल (शामिल) रहूंगी।

## स्पीड न्यूज

### दारू में आठ घंटे तक सड़क जाम



**दारू।** आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट के द्वारा दिए गए फैसला के खिलाफ बुधवार को दारू प्रखंड में भारत बंद का व्यापक असर दिखा। प्रखंड के दारू और झुमरा चौक में बन्द् समर्थकों ने सुबह 7 बजे से ही सड़क पर बांस की बल्ली लगाकर जाम कर दिया। जाम के दौरान वाहनों की लंबी कतारे सड़क के दोनों और लगा गई ।इस जाम में बाइक और छोटी गाड़ियों को भी नहीं जान दिया जा रहा था ,बड़ी आरजू मिन्नत करने के बाद कुछ बाइक और एंबुलेंस वाहन को जाने दिया गया। सड़क बंद के दौरान राहगीर काफी परेशान दिखे। बंद के दौरान विशेष परेशानी महिलाओं , छोटे छोटे बच्चों और बुजुर्ग को हुई, वे सब भीषण गर्मी मे पसीने से तरबतर नजर आये। बंद समर्थक संविधान अमर रहे, बाबा साहब अम्बेदकर अमर रहे के नारे लगा रहा थे। बंद के दौरान दारु थाना से एएसआई श्रवण पासवान, गणेश हांसदा दलबल के साथ जामस्थल पर डटे रहे और जाम खुलवाने का प्रयास करते रहे ।इस दौरान अंचलाधिकारी नवीन भूषण कुल्लू और बीडीओ हारून रशीद भी काफी सक्रिय नजर आये। झुमरा मे सुबह साथ बजे लगाया जाम आठ घंटा बाद तीन बजे आवागमन सामान्य हो पाया।

### वर्गीकरण बंद करे सुप्रीम कोर्ट : बेदिया



**बड़कागांव।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव एवं हजारीबाग मुख्य संयोजक संजीव कुमार बेदिया के नेतृत्व में हजारीबाग जिला के 16 प्रखंडों में बड़कागांव, उरीमारी ,राजाबागी,केरेडारी ,कटकमदाग ,फटहा चौक इत्यादि जगहों पर, भारत बंद का समर्थन किया गया है। श्री बेदिया ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट एसटी,एसी को वर्गीकरण करने का कार्य कर रही है। आदिवासी और मूलनिवासी को के लिए विकास होने में बाधित उत्पन्न हो सकता है जिसके विरुद्ध में पूरे भारत बंदी का समर्थन झारखंड मुक्ति मोर्चा कर रही है। मौके पर केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी जिला, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय सिंह ज़िला झामुमो वरिष्ठ नेता सह प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां उपाध्यक्ष संजय करमाली प्रखण्ड कोषाध्यक्ष इंद्रदेव राम ,कटकमदाग प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद बांडों संजय रविदास , अशोक महतो,महेंद्र पासवान संजय करमाली उदय मेहता ,रेशमी टुडू अमित कुमार,संदेव कुमार, पंकज करमारी, सुरज वर्मा कृष्णा प्रजापति ,प्रयाग महतो सुरेश गिर्री,अनुज कुमार इत्यादि लोगों ने धरना को समर्थन दिया।

### रामगढ़ में भी बंद रहा असरदार



**रामगढ़।** आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के आह्वान पर भारत बंद में कई लोग शामिल हो गए हैं। बुधवार को इस बंद का असर रामगढ़ जिले में भी देखने को मिला है। सुबह से ही आरक्षण के मुद्दे पर लोग सड़क पर निकले और उन्होंने रोड जाम कर दिया। फोरलेन में कई जगहों पर गाड़ियों को बीच सड़क पर लगाकर आवागमन बाधित कर दिया गया। रामगढ़ शहर में भी सुभाष चौक पर आंदोलन कर रहे लोगों ने सड़क को जाम कर दिया। इस राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन का आह्वान हाल ही में सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आरक्षण पर फैसला सुनाने के विरोध में किया गया है। आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के अलावा कई दूसरे संगठनों ने भी इस बंद का समर्थन किया है।

### बड़कागांव प्रखंड में नहीं चले वाहन

**बड़कागांव।** एसटी एससी ओबीसी का आरक्षण में क्रीमी लेयर करने के विरोध में बड़कागांव में अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग द्वारा बड़कागांव बंद किया गया। बंद करने के लिए लोग 6:00 बजे सुबह मुख्य चौक पहुंचे एवं पंडाल लगाकर धरना पर बैठ गए। साथ ही बड़कागांव बाजार एवं दुकानों में घूम कर लोगों को आग्रह पूर्वक समर्थन मांगा। बड़कागांव - केरेडारी रोड, बड़कागांव- बादम रोड, बड़कागांव - हजारीबाग रोड , बड़कागांव उरीमारी रोड में वाहन नहीं चले। दुकान बंद रहे। धरना की अध्यक्षता प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां एवं संचालन कृष्णा राम व पूर्व मुखिया दीपक दास ने किया ।बंद का नेतृत्व पसस प्रभु राम,निर्मल राम,भोक्ता समाज के अध्यक्ष सह पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि कालेश्वर गंझू ,अखिल भारतीय भुइयां समाज प्रखंड अध्यक्ष प्रभु भुइयां,पूर्व मुखिया विशुन रजक, प्राचार्य राम सेवक महतो,पसस प्रतिनिधि सुरेश चौधरी,दिनेश्वर पासवान व बैजनाथ रजक ने किया।

### श्रीमद भागवत कथा को लेकर बैठक



**रामगढ़।** 23 अगस्त से आरंभ हो रहे श्रीमद भागवत कथा को लेकर बुधवार को आयोजन समिति द्वारा साहू धर्मशाला में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अध्यक्षता झारखंड वैश्य समाज के केंद्रीय अध्यक्ष नंदू गुप्ता एवं संचालन शिवशंकर साहू ने किया। जबकि बैठक में बतौर अतिथि कमल बगड़िया, समाज सेवी अमित सिन्हा, मधु गुप्ता, अरविंद गुप्ता उपस्थित हुए। बैठक में बताया गया की 23 अगस्त से शुरू हो रहे श्रीमद भागवत कथा के आयोजन को लेकर शहर के गणमान्य लोगों, माताओं एवं बहनों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। बताया गया की श्रीमद भागवत कथा आयोजन को लेकर आयोजन स्थल साहू धर्मशाला से 23 अगस्त को सुबह 8:30 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें बड़ी संख्या में माता एवं बहनें कलशों के साथ शामिल होंगी। कलश यात्रा के दौरान राजू हलचल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया जाएगा। कथा के आयोजक स्वामी पुरूषोत्तमानंद तीर्थनाथ जी हैं। बैठक में धर्मेन्द्र साह, बिनोद कुमार, चंदेश्वर प्रसाद, गुडिया देवी, सीता देवी, प्रबोध कुमार, संजय कुमार साह, सुरेंद्र साव, राजकिशोर साह, गोमती कुमारी, रेणू देवी, राधिका देवी, नरेश प्रसाद साह आदि उपस्थित थे।

# कोयलांचल में बंद का व्यापक असर

**भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल, सयाल-उरीमारी में बैंक, पोस्ट ऑफिस, स्कूल, दुकाने रहीं बंद और कोयले की ढुलाई नहीं होने से लाखों रुपये का नुकसान**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** उच्चतम न्यायालय द्वारा प्रस्तावित अनुसूचित जाति-जनजाति आरक्षण में वर्गीकरण के विरोध में बुधवार को आहुत देशव्यापी बंदी का कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल, सयाल-उरीमारी सहित आसपास के क्षेत्रों व्यापक असर रहा। भारत बंद को ले एसटी एससी समुदाय के लोगों सहित बंद समर्थक सुबह से ही भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल, सयाल-उरीमारी के सड़कों पर झंडा-बैनर लेकर उतरें। साथ ही सरकार विरोधी नारे लगाते हुए जाति आधारित जनगणना जल्द कराओ, एससी एसटी आरक्षण में वर्गीकरण मंजूर नहीं, संविधान से छेड़छाड़ बंद करो, अन्याय अब नहीं सहेंगे, एससी/एसटी एकता जिंदाबाद का नारा भी बुलंद करते हुए सभी दुकान-प्रतिष्ठानों को बंद करा दिया। इस दौरान दौरान बैंक, पोस्ट ऑफिस, स्कूल, कोचिंग सहित अन्य शिक्षक संस्थान भी बंद रहें।

वहीं यात्री वाहनो का परिचालन ठप रहने के कारण यात्रियों को अपने गणतव्य स्थान तक पहुंचने में भारी समस्याओं का सामना करना पड़ा। बंदी के तहत राजनैतिक दल और सामाजिक संगठनों के लोग सड़क पर उतरकर सौंदा डी मुख्य मार्ग, मतकमा चौक, सयाल मोड से सेंट्रल सौंदा जाने वाले रास्ते में बड़ा ऑफिस के पास बास-बल्ली के सहारे सड़को को अवरूद्ध कर दिया। इससे चार पहिया तो दूर दो पहिया वाहन चलाने वालो लोगों को भी आवागमन करने में भारी दिक्कतें उठाने पड़ी। भुरकुंडा बाजार में अधिकतर दुकानें स्वतः बंद रहीं। जबकि बंद समर्थक मुख्य मार्गों पर मोटरसाइकिल जुलूस निकालकर खुली हुई दुकानों को भी बंद करा दिये।

इस दौरान सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। सड़कों पर ट्रक, हाईवा और ऑटो आदि गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। भुरकुंडा के मतकमा चौक पर बड़ी संख्या में बंद समर्थक सड़क पर उतरे और नारेबाजी करते हुए रामगढ़-पतरातू फोरलेन सड़क जाम कर दिया। जिससे दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई और आवागमन ठप हो गया। इधर सौंदा डी बाजार में बंद समर्थकों ने बांस-बल्ली से सड़क जामकर भुरकुंडा-सौंदा बस्ती मार्ग पर आवागमन बाधित कर दिया। सयाल-उरीमारी में भी लोगों ने सड़क को जाम रखा। सीसीएल में प्रोडक्शन सामान्य दिनों की तरह जारी रहा। लेकिन कोयले का संप्रेषण पूरी तरह से ठप रहा। इससे सीसीएल को लाखों रुपए के नुकसान होने का अनुमान है। विधि-व्यवस्था बनाए रखने में भदानीनगर ओपी प्रभारी संजय कुमार रजक, बासल थाना प्रभारी, कैलाश कुमार, उरीमारी ओपी प्रभारी रामकुमार राम और भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार, एसआई अविनाश कुमार, एसआई निर्भय कुमार गुप्ता सशस्त्रब बल के साथ जुटे थे।अनुसूचित जाति-जनजाति आरक्षण में वर्गीकरण के विरोध में आहूत 21 बंदी का कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल, सयाल-उरीमारी में व्यापक असर देखने को मिला। बंद के समर्थन में दर्शन गझू, झरी मुंडा, संदीप उरांव, संजय वर्मा, रामदास बेदिया, रामफल बेदिया, किशुन नायक, नागेंद्र प्रसाद, प्रमोद राम, संतोष उरांव, राजन राम, आजाद अंसारी, संतोष पासवान, राज करमाली, जय बेदिया, भोला राम, अरविंद राम, विजय राम, दिनेश राम, कनाही राम, महेंद्र मुंडा, राजन करमाली, कर्मवीर राम, शशि करमाली, अशोक कुमार दास, किशोर कुमार, शिवा भुंइया, दीपक उरांव, प्रदीप राम, मनोज करमाली, बालेश्वर राम, राजेंद्र करमाली, राजू मुंडा सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

# रामगढ़ में ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**अपाचे मोटरसाइकिल से जा रहे रितेश कुमार को पुलिस ने पकड़ा**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** रामगढ़ शहर में ब्राउन शुगर की तस्करी कर रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके पास से छह ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया है। इस मामले की जानकारी बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि रामगढ़ पुलिस को शहर में ब्राउन शुगर मादक पदार्थ की तस्करी करने की सूचना मिली थी। इस सूचना के आधार पर मंगलवार के देर रात रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, प्रभारी थाना प्रभारी सौरभ कुमार ठाकुर और पुलिस की टीम ने राजा बांग्ला के पास ट्रैप बिछाया। इस दौरान एक ब्लू रंग की अपाचे मोटरसाइकिल से जा रहे युवक रितेश कुमार उर्फ बॉबी को पुलिस ने पकड़ा। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि वह बस स्टैंड के पीछे आदर्श नगर में रहता है और वह ब्राउन शुगर की तस्करी करता है। उसके पास से 6 ग्राम ब्राउन शुगर मिला है। साथ ही एक वजन करने वाला मशीन, एक मोबाइल भी बरामद किया गया है। इसके अलावा उसकी मोटरसाइकिल जेएच 24 जे 5230 को जब्त किया गया है।

**चतरा से होता है सप्लाई :** पूछताछ के दौरान रितेश ने पुलिस को बताया कि रामगढ़ शहर में ब्राउन शुगर की सप्लाई चतरा जिले से होती है। उसके अलावा इस टीम में कई लोग शामिल हैं, जो अलग-अलग इलाके में ब्राउन शुगर की तस्करी करते हैं। उसने कई लोगों के नाम पुलिस को बताए हैं। साथ ही ब्राउन शुगर सप्लाई करने वाले टीम की भी जानकारी दी है। छापामारी में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ परमेश्वर प्रसाद, थाना प्रभारी सौरभ कुमार ठाकुर, पुअनि बीरबल हेम्ब्रम, सुमन्त कुमार राय, ओमकार पाल, राजेश मुंडा, सुजीत कुमार सिंह, विवेक तिवारी, सोमा उरांव व महेश मुंडाशामिल थे।

### दारू प्रखंड में हाथियों ने मचाया उत्पात

**दारू।** दारू वन प्रक्षेत्र में विष्णुगढ़ व टाटीझरिया में उत्पात मचाने के बाद मंगलवार के शाम 6:30 बजे पिपचो गांव के पास सिवाने नदी के पास 29 हाथियों का झुंड आ धमके ।इसकी सूचना पाकर वन विभाग के लोग रात भर भागने की प्रयास करते रहे। हाथियों के झुंड ने चिरुवां में प्रकाश साव के मकई व बाउंड्री, हरी साव का मकई व तार का घेरा, छोटन प्रसाद का मकई व बाउंड्री,झमन साव का मकई व बाउंड्री, जगदीश साव का मकई व बाउंड्री को नष्ट किया। हाथियों के इतनी झुंड देख क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है ।इसके अलावे बीती रात दारुडीह में संतोष कुमार, जयनारायण सत्यार्थी, तथा जबरा में मोहम्मद यासीन, मोहम्मद तोहिद, मुमताज आलम सहित अन्य लोगों की धान की फासलें बर्बाद कर दी और चारदिवारी को भी तोड़ दिया । समस्त किसानों के द्वारा दारू अंचलाधिकारी और वन विभाग को आवेदन देकर मुआवजे की मांग की जाएगी।

# क्वालिटी एजुकेशन पर फोकस: डीएसइ

**खबर मन्त्र से बातचीत में आकार कुमार बोले-विभागीय कार्यों के निष्पादन में कोई कोताही बरती नहीं जायेगी**

**खबर मंत्र संवाददाता**



**हजारीबाग।** इंजीनियर के पद पर सेवा दे चुके नवपदस्थापित डीएसई आकाश कुमार ने मंगलवार को खबर मंत्र से खास बातचीत में कहा कि शिक्षकों के सहयोग से उनका फोकस क्वालिटी एजुकेशन पर है। इससे बच्चों के बेहतर भविष्य का निर्माण हो सकेगा। इसके साथ ही विभागीय कार्यों के निष्पादन में किसी प्रकार की कोताही बरती नहीं जाएगी। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपनी परेशानियों को उनके साथ साझा कर सकते हैं। प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का हल निकाला जाएगा। सभी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे तो निश्चित रूप से शिक्षा का विकास होगा। सहयोग व सहभागिता के जरिए ही बेहतर कल का निर्माण संभव है। विभागीय प्राथमिकताओं पर बात करते हुए कहा कि फिलहाल कोर्ट से आदेशित नियुक्ति को लेकर चल रही स्क्रूटनी प्रक्रिया के निष्पादन में लगें हैं। एक-दो दिनों में सूची का प्रकाशन कर दिया जाएगा। 25 तारीख से कॉउंसलिंग होगी। थोड़ी-बहुत कहीं दिक्कतें आ रहीं हैं तो उसके पीछे मैन पावर की कमी को बताया। अंतरजिला स्थानांतरित शिक्षकों की पदस्थापना के बाबत कहा कि महिलाओं, दिव्यांगों व असाध्य रोग से पीड़ितों को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही एक शिक्षकीय व सरकारी शिक्षक विहीन विद्यालयों पर भी फोकस है। इस पर निरंतर कार्य की जा रही है। जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक सप्ताह से दस दिनों के भीतर होने की उम्मीद जताई। कहा कि जितने भी विभागीय कार्य हैं उसका निष्पादन स-समय पूर्ण करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### डांड के मजदूर का मुंबई में निधन, गांव में पसरा मातम



**कटकमसांडी।** प्रखंड के ग्राम पंचायत डांड निवासी सचिंद्र यादव (35वर्ष) का मुंबई में सोमवार रात निधन हो गया। इसकी सूचना सुबह मिलते ही पत्नी पार्वती देवी, दो बेटी और एक लड़का सभी को रो रो कर के बुरा हाल है । परिजनों के अनुसार मृतक का इलाज मुंबई के साताबादी हॉस्पिटल में चल रहा था इलाज के दौरान हॉस्पिटल में 19 अगस्त को हो गई मौत। सचिंद्र वहां मजदूर के रूप में कार्यरत था।

**नव झारखंड फाउंडेशन के किशोरी राणा ने की सहायता :** इस दुखद हादसे की सूचना मिलते ही समाजसेवी और नव झारखंड फाउंडेशन केंद्र के फाउंडर किशोरी राणा के प्रयास से मृतक का पार्थिक शरीर गांव लाया गया ।मृतक को परिजनों को हर संभव सहयोग का ढांढस बंधाया। समाजसेवी किशोरी राणा ने कहा कि झारखंड के नौजवानों की मौत के मुंह में समा जाने की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई लोगों की मौत हो चुकी है।

# एनटीपीसी ने छात्रों को किया सम्मानित

**उत्कर्ष मेरिटोरियस अवार्ड और केडीसीएमपी स्कॉलरशिप दिया**



**केरेडारी।** एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना के नैगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत परियोजना से प्रभावित स्कूलों और गांवों के उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों वाले विद्यार्थियों को उत्कर्ष मेरिटोरियस अवार्ड और केडीसीएमपी स्कॉलरशिप से सम्मानित किया। ये स्कॉलरशिप संस्कार महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश प्रसाद एवं उपाध्यक्ष श्रीमती राखी गुप्ता द्वारा प्रदान की गईं और इनका उद्देश्य शैक्षिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करना और पिछडे. समुदायों के छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाना है। उत्कर्ष छात्रवृत्ति योजना के तहत, हरला गांव के परियोजना-प्रभावित क्षेत्र के आयुष राज को चार वर्षों के लिए 90,000 रुपये छात्रवृत्ति दी गई। यह पुरस्कार उन्हें एनआईटी अगरतला में प्रवेश के लिए दिया गया। इस वर्ष उत्कर्ष छात्रवृत्ति योजना के तहत कुल 4 छात्रों को सम्मानित किया गया।आयुष राज के अलावा, 2023 की मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए यूएचएस, बसरिया के तीन उत्कृष्ट छात्रों को सम्मानित किया गया।

ये छात्र विभिन्न श्रेणियों जैसे सामान्य, एसटी/एससी वर्ग एवं बालिकाएं थी, और उन्हें 3,000 का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया, जो उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता और क्षमता को रेखांकित करता है। एनटीपीसी केरेडारी परियोजना अपने छात्रवृत्ति कार्यक्रम के माध्यम से यूएचएस, बसरिया के कक्षा 10 के छात्रों की शैक्षणिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस वर्ष, 32 मेधावी छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की गई। 80% या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया, जिसमें शीर्ष तीन को क्रमशः 5,000, 4,000, और 3,000 मिले, और अन्य उच्च-प्राप्त छात्रों को 2,000 प्रत्येक दिया गया। इन छात्रवृत्तियों के लिए कुल वित्तीय प्रतिबद्धता 1,69,000 है, जो ग्रामीण, निम्न-आय वाले परिवारों के छात्रों को प्रेरित करने और समर्थन करने के लिए एनटीपीसी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। केरेडारी परियोजना के परियोजना प्रमुख शिव प्रसाद ने कहा कि ये छात्रवृत्तियां सिर्फ आर्थिक सहायता नहीं है, वे जीवन को बदलने और एक उज्जवल भविष्य के द्वार खोलने के लिए एनटीपीसी केरेडारी के निरंतर प्रयास का प्रतीक हैं। इस वर्ष की छात्रवृत्ति प्राप्तकर्ता अब हजारीबाग और रांची के संस्थानों में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, जिनमें से कई इंजीनियर, डॉक्टर और अन्य पेशेवर बनने की आकांक्षा रखते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में अपर-महाप्रबंधक एस.पी गुप्ता एवं मानव संसाधन विभाग से रोहित पाल का अहम योगदान है।

## एक नजर में

### जिला शिक्षा पदाधिकारी से मिले अजप्टा प्रतिनिधि



**हजारीबाग।** जिला शिक्षा पदाधिकारी( डीईओ) प्रवीण रंजन से मंगलवार को अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ( अजप्टा) के प्रतिनिधियों ने मुलाकात की। इस बाबत डीईओ ने बताया कि शिक्षक संघ से जुड़े राज्यस्तरीय पदाधिकारियों के आग्रह पर मिलने का समय दिया गया था। दरअसल रविवार को शिक्षा अधिकारियों पर दिए गए बयान को लेकर अजप्टा जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। जो सोशल मीडिया में वायरल था। पत्र रिसीव न कराए जाने को लेकर संघ की आपत्ति चर्चा में थी। इस बाबत डीईओ ने बताया कि व्हाट्सएप के जरिए कारण बताओ नोटिस मंगलवार को उन्हें तामील करा दी गई है। बता दें कि अब गुरूवार तक इसका जवाब संघ के जिलाध्यक्ष को देना होगा। डीईओ से यह पूछे जाने पर कि नोटिस छुट्टी के दिन( रविवार) क्यों जारी की गई उन्होंने कहा कि विभागीय कार्य निरंतर होते रहते हैं। इसके लिए छुट्टी का होना कोई बाधा उत्पन्न नहीं करता। उन्होंने कहा शिक्षा के उन्नयन के लिए वे प्रतिबद्ध हैं। ऐसे में शिक्षकों से भी सहयोग की अपेक्षा है। उन्होंने कहा कि आपत्तिजनक बयानबाजी से लोगों को बचने की जरूरत है। चूंकि शिक्षक समाज का केंद्र बिंदु है। अत: शैक्षिक उन्नयन में प्रत्येक शिक्षक की भूमिका व सहभागिता जरूरी है।

### दो युवकों के अपहरण मामले में एक गिरफ्तार



**रामगढ़।** अमन श्रीवास्तव के गिरोह के सदस्यों ने अपने आका को बचाने के लिए दो युवकों का अपहरण किया था। गवाही गुजर जाने के बाद उन दोनों युवकों को अपराधियों के द्वारा छोड़ दिया गया। आपराधिक गिरोह और युवक के परिजनों के बीच मेडिएटर का काम कर रहे प्रेम पांडे उर्फ प्रेम प्रकाश पांडे को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह जानकारी बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान एसपी अजय कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि प्रेम पांडे के द्वारा ही अमन श्रीवास्तव गिरोह का मैसेज भुरकुंडा के युवकों को दिया जा रहा था। एसपी ने बताया कि 13 अगस्त को विक्की साव और शानू कुमार राणा का अपहरण नाटकीय ढंग से किया गया था। उन लोगों को शादी इंगेजमेंट के कार्यक्रम में वीडियोग्राफी करने के लिए वाराणसी जाने की बात कहकर भुरकुंडा से ही कुछ लोग साथ ले गए थे। दोपहर 2:00 बजे से उन लोगों का मोबाइल ऑफ कर दिया। दोनों के घर वालों ने अनहोनी घटना की आशंका से भुरकुंडा पुलिस को लिखित सूचना दी और इस मामले में पुलिस ने तत्काल प्राथमिक की दर्ज की। दोनों युवकों की बरामद के लिए पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार राम, सर्किल इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह, भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने कई स्थानों पर छापेमारी की और जांच-पड़ताल किया। पुलिस ने इस दौरान अपहरणकताओं की एक कार सासाराम के पास से बरामद की, जिस पर फर्जी नंबर प्लेट लगा हुआ था। पुलिस जांच के दौरान यह सामने आया कि 2015 में पतरातू बाजार में पांडे गिरोह के तत्कालीन संचालक किशोर पांडे के पिता कामेश्वर पांडे की सुशील श्रीवास्तव गिरोह ने गोली मारकर हत्या कर दी थी, जिसमें अमन श्रीवास्तव एवं अन्य की संलिप्तता थी। ये लोग वर्तमान में जेल में बंद हैं। इस वारदात में विक्की साव का छोटा भाई अमित साव चश्मदीद गवाह है और 17 अगस्त को उसकी गवाही कोर्ट में होनी थी। जेल में बंद अमन श्रीवास्तव गिरोह के द्वारा अमित साव पर अपने पक्ष में गवाही देने के लिए दबाव बनाया जा रहा था, जिसके लिए प्रेम पांडे एवं भारत पांडे को जिम्मेदारी सौंप गई थी। इस घटना में शामिल प्रेम पांडे उर्फ प्रेम प्रकाश पांडे को जयनगर पतरातू से गिरफ्तार किया गया है। उसने अपने बयान में जेल में बंद अमन श्रीवास्तव से मोबाइल पर बात कर अपहरण करने की साजिश रचने की बात कही है।

### 15 सितंबर तक होगा खेल संघों का निबंधन

**हजारीबाग।** झारखंड ओलंपिक संघ के निर्देश पर जिले के सभी खेल संघों का निबंधन अगले माह की 15 तारीख तक होगा। इस बाबत हजारीबाग ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष अजित साहू ने बताया कि सत्र 2024-25 के लिए खेल संघों का निबंधन आवश्यक है। इस हेतू खेल संघ के अध्यक्ष/सचिव से आह्वान किया गया है कि हजारीबाग ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष से संपर्क स्थापित कर निबंधन किया जा सकता है। कहा कि किसी प्रकार की जानकारी के लिए हजारीबाग ओलंपिक संघ के सचिव चंदेश्वर दास से संपर्क की जा सकती है।

### एसडीपीओ ने दिगवार में साइबर क्राइम को लेकर चलाया जागरूकता अभियान



**दारू।** पब्लिक जागरूकता दिवस के अवसर पर विष्णुगढ़ एसडीपीओ बैद्यनाथ प्रसाद ने बुधवार को साइबर क्राइम , रोड सेफ्टी व महिला सुरक्षा को लेकर दारू थानाक्षेत्र के दिगवार में जगरूकता अभियान चलाया। इस दौरान एसडीपीओ बैद्यनाथ प्रसाद ने लोगो को बताया कि 21 वीं सदी के इस दौर में साइबर क्राइम सम्पूर्ण भारत मे एक बहुत बड़ी चुनौती बनी हुई है ।साइबर क्राइम में विशेषकर वैसे लोग जुड़े हुए है जो प्राइवेट इंजिनयरिंग कॉलेज से डिग्री लेकर बेरोजगार हो गए है। साइबर क्राइम समाप्त करने के लिए भी हमलोग काफी प्रयासरत है ।इसी निमित हजारीबाग में साइबर क्राइम का एक अलग थाना बनाया गया है। जहां हमलोग साइबर से जानकर इंजिनयरिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों को बहाल कर रहे है। साथ ही साथ हमलोगों ने हाई कोर्ट को अलग से साइबर क्राइम कोर्ट की मांग की है ताकि इससे जुड़े मामले का अतिशीघ्र निष्पादन हो सके और क्राइमर को जल्द से जल्द सजा मिल सके और भुक्तभोगियों को लाभ मिल सके ।उन्होंने कहा कि अगर आपसे किसी प्रकार की साइबर क्राइम से आपके पास ठगी होती है तो आप 1930 नम्बर पर डायल करे । वहां एक वेवसाइट काम करता है। साथ ही साथ वहां से जो भी निर्देश दिया जाएगा उसे पूरा करने से आपकी ठगी गई राशि वापस आ सकती है और बहुत लोगो का पैसा वापस आया है ।वहीं आंगो थानाप्रभारी जानू कुमार ने साइबर क्राइम , रोड सेफ्टी व महिला सुरक्षा पर विस्तृत से जानकारी दिया।

उन्होंने महिला पर हो रही अत्याचार के लिए 112 पर डायल करे। पुलिस आपके घर पहुंच कर आपके साथ न्याय करेगी। वहीं स्कूली बच्चियों के लिए माता पिता को चाहिए कि उनको सजग करे। गुड टच व बेड टच की जानकारी दे। अगर किसी बच्ची के साथ कोई अप्रिय घटना घटती है तो इसमें पुलिस की मदद करे क्योंकि पुलिस आपको मदद करेगी । सरकार के द्वारा ऐसे बच्चियों के लिए 800000 रुपए तक कि सहयोग राशि देने का प्रावधान किया है। इसके अलावे एसडीपीओ ने दिगवार + 2 उच्च विद्यालय पहुंच कर साइबर क्राइम, रोड सेफ्टी व महिला सुरक्षा की विस्तृत जानकारी दी।

प्रेसवार्ता में विकास कार्यों को लेकर डॉ. नीरा ने किया पुस्तक का विमोचन

# युवा आक्रोश रैली में पांच हजार कार्यकर्ता होंगे शामिल : डॉ. नीरा यादव

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**कोडरमा।** रांची के मोरहाबादी मैदान में 23 अगस्त को होने वाले युवा आक्रोश रैली में कोडरमा विधानसभा क्षेत्र से भी तकरीबन 5000 कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल होंगे। युवा आक्रोश रैली में ज्यादा से ज्यादा युवाओं को शामिल करने की जोर-शोर से तैयारी की जा रही है। इस बाबत भारतीय जनता युवा मोर्चा के अलावे विभिन्न मंडलों के साथ शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार भाजपा के नेता कार्यकर्ताओं से इस रैली में शामिल होने की अपील कर रहे हैं। बुधवार को इस बाबत प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी देते हुए विधायक डॉ. नीरा यादव ने कहा कि हेमंत सरकार से लोगों को काफी उम्मीदें थी, लेकिन राज्य के युवा इस सरकार से ठगे गए हैं और अब उनका आक्रोश 23 तारीख को होने वाले आक्रोश रैली के जरिए सामने आएगा। उन्होंने कहा कि रैली को लेकर व्यापक तौर पर तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि न तो राज्य के युवाओं को रोजगार मिल पाया और ना ही रोजगार के अभाव में वादा करके हेमंत सरकार बेरोजगारी भत्ता दे पाई। अब समय आ गया है युवा हेमंत सरकार के खिलाफ हुंकार भरने की तैयारी में है, जिसका ट्रेलर 23 अगस्त की आक्रोश रैली में दिखेगा। उन्होंने प्रेस वार्ता के दौरान अपने विधायक काल में पूरे दस साल का उपलब्धियों का लेखा जोखा को लेकर दस साल बेमिसाल नामक पुस्तक का विमोचन किया। इसमें विधायक डॉ. नीरा यादव के द्वारा कराए गए कार्यों का विवरण है, जिसे आम लोगों के सामने प्रस्तुत किए जाएंगे। मौके पर भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेश सिंह, मीडिया प्रभारी मनोज कुमार झुन्नू, अजय कुमार पांडे, संजीव यादव, प्रवीण पाण्डेय, बिनोद कुमार मुन्ना, राजकुमार यादव, रविन्द्र यादव, पंकज सिंह, इंद्र यादव, सचिन यादव आदि मौजूद थे।

## टंडवा औद्योगिक नगर में दिखा भारत बंद का असर

### नहीं चली कोल वाहन, बाजार रहा बंद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**टंडवा (चतरा)।** एससी-एसटी आरक्षण के मुद्दे पर विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा 21 अगस्त को 'संपूर्ण भारत बंद' का आह्वान किया गया था। जिसका व्यापक असर टंडवा कोयलांचल में देखने को मिला।

बंद के कारण यात्री वाहन नहीं चले। टंडवा बाजार की सभी दुकानें बंद रही। स्कूल कॉलेज में छुट्टी दे दी गई थी। सरकारी कार्यालय एवं कुछ सरकारी स्कूल खुले थे। इस बंद को आजसू पार्टी, जेएमएम, आरजेडी कार्यकर्ता का भी समर्थन था। बुधवार को कॉंग्रेस पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने बंद के समर्थन में सड़क पर उतरकर बंद को सफल बनाने में जुट गए। राजीव गांधी पंचायती राज के जिला अध्यक्ष प्रेम रंजन पासवान,ज्योति पासवान, जेएमएम नेता जागेश्वर दास, सुवेश राम, सुभाष दास,पवन पासवान नेताओं ने बाइक से घूम घूम कर टंडवा में बाजार व दुकानों को बंद कराया।

आम्रपाली मगध क्षेत्र में भी बंद का व्यापक असर देखा गया। एस एस+2 हाई स्कूल, डीएवी, डीपीएस में बच्चों की फर्स्ट टर्मिनल परीक्षा शुरू होने वाली थी जिसे रद्द करना पड़ा ।

बंद के दौरान विधि व्यवस्था का जायजा लेने प्रखंड विकास पदाधिकारी देवलाल उरांव एवं अंचल अधिकारी विजय कुमार दास एवं टंडवा प्रखंड क्षेत्र में भ्रमण करते देखे गये। इस क्रम में उन्होंने स्कूल, दुकान एवं परियोजनाओ की जांच की। कई सरकारी स्कूल व कार्यालय खुले थे। बंद के मद्दे नजर एसटी एससी आरक्षण के मुद्दे को लेकर तीन सूत्री मांग राष्ट्रपति के नाम से बीडीओ देवलाल उरांव को मांग पत्र सौपा गया। इस मौके पर विभिन्न संघठनो के लोग उपस्तिथ थे।

## सरकार विरोधी नारा लगाये गये

**डोमचांच (कोडरमा)।** नगर व आस पास क्षेत्रों में बुधवार को भारत बंद को लेकर दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति डोमचांच के बैनर तले लोग सड़क पर उतरे और सरकार विरोधी नारा लगाए गए। वहीं चंद्रावती स्मारक उच्च विद्यालय के समीप दो घंटा जाम रखा। आरक्षण में क्रिमीलियर और वर्गीकरण करना बंद करो बंद करो के नारे लगाये गये। इस दौरान डोमचांच से लम्बी दुरी की बस नहीं चली एवं बंद का असर देखा गया। बंद को लेकर डोमचांच बाजार में रौनक फीकी रही और टेम्पु का परिचालन अन्य दिनों की तुलना में बहुत कम रही।

भीम आर्मी के भारत बंद के दौरान प्रखण्ड से लेकर शहर तक रहा व्यापक असर

## दोपहर तक सड़कों पर पसरा रहा सन्नाटा, यात्री रहे परेशान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा एससी, एसटी के वर्गीकरण के फैसले के विरोध में 21 अगस्त को भीम आर्मी द्वारा आहूत भारत बंद के दौरान प्रखंड से लेकर शहर तक व्यापक असर देखा गया। सुबह से ही भीम आर्मी के लोग बंद को सफल बनाने के लिए सड़कों पर उतर आए थे। दुकानों और विभिन्न संस्थानों को बंद करा रहे थे। दोपहर लगभग दो बजे तक सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा, सारे प्रतिष्ठान बंद रहे। पेट्रोल पंप और मेडिकल सेवाओं को बंद से अलग रखा गया था। लेकिन रोड जाम होने से लोगों को काफी परेशानी हुई। महाराणा प्रताप चौक से लेकर सुभाष चौक तक भीम आर्मी एवं कई राजनीतिक दलों के नेताओं ने गोल बंद होकर बाजार में दुकानों को बंद करवाया।

**एनएच घंटों रहा जाम :** भीम आर्मी के लोगें ने रैली निकाली और सुप्रिम कोर्ट के विरोध में नारे भी लगाए। रैली में प्रेम प्रकाश पासवान, प्रकाश अंबेडकर, प्रकाश रजक आगे-आगे चल रहे थे। वहीं पूर्वाह्न लगभग10 बजे के आसपास भीम आर्मी के लोग महाराणा प्रताप चौक पर धरना पर बैठ गए। इससे एनएच 20 रांची-पटना रोड लगभग दो घंटे तक जाम रहा। इससे आवागमन बाधित रहा। लंबी दूरी की बसें और ट्रक रोड के किनारे खड़े रहे।

**यात्री रहे परेशान :** सुबह में कोडरमा से रांची जानेवाली बसें खुली, लेकिन सुबह 8 बजे के बाद बसों का परिचालन भी बंद कर दिया गया। यात्री बस स्टैंड और रेलवे परिसर में परेशान दिखे। इस दौरान शहर में ऑटो और टोटो का परिचालन भी प्रभावित रहा।

**डीएसपी ने तोड़वाया जाम :** महाराणा प्रताप चौक पर लगे जाम को तोड़वाने के लिए एसडीपीओ जीतवाहन उरांव एवं प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार पहुंचे। उन्होंने पब्लिक हित में जाम को हटाने का अनुरोध किया। इस दौरान भीम आर्मी के दर्जनों को लोगों को गिरफ्तार कर थाना लाया गया, बाद में सबों को छोड़ दिया गया।

**सुरक्षा के कड़े इंतजाम :** बंदी के दौरान किसी भी संभावित घटना-दुर्घटना को टालने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। पुलिए शहर और प्रखंडों के चौक-चौराहों पर तैनात रही। साथ ही रैली के दौरान भी पुलिस सुरक्षा को लेकर मुस्तैद दिखी। बंदी के दौरान राष्ट्रीय जनता दल, झाझुमो, भीम आर्मी के कई पदाधिकारी समेत कई लोग मौजूद थे।

## सड़क पर उतरे झामुमो कार्यकर्ता वाहनों को रोका, दुकानें बंद कराई



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया में आदिवासी संगठनों द्वारा बुलाए गए भारत बंद का आंशिक असर देखने को मिला, लंबी दूरी के वाहन नहीं चले जबकि बाकी कामकाज सामान्य रहा। सुबह झामुमो कार्यकर्ता सड़क पर उतरे और नारेबाजी करते हुए कुछ देर के लिए वाहनों को रोका और सिमरिया चौक की दुकानें बंद कराई।झामुमो कार्यकताओं का नेतृत्व कर रहे मनोज कुमार चंद्रा ने कहा कि संविधान के साथ छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं किया जा सकता और आरक्षण की व्यवस्था मजलूमों के लिए संविधान में दर्ज की गई है, जिसपर किए जा रहे षड्यंत्र का झामुमो सड़क से लेकर संसद तक विरोध करेगी। वहीं बगरा चौक पर भी बंदी का आंशिक असर देखने को मिला और कार्यकताओं ने इस प्रकार के षड्यंत्र के लिए भाजपा को दोषी ठहराया। इस दौरान रमन साहू, आलोक रंजन, सलीम अख्तर, श्रीकांत पांडेय, भूपेंद्र ठाकुर, नासिर हुसैन सहित अन्य मौजूद थे।

## भारत बंद का असर, पुलिस हाई अलर्ट पर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतगावां (कोडरमा)।** एससी-एसटी आरक्षण में वर्गीकरण को लेकर सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ प्रखंड में आहूत भारत बंद का मिला-जुला असर दिखा। इस दौरान दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति के बैनर तले प्रदर्शनकारियों ने प्रखंड के मुख्य मार्ग मरचोई मोड़ के समीप जाम कर दिया। जिससे आवागमन को पूरी तरह ठप हो गया। इसके पूर्व प्रदर्शनकारियों ने झंडा बैनर लेकर सड़क पर उतर कर प्रदर्शन करते प्रखंड के मुख्य बाजार को बंद रखने की लोगों से अपील की। जिसपर सभी ने अपनी-अपनी दुकानें व प्रतिष्ठान को स्वतः बंद कर दिया। हालांकि दवा, दूध आदि की दुकानें खुली रही। बंद में राजद व कांग्रेस के कार्यकर्ता भी सड़क पर उतरकर अपना समर्थन दिया। साथ ही जिप सदस्य प्रतिनिधि ने भी नैतिक समर्थन किया।

## इंडी गठबंधन का सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरोध में किया प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**चतरा।** सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरोध में इंडी गठबंधन के लोग सड़कों पर उतरे। उनका कहना था कि न्यायालय ने जो एससी एसटी के कोटे में कोटा और क्रीमी लेयर लगाने का काम किया है वह संवैधानिक नहीं है। उन्होंने मांग की कि केंद्र सरकार अध्यादेश लाकर इस मामले को पलटे। साथ ही ओबीसी समुदाय में भी क्रिमिनल लगाया गया है उसे भी अविलंब हटाया जाये और देश में जातीय जनगणना भी करायी जाये। कॉलेजियम सिस्टम को समाप्त कर राष्ट्रीय न्यायिक सेवा आयोग के माध्यम से जजों की नियुक्ति हो। इस आंदोलन में बहुजन समाज पार्टी, राजद, जेएमएम, ओबीसी मोर्चा, लोक हित अधिकार पार्टी, जन संघर्ष मोर्चा, वाम सेफ सहित अन्य वाम दल के लोग शामिल हुए। आंदोलन को मुख्य रूप से राजेंद राम, शंकर राम, रंजीत दास, घनश्याम दास, कामेश्वर राम, बीरेंद्र दास, अशोक रजक, बिनोद पासवान, राजेश दास, रूपेश यादव, प्रकाश राम सहित सैकड़ों लोगों ने नेतृत्व किया।

## आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति का दिखा असर

**गिद्धौर।** प्रखंड में आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति ने सुप्रीम कोर्ट के आरक्षण संबंधी हालिया फैसले के विरोध में 21 अगस्त को देशव्यापी बंद का आह्वान किया है। इस बंद का असर चतरा जिले के हर प्रखंड में देखने को मिला, जिसमें गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय भी शामिल है। झारखंड में जेएमएम, आजसू, कांग्रेस और अन्य क्षेत्रीय दल भी इस बंद में शामिल हैं। हालांकि, सरकारी दफ्तर, बैंक और जरूरी सेवाएं जारी रहेंगी। इमरजेंसी में लोगों को जाने की अनुमति दी गई है।

स्पीड न्यूज

### मुखिया की पत्नी को अबुआ आवास योजना का लाभ दिए जाने पर आपत्ति दर्ज

**सिमरिया।** एआईवाईएफ जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा ने सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज को एक ज्ञापन सौंपा है जिसमें उन्होंने डाडी पंचायत के मुखिया की पत्नी को अबुआ आवास योजना का लाभ दिए जाने पर आपत्ति जताई है। ओमप्रकाश शर्मा का कहना है कि मुखिया की पत्नी योग्य मनरेगा के सहायक इंजीनियर पद पर कार्यरत हैं और उन्हें आवास योजना का लाभ नहीं मिलना चाहिए था। इसकी प्रतिलिपि उपायुक्त चतरा और आयुक्त उतरी छोटा नागपुर को भी भेजी है। इधर, संबंधित कर्मी का कहना है कि अनजाने में लाभ दे दिया गया था और जब पता चला तो आवास योजना की राशि वापस कर ली गई है।

### पूर्व पोस्ट मास्टर पार्वती देवी का निधन

**गिद्धौर।** प्रखंड निवासी और गिद्धौर पोस्ट ऑफिस के पूर्व पोस्ट मास्टर मुन्नी राम दांगी की पत्नी पार्वती देवी का 62 वर्ष की आयु में निधन हो गया। पार्वती देवी पिछले कई महीनों से बीमार चल रही थीं। उनके निधन से प्रखंड मुख्यालय में शोक की लहर है। बुधवार को धोबिनिया घाट श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में प्रखंड के विभिन्न राजनीतिक दल के नेता, सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीण जनता शामिल हुए। सभी ने 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

### कटहल पेड़ काटने का मामला पहुंचा थाना

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** असनाबाद छठ तालाब रोड में पोल नंबर 15 के निकट सार्वजनिक जमीन पर लगे कटहल के पेड़ को रेलवे कर्मचारी मनोज यादव पिता मेघलाल यादव ने काट दिया। इस मामले को लेकर स्थानीय लोगों ने तिलैया थाना और कोडरमा बीडीओ सुमन गुप्ता को इसकी सूचना दी। तिलैया थाना की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले को देखा और मनोज यादव को थाना तलब किया है। दूसरी ओर बीडीओ सुमन गुप्ता ने स्थानीय लेगों से कहा कि इसकी सूचना वन विभाग को दे दी जाएगी।

### भालू के हमले में एक व्यक्ति घायल, रिम्स रेफर

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र के पचाने जंगल में बुधवार को मवेशी चराने गए एक व्यक्ति पर जंगली भालू ने हमला कर उसे बुरी तरह से लहूलुहान कर दिया। घायल व्यक्ति की पहचान कोठियार पंचायत के पचाने निवासी 40 वर्षीय मनोज राय के रूप में हुई है। व्यक्ति के चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों को घटनास्थल पर आता देख भालू वहां से भाग गया।

### सरकार से वार्ता के बाद अनुसचिवीय कर्मचारियों का हड़ताल खत्म

**कोडरमा।** झारखंड अनुसचिवीय कर्मचारी संघ, समाहरणालय संवर्ग राज्य इकाई के आहवान पर अपनी 9 सूत्री मांगों को लेकर बीते 22 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटे समाहरणालय संवर्ग के कर्मचारियों का हड़ताल 21 अगस्त को सरकार के साथ सकारात्मक वार्ता के बाद खत्म हो गया। उक्त जानकारी संघ के सचिव राजकुमार दास ने दी।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर बैठक

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर बैठक की गयी। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की शुरुआत की गयी है। योजना के तहत एक रुपये का टोकन मनी देकर जिले के कृषक अपनी फसलों का बीमा करवा सकते हैं, जिन पैक्सों में सीएससी की सुविधा उपलब्ध है वहां से किसान ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, इसके अलावे जिले के सभी प्रज्ञा केंद्रों के माध्यम से भी आवेदन किया जा सकता है।

एक नजर में

### प्रखंड के कई विद्यालयों में हुआ प्रबंधन समिति का चुनाव

**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत गिद्धौर के+2 गंगा स्मारक उ.वि. में विद्यालय प्रबंधन समिति का चुनाव मंगलवार को संपन्न हुआ। विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह और चुनाव पर्यवेक्षक सत्यदेव उपाध्याय की निगरानी में अध्यक्ष पद के लिए तीन लोगों ने नामांकन दाखिल किया। लोकतांत्रिक चुनाव प्रक्रिया के तहत रेखा देवी अध्यक्ष और उमेश रविदास उपाध्यक्ष चुने गए। अन्य सदस्यों का भी चयन हुआ। चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी और शांतिपूर्ण रही।

### राजकीय मध्य विद्यालय गिद्धौर में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चयन

**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय गिद्धौर में एक बैठक हुई, जिसमें मंगलवार को सदस्यों का चयन किया गया।बैठक में सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से यदुनंदन पांडेय को अध्यक्ष और कविता कुमारी को उपाध्यक्ष पद के लिए चुना। जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी झारखंड शिक्षा परियोजना चतर के आदेशानुसार विद्यालय के नाम के आगे पीएम श्री जोड़ा गया है, अब विद्यालय का नाम पीएम श्री मध्य विद्यालय गिद्धौर होगा।

### भाजपा की बैठक में युवा जनाक्रोश रैली की रणनीति बनी

**गिद्धौर।** गिद्धौर मंडल में भारतीय जनता पार्टी की बैठक में आगामी 23 अगस्त को रांची में आयोजित होने वाली राज्य सरकार के विरुद्ध युवा जनाक्रोश रैली को सफल बनाने की रणनीति बनाई गई। बैठक में मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार ने कहा कि राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार में अपराध बढ़ रहे हैं और गरीब, दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्ग की महिलाएं सबसे अधिक प्रभावित हो रही हैं। 2019 के विधानसभा चुनाव में किए गए सभी वादे पूरे नहीं हुए हैं।

### युवा जन आक्रोश रैली की तैयारियों को लेकर बैठक

**इटखोरी।** इटखोरी मंडल में 23 अगस्त को होने वाली युवा जन आक्रोश रैली की तैयारियों के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष देव कुमार सिंह ने की। बैठक में रैली को सफल बनाने, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनने, प्रत्येक बूथ और घर में भाजपा का झंडा लगाने पर चर्चा हुई। बैठक में मंडल प्रभारी संजय कुमार सिंह, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजय भारती, एससी मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता जीतन राम, वरिष्ठ कार्यकर्ता वसंत नारायण सिंह, रामकुमार सिंह, प्रखंड उपाध्यक्ष संतोष डांगी, विधायक प्रतिनिधि निरंजन कुमार सिंह, ननकू रविदास, ईश्वर रविदास, नवीन कुमार सिंह तथा अन्य सम्मानित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मनोज भारती ने सड़क दुर्घटना में मृत नाबालिग के परिजनों से की मुलाकात

**प्रतापपुर(चतरा)।** सोमवार को एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में एक नाबालिग लड़के की मौत हो गई, जिसके बाद हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के जिला अध्यक्ष मनोज भारती ने अपने कार्यकताओं के साथ मृतक के परिजनों से मिलने का फैसला किया। मनोज भारती और उनके कार्यकर्ता मृतक के गाँव नावाडीह के सिंगरों गाँव पहुँचे और पीड़ित परिवार को आर्थिक सहयोग किया। उन्होंने परिवार को हर संभव मदद करने की बात कही और उन्हें इस कठिन समय में साथ देने का आश्वासन दिया।

### चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू

**कोडरमा।** राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत सरकारी विधालयों को तम्बाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान बनाने को लेकर कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी सह जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ. रमण कुमार की अध्यक्षता में चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण शिविर को सम्बोधित करते हुए डॉ. रमण ने कहा कि यह बहुत ही चिंता का विषय है कि आज के समय युवा पीढ़ी धीरे-धीरे नशे के गिरफ्त में आ रहा है, यदि समय रहते इस पर गम्भीर कदम नही उठाये गए तो परिणाम चिंताजनक साबित हो सकता है, उन्होंने कहा कि आधुनिकता के चक्र में स्कूली बच्चों में भी तंबाकू का लत देखने को मिल रहा है, जो बाद में समाज और देश के लिए घातक सिद्ध हो सकता है।

### सम्मान समारोह सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**कोडरमा।** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा एवं राष्ट्रीय झारखण्ड सेवा संस्थान कोडरमा के संयुक्त तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय कोडरमा स्थित जिला न्याय सदन सभागार में विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर अकेले नहीं है आप थीम पर आाारित वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान समारोह सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

### पुत्र के हत्या में शामिल नामजद अभियुक्तों पर कार्रवाई का दिया आवेदन

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना अंतर्गत कटिया गांव निवासी शकुंती देवी ने एसपी को आवेदन देकर अपने पुत्र के हत्या में शामिल नामजद अभियुक्तों पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं किए जाने को लेकर आवेदन दिया है। आवेदन में उसने कहा है कि 15 अगस्त की संया 6 बजे उसके पुत्र 17 वर्षीय राहुल कुमार के मोबाइल नंबर पर फोन आया तो उसका लड़का फोन उठा कर बातचीत करने लगा। पूछने पर उसके पुत्र ने बताया कि अभिषेक वर्मा एवं रिशु गुप्ता परसाबाद निवासी द्वारा फोन किया जा रहा है। उसने कहा है कि उक्त दोनों लड़कों ने उसके पुत्र को अपने साथ ले गए थे। इसके कुछ देर बाद कटिया बाजार निवासी दीपक चावला ने उसके घर आकर बताया कि उसके लड़के का एक्सीडेंट हो गया है।

### उपायुक्त ने राजस्व विभाग की बैठक कर दिये कई निर्देश

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में राजस्व सम्बंधित विभागों की बैठक की गयी। बैठक के दौरान राजस्व, लम्बित दाखिल खारिज, भूमि सीमांकन हेतु प्राप्त आवेदन, जाति, आवासीय और आय प्रमाण पत्र के लम्बित मामलों आदि की समीक्षा किया गया। वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये आयोजित उक्त बैठक में शामिल अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि राजस्व वसूली में तेजी लाएं और लक्ष्य को हासिल करें, जाति, आवासीय, आय प्रमाण पत्रों के लम्बित मामलों को तेजी से निष्पादित करें और ससमय प्रमाण पत्रों को निर्गत करें। वहीं अंचलवार दाखिल खारिज के मामलों की समीक्षा करते हुए लम्बित मामलों को प्राथमिकता के स्तर पर निष्पादित करने, बिना वैध कारण के आवेदनों को रद्द नही करने आदि का निर्देश दिया। इसके अलावे उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित कर तेजी से लम्बित मामलों को निष्पादित करने का निर्देश दिया। वहीं जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को एनएच से सम्बंधित मामलों को तेजी से निष्पादित करने, साथ ही अंचलों के सीओ को नए गोदाम निर्माण को लेकर स्थल चयन करने, सोलर पावर पार्क बनाने को लेकर स्थल का चयन कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने, सरकारी मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर के लिए भूमि चयन करने आदि का निर्देश दिया।

स्पीड न्यूज

## निरसा पुलिस ने कोयला लदा ट्रैक्टर व दो बाइक बरामद की

**मैथन।** कोयला चोरी की सूचना पर निरसा पुलिस ने बुधवार की सुबह ताबड़तोड़ छापेमारी कर दो कोयला ललदी बाइक, एक ट्रैक्टर बरामद किया और दो लोगों को गिरफ्तार किया। छापेमारी का नेतृत्व निरसा थाना प्रभारी मंजीत कुमार कर रहे थे। छापेमारी टीम में पुलिस बल के साथ सीआईएसएफ जवान भी मौजूद थे। इस संबंध में निरसा पुलिस ने भालुकसुधा निवासी विजय यादव एवं रविंद्र महतो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की और उसे जेल भेज दिया। पुलिस की छापेमारी के बाद कोयला चोरों में हड़कंप मचा हुआ है। निरसा थाना प्रभारी मंजीत कुमार ने कहा कि सूचना मिली थी कि ग्रामीण क्षेत्रों का लाभ उठाकर कुछ लोग कोयला तस्करी कर रहे हैं। सूचना मिलते ही संयुक्त टीम का गठन कर छापेमारी अभियान चलाया गया। मुगमा मोड़ जीटी रोड पर लगभग साढ़े तीन टन कोयला लदा ट्रैक्टर जब्त किया गया, जबकि बेनागोड़िया मोड़ के समीप कोयला लदी दो बाइक को जब्त करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। निरसा पुलिस ने ट्रैक्टर एवं बाइक मालिक एवं संचालक सहित कोयला चोरी में शामिल दो लोगों के खिलाफ प्राथमिक दर्ज करली है और दोनों आरोपी को जेल भेज दिया। पुलिस आगे भी छापेमारी अभियान चलाएगी।

## महुदा में प्रदर्शनकारियों व एवं कार सवार युवती के बीच तीखी बहस

**महुदा।** महुदा थाना क्षेत्र के धनबाद-बोकारो मुख्यमार्ग के महुदा मोड़ हाइवे पर बुधवार को दलित व आदिवासी समुदाय के लोगों ने जाम कर प्रदर्शन किया। तमाम लोगों ने आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। हालांकि ा एम्बुलेंस को लोगों ने जाने दिया। महुदा पुलिस मुस्तैद रही। इस बीच महुदा मोड़ के पास,प्रदर्शनकारियों में से एक व्यक्ति ने पत्थर उठाकर एक कार को रोका। इससे कार पर परिवार युवती युवक की इस हरकत पर भड़क गई। प्रदर्शनकारियों एवं युवती के बीच भारी कहा सुनी शुरू हो गई। इसी बीच महुदा थाना प्रभारी प्रदर्शनकारियों को फटकार लगाते मामले को नियंत्रित किया। दलित नेता हारु दास ने बताया कि एससी-एसटी में वर्गीकरण को लेकर हम लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। देश के अंदर बीजेपी, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी मिलकर आरक्षण में वर्गीकरण कराकर आपस में लड़ाना चाहती है। उनका हक और अधिकार, जो बाबा साहब की बदौलत मिला है, उसको ये लोग खत्म करना चाहते हैं। हम लोगों के साथ शोषण आर्थिक आधार पर नहीं होता, जातिगत आधार पर होता है।

## गोविंदपुर-साहेबगंज रोड पर अवैध शराब लदा वाहन पकड़ाया

**पूर्वी टुंडी।** वरीय पुलिस अधीक्षक को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर विगत मंगलवार की रात गोविंदपुर-साहेबगंज मुख्य मार्ग पर हलकट्टा चौक के नजदीक अवैध शराब से लदा टाटा मैजिक वाहन पकड़ा गया।

# डालसा की पहल पर चार अनाथ वृद्धों को मिला नया जीवन

### एसएनएनएमसीएच में में हो रहा था इलाज नहीं था कोई अपना

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** 'अकेले नही है आप' योजना के तहत बुधवार को वर्ल्ड सीनियर सिटीजन डे पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा के निर्देश पर डालसा की टीम ने एसएनएनएमसीएच से चार वृद्ध माला देवी (चितरंजन), रूपा देवी,(तेतुलमारी),प्रभू भूईयां (तिसरा) और उदय कुमार दीक्षित (चास) को वृद्धाश्रम में भर्ती कराया । चारों वृद्ध कई माह से एसएनएनएमसीएच के लावारिस वार्ड में इलाजरत थे। उनकी देखभाल करने वाला कोई नहीं था। एसएनएनएमसीएच के सुपरिंटेंडेंट डॉक्टर ज्योति रंजन ने इस बात की सूचना डालसा को दी। इसके बाद डालसा के अध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा ने सचिव राकेश रोशन के नेतृत्व मे रेस्एक्यु टीम का गठन किया। टीम में एलडीसीएस के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट ,सहायक अरुण कुमार, सौरव सरकार, राजेश सिंह, संध्या देवी शामिल थे। टीम ने रेस्क्यू की कार्रवाई की। सबलपुर स्थित लालमणि वृद्धाश्रम में सभी वृद्धों के बीच न्यायाधीश रोशन, अधिवक्ता मीना सिन्हा, एलएडीसीएस डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, नौशाद गद्दी, एसएस हाजरा ने साड़ी, कपड़ा, चादर और खाने की सामग्री वितरित की। मौके पर जागरुकता शिविर को संबोधित करते हुए न्यायाधीश रोशन ने कहा कि 21 अगस्त को हर साल विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य समाज में वरिष्ठ नागरिकों को उनके अधिकारों और जरूरतों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि यूं तो वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान हर दिन किया जाता है, लेकिन इस खास दिन पर उन्हें एहसास दिलाया जाता है कि वे हम पर बोझ नहीं हैं। वरिष्ठ नागरिकों की मदद के लिए केंद्र सरकार ने कई योजनाएं शुरू की हैं। वरिष्ठ नागरिकों को विभिन्न लाभ भी दिये जाते हैं, जैसे इलाज में और राज्य रोडवेज की बसों पर यात्रा में विशेष छूट आदि। भारत सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों को सेवानिवृत्ति के बाद कई विशेष पेंशन योजनाएँ भी शुरू की हैं, जिनमें अटल पेंशन योजना, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली, प्रधानमंत्री वय वंदना योजना और वरिष्ठ पेंशन बीमा योजना आदि शामिल हैं।



### माता-पिता का करना है भरन-पोषण

शिविर को संबोधित करते हुए लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट ने कहा कि भारत सरकार ने 2007 में माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के लिए भरन पोषण तथा कल्याण अधिनियम पारित किया था। इन कानूनों की मदद से बुजुर्ग अपनी मदद खुद कर सकते हैं। कानून के मुताबिक अगर बुजुर्गों की देखरेख उनके बच्चे या संबंधी नहीं कर रहे हैं तो वे एसडीएम कोर्ट में शिकायत कर सकते हैं। प्रार्थना पत्र स्वयं या किसी एनजीओ के जरिए दे सकते हैं। ऐसे मामलों में ट्रिब्यूनल खुद संज्ञान ले सकता है।अंतरिम गुजारा भत्ते की राशि ट्रिब्यूनल 10 हजार रुपये तक तय कर सकता है। भत्ता नहीं देने पर बच्चों को जेल भी हो सकती है।

# थाना प्रभारी से संपर्क कर तैयार करें वल्नरेबल मैपिंग रिपोर्ट : उपायुक्त

### विधानसभा चुनाव को लेकर सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को दिया गया प्रशिक्षण



### बैठक में ये लोग थे शामिल

बैठक में उपायुक्त के अलावा एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, डीसीएलआर संतोष कुमार गुप्ता, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी जियाउल अंसारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला के अलावा मास्टर ट्रेनर दिलीप कुमार कर्ण, राजकुमार वर्मा, कुमार वंदन आदि मौजूद थे।

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** आसन्न विधानसभा चुनाव को लेकर बुधवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में न्यू टाउन हॉल में सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को वल्नरेबल मैपिंग से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट संबंधित थाना प्रभारी से संपर्क कर ही वल्नरेबल मैपिंग रिपोर्ट तैयार करेंगे। रिपोर्ट तैयार करते समय वहां की विधि व्यवस्था, आपराधिक घटनाएं, पूर्व के चुनाव में घटित घटनाएं, राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता, धन-बल का प्रभाव सहित बताए गए अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं को ध्यान में रखेंगे। उन्होंने कहा कि वल्नरेबल मैपिंग चुनाव प्रक्रिया की महत्वपूर्ण कड़ी है। करोड़ों लोगों को निर्वाचन प्रक्रिया पर भरोसा है। हम सब इस मजबूत व्यवस्था का एक अंग हैं। जिस तरह आपके योगदान से लोकसभा चुनाव सुचारू रूप से संपन्न हुआ, उसी तरह अपने दायित्व का निर्वाह करते हुए विधानसभा चुनाव को संपन्न कराना है। उपायुक्त ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को चुनाव से पूर्व सेक्टर पुलिस पदाधिकारी के साथ तीन बार अपने मतदान केंद्रों का भ्रमण करने का निर्देश दिया। प्रशिक्षण में सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को मतदान के दिन की जिम्मेदारी, एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी, मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट, मतदान के दिन की सुविधा, कतार मैनेजमेंट, मतदाता सुविधा पोस्टर का प्रदर्शन, पोलिंग स्टेशन लेआउट, वोटिंग कंपार्टमेंट, मतदान सामग्री की सीलिंग एवं पैकेजिंग, चुनाव के बाद की जिम्मेदारी सहित अन्य बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया गया।

### असेंबली लेवल मास्टर ट्रेनरों को दिया प्रशिक्षण

धनबाद। आगामी विधान सभा चुनाव के आलोक में असेंबली लेवल मास्टर ट्रेनरों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन पुराने डीआरडीए सभागार में बीएलओ प्रशिक्षण, पोस्टल बैलेट प्रशिक्षण, आदर्श आचार संहिता प्रशिक्षण एवं सेक्टर पदाधिकारियों के प्रशिक्षण मॉड्यूल पर विस्तृत चर्चा हुई और बारीकियों से सभी प्रशिक्षणार्थियों को अवगत कराया गया। मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण ने सेक्टर पदाधिकारियों के कार्य एवं दायित्व के बारे में समझाया। अन्य प्रशिक्षक कुलदीप ने आदर्श आचार संहिता के तमाम बिंदुओं पर प्रकाश डाला। महफूज आलम ने पोस्टल बैलेट तथा होम वोटिंग के माध्यम से मतदान की जानकारी दी। इसके अतिरिक्त पुष्कर चंद्र झा ने निर्वाचन कार्य में बीएलओ की भूमिका के बारे में बताया। अन्य मुख्य प्रशिक्षक राज कुमार वर्मा ने मतदान संपन्न होने के बाद सामग्री को जमा करने की प्रक्रिया को सरल करने के कुछ उपाय सुझाए। प्रशिक्षण के अंतिम दिन गुरुवार को ईवीएम के विभिन्न भाग एवं कमीशनिंग की जानकारी, माइक्रो आब्जर्वर के कार्य, रिसीलिंग तथा काउंटिंग की जानकारी दी जाएगी।

## एक नजर में

### भारत बंद का तोपचांची में दिखा असर नेशनल हाइवे रहा जाम



**तोपचांची।** तोपचांची में बुधवार को भारत बंद का असर देखने को मिला। बुधवार को दर्जनों की संख्या में बंद समर्थक हाथों में झंडा लेकर नारा लगाते हुए तोपचांची के सुभाष चौक पहुंचे और नेशनल हाइवे को पूरी तरह जाम कर दिया। करीब एक घंटे तक हाइवे पूरी तरह जाम रहा। बंद समर्थकों ने आरक्षण में कृमि लेयर बनाने के विरोध में जमकर नारेबाजी की और हंगामा किया। बंद के समर्थन में टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो भी पहुंचे और कहा कि आन्दोलन करने वाले लोगों की मांग जायज है। सुप्रीम कोर्ट को अपने फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए। इस बीच तोपचांची पुलिस मुस्तैद दिखी। मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मुकेश प्रसाद, आरजेडी महिला नेत्री गुलशन खातून, प्रखंड प्रमुख आंनद महतो, संतोष दास, बालेश्वर दास, बैजनाथ दास, मोहन दास, सीताराम दास, भोला राम सहित अन्य उपस्थित थे।

### प्लस पोलियो अभियान के लिए आंगनबाड़ी सेविकाओं को दिया गया प्रशिक्षण

■ पहले दिन बूथ पर और दूसरे-तीसरे दिन घर घर जाकर दवा पिलाएं



**जामताड़ा।** नारायणपुर अंचल सभागार में बुधवार को पल्स पोलियो अभियान की सफलता को लेकर आंगनबाड़ी केंद्र की सेविकाओं को प्रशिक्षण दिया गया। बीडीओ मुरली यादव, डब्ल्यूएचओ मोनीटर शशिभूषण एवं सीएचसी नारायणपुर के बीपीएम अखिलेश कुमार सिंह ने आंगनबाड़ी केंद्र की सेविकाओं को पल्स पोलियो अभियान सफल बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षकों ने बताया कि पहला दिन 25 अगस्त को 90 प्रतिशत बच्चों को बूथ पर ही पल्स पोलियो की दवा पिलाना है। दूसरे एवं तीसरे दिन 26 एवं 27 अगस्त को छूटे हुए बच्चों को घर-घर जाकर पल्स पोलियो की दवा पिलाना है। उन्होंने बताया कि 25 से 27 अगस्त तक चलने वाले अभियान में प्रशिक्षण के अनुरूप काम कर शत-प्रतिशत सफलता हासिल करना है। अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाना है। इसके अलावा 10 से 25 अगस्त के बीच लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा ऐलवेन्डाजेल, डीईसी एवं आएवरमेटिव खिलाने के बारे में जानकारी दी गई।

### श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति ठाकुर कुल्ही धैया का पुनर्गठन

**धनबाद।** श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति ठाकुर कुल्ही धैया वार्ड संख्या 21 के सदस्यों की बैठक दुर्गा मंदिर प्रांगण में प्रद्युत कुमार राय की अध्यक्षता में हुई। श्री राय ने बताया कि ठाकुर कुल्ही में पूजा 2009 में प्रारंभ की गई थी। तब से पारंपरिक रूप से पूजा होती आ रही है। इस वर्ष भी पारंपरिक उल्लास के साथ पूजा मनाई जाएगी । पूजा में चित्रकला, क्विज, नृत्य प्रतियोगिता के साथ म्यूजिकल चेयर का भी आयोजन किया जाएगा। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को पूजा समिति की ओर से पुरस्कृत भी किया जाएगा। बैठक में 26 अगस्त को हर्षोल्लास के साथ जन्माष्टमी महोत्सव दुर्गा मंदिर में मनाने का निर्णय लिया गया। सर्वसम्मति से दुर्गा पूजा कमेटी का पुनर्गठन किया गया। इसमे मदन मोहन सिंह अध्यक्ष, मनीष मिश्रा सचिव, रंजीत जायसवाल कोषाध्यक्ष, जगन्नाथ पाठक, प्रद्युत कुमार राय, शशिकांत मिश्रा, बबलू सिंह, पूरन सिंह, नीरज सिंह संरक्षक, विमल कुमार,ओम शंकर ठाकुर शामिल हैं।

## चिरकुंडा में महिलाओं का तीन दिवसीय योग शिविर शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** चिरकुंडा अग्रसेन भवन में बुधवार से मारवाड़ी महिला समिति चिरकुंडा शाखा व द योगा इंस्टीच्यूट मुंबई की ओर से महिलाओं के लिए तीन दिवसीय योग शिविर शुरू हुआ। उद्योगपति सह समाजसेवी विनोद अग्रवाल की पत्नी सुनीता अग्रवाल ने बतौर मुख्य अतिथि शिविर का उद्घाटन किया। द योगा इंस्टीट्यूट मुंबई की योग शिक्षक सीनियर फैकल्टी पूजा हेलीवाल ने दर्जनों महिलाओं को प्रशिक्षण दिया। मुख्य अतिथि सुनीता अग्रवाल ने कहा कि महिलाओं के लिए विशेष योग शिविर का आयोजन अच्छी पहल है। कहा कि महिलाओं को योग को लेकर जागरूक होने की जरूरत है। सीनियर फैकल्टी पूजा हेलीवाल ने बताया कि योग जीवन शैली है, जिसे जीवन में पूरी तरह से उतारने की जरूरत है। कहा कि सिर्फ कुछ आसन कर लेने से योग पूरा नहीं होता है, बल्कि योग के हर पहलू पर ध्यान देने की जरूरत है, तभी इसका फायदा नजर आएगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को शारीरिक गठन को लेकर परेशानी का सामना करना पड़ता है, जिसे नियमित योग से ठीक किया जा सकता है। बताया कि सुबह व शाम के सत्र में योग सिखाया जाएगा, जो तीन दिनों तक चलेगा।

मौके पर मारवाड़ी महिला समिति की अध्यक्ष सीमा अग्रवाल, उषा जिंदल, भगवती रुंगटा, सुमन गढ़याण, श्रद्धा गढ़याण, निलय गढ़याण, प्रणव गढ़याण, मिठु गढ़याण आदि मौजूद थे।




## तोपचांची में भाजपाइयों का मशाल जुलूस




### हेमंत सरकार की वादा खिलाफी के खिलाफ प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

**तोपचांची।** प्रखंड के हटिया मैदान से तोपचांची सुभाष चौक तक बुधवार को झारखंड सरकार की वादा खिलाफी के खिलाफ भाजपाइयों ने मशाल जुलूस निकाला। जुलूस में झारखंड सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने सरकार की वादा खिलाफी पर नाराजगी व्यक्त की। भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य विकास महतो ने कहा कि झारखंड सरकार ने अपना वादा पूरा नहीं किया है और जनता को धोखा दिया है। उन्होंने कहा कि 2019 के विधानसभा चुनाव के समय हेमंत सोरेन ने युवा और महिलाओं से वादा किया था कि उनकी सरकार बनेगी तो प्रत्येक वर्ष 5 लाख युवाओं को रोजगार देंगे, साथ ही बेरोजगार युवाओं को प्रत्येक माह 5 हजार बेरोजगारी भत्ता देंगे, पीजी पास युवाओं को 7 हजार बेरोजगारी भत्ता देंगे, महिलाओं को 2500 रुपये चूल्हा चौका का खर्चा देंगे। अनुबंधित कर्मियों को स्थायी करने सहित कई वादे उन्होंने जनता से किये थे। लेकिन एक भी वादा पूरा नहीं किया और आज फिर जनता को लोक लुभावन वादे के झांसे में फंसाने का काम कर रहे हैं। भारतीय जनता युवा मोर्चा इन सभी मुद्दों को लेकर हेमंत सरकार के खिलाफ 23 अगस्त को रांची में एक लाख युवाओं के साथ प्रदर्शन करने वाला है। मौके पर मितेन्द्र दुबे, रणवीर चौबे, सरोज महतो, टीपी सिंह, शिव पुजन उपाध्याय, वासुदेव पाल, दिलीप दास , रुद्र कांत दुबे, पप्पू तिवारी, छोटन साव, राकेश दास , बीरू शर्मा , दिनेश महतो, श्याम महतो आदि मौजूद थे।

## मेहनतकशों की एकता से राज्य में नये अध्याय की होगी शुरुआत : अरूप

### निरसा में सम्मेलन



खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** निरसा गुरुदास भवन मासस कार्यालय में बुधवार को मासस ने कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन में पूर्व विधायक अरुप चटर्जी के अलावा भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। बतातें चले कि झारखंड में लेफ्ट की दो बड़ी ताकतें एक हो जाने से गठबंधन को मजबूती मिलेगी। पिछले 25 जुलाई को रांची में दोनों दलों के नेताओं के बीच एकीकरण को लेकर बनी सहमति ने अब आकार ले लिया है। निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने दोनों दलों के एकीकरण पर अपनी सहमति दे दी है। आधिकारिक घोषणा 9 सितंबर को धनबाद के गोल्फ ग्राउंड की महारैली में की जाएगी। सीपीआई माले और मासस के इस एकीकरण का प्रभाव राज्य की राजनीति पर पड़ेगा। क्योंकि बगोदर, राजधनबार, निरसा, सिंदरी, जमुआ जैसी कुछ विधानसभा सीटें ऐसी हैं, जहां सीपीआई माले और मासस का अच्छा प्रभाव और संगठन है। श्री चटर्जी ने कहा कि इस विलय से झारखंड के विधानसभा चुनाव में कॉरपोरेट परस्त एवं सांप्रदायिक ताकतों की हार निश्चित होगी। मेहनतकशों की एकता और जीत से राज्य की राजनीति में एक नये अध्याय की शुरआत होगी। सम्मेलन की अध्यक्षता टूटून मुखर्जी तथा संचालन जिप सदस्य बादलचंद्र बाउरी और मुमताज अंसारी ने किया। मौके पर गोपाल दास, संतु चटर्जी, रामजी यादव, लालू ओझा, विश्वजीत मेहता, अमन खान, मानिक राय, रविलाल, सुखलाल मरांडी, सूरज दास, मिथिला सोरेन, मुन्ना यादव, मधु दास मौजूद थे।

## आक्रोश रैली में शामिल होंगे भाजपा के 10 हजार कार्यकर्ता

### हेमंत सरकार की वादाखिलाफी याद दिला कर कार्यकर्ताओं से की अपील

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** हेमंत सरकार की वादा खिलाफी व भ्रष्टाचार के विरुद्ध 23 अगस्त को आक्रोश रैली की सफलता के लिए भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को बैठक हुई। बैठक में भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष, वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे। बैठक में आंदोलन को सफल बनाने की योजना पर विचार किया गया। तय हुआ कि हेमंत सरकार की कथित वादा खिलाफी, कुशासन, अराजकता व भ्रष्टाचार के मुद्दे को मुहल्ले तक ले जाना है। रागिनी सिंह ने रैली के विभिन्न पहलुओं और उसके आयोजन की रणनीति पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपने-अपने क्षेत्र में प्रचार-प्रसार करने की अपील की। उन्होंने बताया कि रैली का मुख्य उद्देश्य हेमंत सोरेन सरकार के कथित कुशासन, अराजकता और भ्रष्टाचार के खिलाफ युवाओं की आवाज को बुलंद करना है। 23 अगस्त को झरिया विधानसभा से दस हजार युवा जन आक्रोश रैली में रांची पहुचेंगे। 5 वर्ष पूर्व राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सत्ता में आने के पहले युवाओं से वादा किया था कि 5 लाख नियुक्ति निकाली जाएगी और नौकरी नहीं मिली तो बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। 5 साल बाद भी न युवाओं को नौकरी मिली और न ही बेरोजगारी भत्ता। राज्य सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में सभी युवा रांची पहुंचेंगे और मुख्यमंत्री से इस्तीफे की मांग करेंगे।




### शहीद की श्रद्धांजलि सभा में थे मौजूद

बैठक का संचालन शैलेश सिंह चंद्रवंशी ने किया। बैठक में संतोष सिंह, सत्यदेव सिंह, उमेश यादव, अरुण साव, सुजीत सिन्हा, राजाराम पासवान, संतोष शर्मा, अभिषेक पांडेय, मयूरी त्रिवेदी, निर्मला पासवान, अर्जुन निषाद, तरुण राय, अवधेश साव, बच्चा गिरि, अजय दास के अलावा कई अन्य मौजूद थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## श्री चित्रगुप्त पूजा समिति टेल्को का एजीएम 25 को

**जमशेदपुर।** श्री चित्रगुप्त पूजा समिति, टेल्को के समस्त पदाधिकारी, संरक्षक एवं सदस्यों के लिए 25 अगस्त 2024 दिन रविवार को अपराह्न 2 बजे श्री साईंनाथ देवस्थानम्, घोड़ाबांधा परिसर में आम सभा बुलायी गयी है। इस बैठक में नयी समिति का गठन, श्री चित्रगुप्त पूजा 2024 प्रारूप के साथ साथ पिछले वर्ष के आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया जायेगा। जानकारी संरक्षक अनूप रंजन ने दी।

## दो फ्लैटों में चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद

**गम्हरिया।** सोमवार की रात आदित्यपुर थाना अंतर्गत गम्हरिया के सतवाहिनी, धीरजगंज स्थित केंदु गाछ के समीप एसडीएस टावर और हनुमान टावर में चार नकाबपोश चोरों द्वारा ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम देते हुए नकद समेत लाखों के जेवरात की चोरी कर ली गई। बताया गया है कि सभी चोर खुला बदन और नंगे पैर आये थे। सर्वप्रथम नकाबपोश चोरों ने एसडीएस टावर के पांचवे फ्लोर में फ्लैट संख्या 502 व 504 से नकद और करीब पांच लाख से अधिक के जेवरातों की चोरी की। सभी चोरों की तस्वीरें सोसायटी में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस चोरों को ढूंढ़ने के प्रयास में जुट गयी है।

## भाजपा उलीडीह मंडल की बैठक संपन्न



**जमशेदपुर।** मंडल अध्यक्ष रवींद्र सिंह सिसोदिया की अध्यक्षता में भाजपा उलीडीह मंडल कार्यालय में एक अति महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई जिसमें कार्यक्रम प्रवासी के तौर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजन सिंह, प्रभारी के तौर पर पूर्व सुंदरनगर मंडल अध्यक्ष चंचल चक्रवर्ती, पूर्व जिलाध्यक्ष राजकुमार श्रीवास्तव, नितिन त्रिवेदी, डॉ संतोष गुप्ता, अमर सिंह, मुकेश शर्मा, राजू प्रजापति, राजेश गुप्ता, भोला पांडेय, स्वपन चौधरी, पप्पू श्रीवास्तव, मुन्ना मोहंती, राहुल कुमार, अश्विनी सिंह, राकेश प्रसाद, मनोज गुप्ता, प्रसेनजीत महापात्रा, फणीष चौधरी, विवेक सिंह, जीतू गुप्ता सहित बूथ अध्यक्ष गण एवं वरिष्ठ व कनिष्ठ कार्यकर्ता बंधुगण उपस्थित हुए। प्रदेश नेतृत्व द्वारा तय किए गए निमित्त कार्यक्रमों से संबंधित जिला नेतृत्व के निर्देशानुसार रणनीति तय की गयी। बैठक का संचालन अनिमेष सिन्हा एवं धन्यवाद ज्ञापन संध्या नंदी ने किया।

## आहारगुटटू में रेडक्रॉस का हेल्थ कैंप कल

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा 23 अगस्त को आहारगुट्टू कम्युनिटी क्लब में भारत सरकार के उपक्रम यूरेनियम कारपोरेशन ऑफ इंडिया लि. के सीएसआर कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस शिविर से आहारगुट्टू, भुदरीडीह, एकलाडीह, धोड़ांगा, केरवाडुंगरी, बन्धुरंग, नागाडीह के ग्रामीण लाभ उठा सकेंगे।

## रेडक्रॉस का अगला नेत्र शिविर 24 से

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम, राम मनोहर लोहिया नेत्रालय द्वारा प्रत्येक सप्ताह आयोजित होने वाले नेत्र शिविरों की कड़ी में 734वां नेत्र शिविर बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में 24 से 26 अगस्त तक समाजसेवी श्री राजकुमार अग्रवाल के संयोजन में आयोजित किया जायेगा। 24 अगस्त शनिवार को नेत्र रोगियों के आंखों की जांच की जायेगी तथा मोतियाबिन्द ग्रस्त नेत्र रोगियों का चयन किया जायेगा। जिनका चयन किया जायेगा, उनका ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण रविवार 25 अगस्त को नेत्र चिकित्सक डॉ बीपी सिंह, डॉ पूनम सिंह, डॉ. विवेक केडिया, डॉ राशि वर्मा एवं उनके सहयोगी चिकित्सीय टीम द्वारा किया जायेगा। उपरोक्त जानकारी रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने प्रदान की।



घंटों तलाशी अभियान चलाने के बाद चांडिल डैम से वापस लौटती एनडीआरएफ की टीम।

# नेवी के विशेषज्ञों की टीम आज चांडिल डैम में करेगी लापता विमान की पड़ताल

- विशेष विमान से आधुनिक उपकरणों से लैश पंद्रह सदस्यीय नेवी की टीम पहुंची
- लापता ट्रेन पायलट के मोबाइल पर भेजे गए संदेश को रीड होने से जगी उम्मीद

**खबर मन्त्र टीम**

**चांडिल/जमशेदपुर।** गत 20 अगस्त को जमशेदपुर एयरपोर्ट, सोनारी से उड़ान भरने के बाद लापता हुए अलकेमिस्ट एविएशन के एयरक्राफ्ट की खोज में भारतीय नौसेना भी सहयोग करेगी। इस निमित सरायकेला खरसावां जिला प्रशासन ने केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ को पत्र भेजकर नेवी के सहयोग का आग्रह किया था। जिला प्रशासन के आग्रह पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने सकारात्मक पहल करते हुए, अधिकारियों को तुरंत मदद को कहा। इसके बाद नौसेना ने सक्रियता दिखाई है। दूसरी ओर, बुधवार को एनडीआरएफ की टीम सुबह नौ बजे चांडिल डैम पहुंची और विमान डैम के बीच गिरने का दावा करने वाले एक ग्रामीण के साथ दो बोट पर सवार होकर सुबह 10.30 बजे डैम में घुसी। दोपहर ढेड बजे टीम वापस खाली हाथ लौट आई। इसके बाद दोपहर ढाई बजे टीम दुबारा डैम में खोजबीन कर और अंततः सुराग नहीं मिलने पर सवा पांच बजे टीम डैम से निकल आई। इस दौरान डैम पर एसडीओ शुभ्रा रानी, एसडीपीओ सुनील कुमार रजवार और बीडीओ तिलेश्वर दास भी मौजूद थे। विधायक सबिता महतो भी डैम पर पहुंच कर बचाव एवं खोज कार्य का जायजा लिया। बुधवार की देर रात विशेष विमान से भारतीय नौसेना के 15 लोगों की टीम, 4 हाइड्रोसेलर्स मशीन व अन्य आवश्यक उपकरणों के साथ रांची पहुंची। रांची से फिर यह टीम चांडिल के लिए रवाना होगी। गुरुवार की सुबह से नौसेना की पूरी टीम चांडिल डैम में उक्त एयरक्राफ्ट की खोज शुरू करेगी। इधर, विमान में ट्रेनर पायलट के साथ बैठे प्रशिक्षु पायलट सुब्रदीप दत्ता के व्हाट्एप पर भेजे गए मैसेज को आज सीन दिखा है, और मोबाइल का लोकेशन नीमडीह थाना के कल्याणपुर और काशीडीह गांव के बीच मिला है। इससे प्रशासन को नई उम्मीद जगी है कि शायद प्रशिक्षु पायलट जिंदा हो। विदित होगी कल 20 अगस्त की पूर्वाह्न टाटा सोनारी से उड़ान भरने के कुछ ही देर के बाद एटीसी से संपर्क टूटने के बाद एकाएक एयरक्राफ्ट लापता हो गया, जिसमें दो लोग सवार थे। स्थानीय स्तर पर काफी खोजबीन के बाद उसकी जानकारी नहीं मिल पाई है।

# भाजयुमो ने निकाला भव्य मशाल जुलूस हेमंत सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

- युवाओं के सपने और भविष्य की सरकार ने की सौदेबाजी : सुधांशु ओझा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** राज्य की हेमंत सरकार के युवा विरोधी नीतियों, वादाखिलाफी, ध्वस्त कानून व्यवस्था और व्याप्त भ्रष्टाचार पर भाजपा लगातार हमलावर है। एक ओर, जहां 23 अगस्त को भाजयुमो झारखंड प्रदेश के नेतृत्व में रांची के मोरहाबादी मैदान में युवा आक्रोश रैली का आह्वान किया गया है। तो वहीं, दूसरी ओर जमशेदपुर में हेमंत सरकार की निरंकुशता और झूठे आश्वासन की कारस्तानी उजागर करने के उद्देश्य से भारतीय जनता युवा मोर्चा ने मशाल जुलूस निकालकर सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। बुधवार को भाजयुमो जिलाध्यक्ष नीतीश कुमार के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्तओं ने साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय से साकची शहीद चौक तक हाथों में मशाल लेकर हेमंत सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के संग पार्टी के कई वरीय नेतागण मौजूद रहे। मशाल जुलूस में शामिल युवा कार्यकताओं ने हेमंत सरकार पर वादाखिलाफी, युवाओं के हितों की अनदेखी करने और युवाओं को ठगने का आरोप लगाते हुए आक्रोश प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर भाजपा जमशेदपुर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा चुनाव के दौरान जनता से कई बड़े वादे किए, जिनमें हर घर से एक व्यक्ति को नौकरी, साल में 5 लाख नौकरियां, बेरोजगारी भत्ता, अनुबंध व थर्ड पार्टी नौकरियों




मशाल जुलूस में शामिल सुधांशु ओझा, अमित अग्रवाल व अन्य।

को समाप्त कर स्थायी नौकरियां के साथ महिलाओं, किसानों और बुजुर्गों से कई वादे शामिल थे। परंतु सरकार बनते ही हेमंत सरकार ने अपनी प्राथमिकता पूरी तरह से बदल ली। सरकार ने बड़ी परीक्षाओं में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देते हुए लाखों परिश्रमी छात्राओं के भविष्य को बर्बाद कर उनके सपनों की सौदबाजी की। उन्होंने कहा कि अब इस सरकार को और मौका नही दिया जा सकता है। उन्होंने बताया कि 23 अगस्त को रांची में प्रस्तावित युवा आक्रोश रैली के निमित्त जमशेदपुर महानगर की तैयारी अंतिम चरण में है। यह रैली ऐतिहासिक होगी। कई बार सरकार को आगाह करने के बाद हेमंत सोरेन सरकार ने युवाओं को अपने हक और अधिकार के लिए सड़क पर उतरने को मजबूर कर दिया है। युवाओं की यह लड़ाई इस बार निर्णायक होगी।

वहीं, भाजयुमो जिलाध्यक्ष नीतीश कुमार ने कहा कि युवा आक्रोश रैली को लेकर जमशेदपुर के युवाओं में खासा उत्साह है। सीएम हेमंत सोरेन ने अबतक युवाओं से किया एक वादा भी पूरा नही किया है। सरकार की इस उदासीनता और तानाशाही रवैये से उग्र युवा हुंकार भरने और आगामी विधानसभा चुनाव में हेमंत सरकार को हटाने को तैयार हैं। राज्य की हेमंत सरकार ने युवाओं को लगातार ठगा और छला है। राज्य सरकार द्वारा जो भी प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित हुई है, वह सभी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि सरकार के कुकृत्यों का हिसाब लेने और सरकार की विदाई के लिए 23 अगस्त मोरहाबादी मैदान आएं।

## खरसावां विधानसभा चुनाव प्रभारी जटाशंकर ने चार मंडलों में की बैठक



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह खरसावां विधानसभा चुनाव के प्रभारी जटा शंकर पांडे सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत खरसावां विधानसभा के खरसावां नगर, खरसावां पूर्वी, खरसावां पश्चिमी एवं कोचाई मंडल द्वारा विभिन्न स्थानों पर आयोजित आवश्यक सांगठनिक बैठक में विधानसभा चुनाव प्रभारी के रूप में शामिल हुए। चारों मंडलों में आयोजित बैठकों में 23 मार्च को भाजयुमो झारखंड के नेतृत्व में रांची स्थित मोहराबादी मैदान में युवा विरोधी हेमंत सरकार के खिलाफ होने वाले युवा आक्रोश रैली में प्रत्येक मंडल द्वारा ज्यादा से ज्यादा युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित हो इस पर चर्चा परिचर्चा एवं जटाशंकर ने अपना मार्गदर्शन दिया।

इंद्रा नगर और कल्याण नगर के 150 मकान तोड़े जाने का मामला

## एनजीटी के अधिवक्ताओं को संघर्ष समिति ने भेजा वकालतनामा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



बस्तीवासियों को जानकारी देते हुए विधायक सरयू राय।

**जमशेदपुर।** 150 मकान तोड़ने के विरुद्ध गठित इंद्रानगर, कल्याणनगर बस्ती बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष संतोष गुप्ता ने एनजीटी के अधिवक्ताओं को वकालतनामा भेज दिया है। इस वकालतनामे में श्री गुप्ता ने एनजीटी के अधिवक्ताओं- मानसी बचानी, ईशा कृष्ण, डॉ बीपी नीलरत्न, सौमित्र जायसवाल, शुभम उपाध्याय, गीतांजलि सान्याल और सूर्या गुप्ता को अधिकृत किया गया है। गौरतलब है कि विगत दिनों दिल्ली प्रवास के दौरान जमशेदपुर पूर्वी के विधायक श्री सरयू राय ने सीनियर एडवोकेट श्री संजय उपाध्याय से 150 मकानों को तोड़ने के आलोक में मुलाकात की थी। उसी यात्रा में श्री सरयू राय से श्री उपाध्याय ने कहा था कि उन्हें बस्ती वासियों की तरफ से वकालतनामा की जरूरत होगी।

## गोविंदपुर रावण दहन समिति की नयी कमेटी बनी, भव्य आयोजन की तैयारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** गोविंदपुर रावण दहन समिति की एक बैठक में पिछले वर्ष की कमेटी को भंग कर नई समिति का गठन किया गया। नई कमेटी में पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को मुख्य संरक्षक, राधेश्याम सिंह को मुख्य संस्थापक, श्याम किशोर सिंह को संरक्षक, चंद्रशेखर सिंह को अध्यक्ष और कमलेश सिंह को महासचिव बनाया गया है। इसके अलावा, ललन शाह, भारत भूषण, विजय यादव, डॉ. रोशन झा, और रमन झा को संरक्षक के रूप में शामिल किया गया है, जबकि अशोक सिंह और बलराम प्रताप सिंह को सलाहकार की भूमिका दी गई है। इस बैठक में कमेटी के अन्य सदस्यों में कामेश्वर पांडे, जुगनू वर्मा, अविनाश, धीरज सिंह, अवधेश शाह, भूषण दीक्षित, जय नारायण सिंह, अमर बहादुर, उपेंद्र कुमार, उदय सिंह और जय कुमार शामिल हुए। सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने इस अवसर पर रावण दहन आयोजन को सुरक्षित और भव्य तरीके से मनाने के लिए अपने विचार प्रस्तुत किये।

## एसडीपी दान करने वालों को ब्लड बैंक ने किया सम्मानित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पीड़ित मानवता की सेवा में लगातार रक्त के जरूरतमंदों को समय पर रक्त एवं कम्पोनेन्ट उपलब्ध कराने की प्राथमिकता के साथ रेड क्रॉस, पूर्वी सिंहभूम सदैव तत्पर है। इस क्रम में 17 अगस्त से 21 अगस्त तक रेड क्रॉस के एसडीपी डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह की देखरेख में लगातार एसडीपी डोनेशन कर जरूरतमंदों को सिंगल डोनर प्लेटलेट उपलब्ध कराया गया। एसडीपी दान करने वाले में ए आलम जिन्होने 17 बार एसडीपी के साथ 23 बार नियमित रक्तदान से 40 रक्तदान को पूरा किया है, वहीं इस सप्ताह टाटा स्टील कर्मी दिनेश कुमार सिंह ने 12वें एसडीपी डोनेशन के साथ नियमित डोनेशन के 13 बार से उन्होने अपना 25वां रक्तदान पूरा किया, जिन्हें 25 बार रक्तदान का स्मृति चिन्ह जमशेदपुर ब्लड सेन्टर में प्रदान किया गया। टाटा स्टील के ही नवलेश कुमार ने 14वां एसडीपी डोनेशन किया, उन्होने पहले 19 नियमित रक्तदान भी किया है।

## अंगिका सेवा सदन, छोटगोविंदपुर में वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर आज अंगिका सेवा सदन,छोटागोविंदपुर के तत्वावधान अंगिका समाज के वरिष्ठ नागरिकों का स्वागत कर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया एवं उनके द्वारा सेवा सदन के विकास में किए गए योगदान को याद करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अंगिका जागृति संघ के महासचिव सह समाजसेवी शिव शंकर सिंह, जिला परिषद सदस्य डॉ परितोष सिंह, अध्यक्ष रमन सिंह,रणवीर सिंह,शशिभूषण सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता रमन सिंह, धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष संजय सिंह ने दिया।

इस अवसर पर अंगिका जागृति संघ के महासचिव सह समाजसेवी शिव शंकर ने कहा की अंगिका सेवा सदन, छोटा गोविंदपुर हमेशा से सामाजिक कार्य में अपनी अग्रणी भूमिका निभाते आ रहा है जिसके लिए सभी लोग बधाई के पात्र है। गोविंदपुर, राहरगोड़ा, बारीगोड़ा , टेल्को के अंग समाज के लोगों के द्वारा बेहतर कार्य किया जा रहा है। समाज के वरिष्ठ नागरिकों ने अपनी जिम्मेदारियों बखूबी निभाया है, उनके मार्गदर्शन में युवा वर्ग सेवा सदन की गरिमा को बढ़ाते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचायेगा।



### सम्मानित होने वाले समाज के वरिष्ठ

डॉ अमर कुमार सिंह, निर्भय सिंह, सदानंद सिंह, नरेश प्रसाद सिंह, शत्रुघ्न सिंह, उमेश सिंह, वीरेंद्र सिंह, गोपी सिंह, जे के पी सिंह, नवीन सिंह, उपेंद्र प्रसाद सिंह, रामरूप प्रसाद,नवीन झा,भैरव सिंह, अरविंद सिंह,रामबरन सिंह अरविंद सिंह, निरंजन कुमार, एन के सिंह, के डी सिंह, मनोहर सिंह, स्वतंत्र प्रसाद सिंह, त्रिवेणी प्रसाद भगत, निकेश कुमार, बालाजी भगत सहित समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

एक नजर में

## बीएसीइटी के दो छात्रों का एनटीटीएफ में जीईटी पद पर प्लेसमेंट



कॉलेज के चेयरमैन के साथ चयनित छात्र।

**जमशेदपुर।** बीएसीईटी के छात्रों को इस वर्ष कैंपस भर्ती के माध्यम से विनिर्माण, निर्माण, परामर्श, परीक्षण, डिजाइन, उत्पादन आदि कंपनियों में सफलतापूर्वक भर्ती किया जा रहा है, इसलिए वे अग्रणी शैक्षणिक संस्थान एनटीटीएफ में जीईटी पद हासिल करने में कामयाब रहे। इसके अलावा बीएसीईटी के दो अन्य बुद्धिमान छात्र- सीएससी शाखा के मजाहिद अंसारी और मैकेनिकल शाखा के माणिक चंद सिंह, दोनों 10 अगस्त और 24 जुलाई को लिखित और साक्षात्कार के लिए उपस्थित हुए और सफलतापूर्वक जीईटी पदों के लिए अर्हता प्राप्त की। छात्र 20 अगस्त से 1 वर्ष के लिए कंपनी के बैंगलोर कार्यालय में प्रशिक्षण पर रहेंगे और प्रशिक्षण के दौरान उन्हें अच्छा वजीफा दिया जायेगा। प्रशिक्षण के बाद उन्हें स्थायी कर दिया जायेगा। छात्रों को उनकी सफलता पर चेयरमैन डॉ एसके सिंह, प्रभारी प्राचार्य डॉ प्रत्यंचा प्रसाद, टीपीओ राहुल सिंह एवं सभी संकायाध्यक्षों ने बधाई दी।

## करणी सेना का निशुल्क सेवा शिविर का हुआ समापन, कार्यकर्ता हुए सम्मानित



समापन समारोह के मौके पर स्मृति चिह्न देते करणी सेना के लोग।

**जमशेदपुर।** क्षत्रिय करणी सेना परिवार झारखंड के प्रदेश संयोजक प्रेम सिंह के नेतृत्व में देवघर के रांगा मोड़ स्थित श्रावण महीने को देखते हुए पैदल चलने वाले शिव भक्तों के लिए निशुल्क सेवा शिविर का उद्घाटन 21 जुलाई को राज्य के कई गणमान्य लोगों द्वारा हुआ था जिसका समापन कार्यक्रम,बुधवार 21 अगस्त को देवघर मुनसिपल कॉर्पोरेशन ऑडिटोरियम में हुआ। मौके पर जमशेदपुर जिला समेत प्रदेश के हर जिला के सैकड़ो कार्यकर्ताओं को तलवार,मुमेंटो और भगवा वस्त्र ओढ़ा कर किया गया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बिनय सिंह द्वारा देवघर की टीम को लगातार बेहतर कार्य करने के लिए ₹बेस्ट डिस्ट्रिक्ट अवार्ड₹ से सम्मानित किया। निशुल्क सेवा शिविर बिना रुके लगातार करणी सेना के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। जहां निशुल्क फल,दूध,भोग व मेडिकल की सुविधा व अन्य सभी जरूरत की चीज कांवड़ियों को उपलब्ध करवाई गयी ।शिविर से लाखो कांवरियों को इस निशुल्क सेवा शिविर का लाभ मिला। 24 घंटे चले इस सेवा शिविर में सैकड़ो कार्यकर्ता अपनी सेवा देते रहे जिसकी सरहाना प्रदेश अध्यक्ष बिनय सिंह और प्रदेश संयोजक प्रेम सिंह ने किया। निशुल्क सेवा शिविर के समापन कार्यक्रम मे प्रदेश अध्यक्ष बिनय सिंह, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजन सिंह, प्रदेश संरक्षक गंगा नारायण सिंह, ध्रुव सिंह, अरविंद सिंह, उमा सिंह, रूपेश सिंह, अमन राठौर, विजय सिंह,गोपाल सिंह, लाल बहादुर व अन्य लोग मौजूद थे।

## आमझोर में विधायक मंगल कालिंदी करवा रहे शिव मंदिर का निर्माण



निर्माणाधीन मंदिर के पास ग्रामीणों से बात करते विधायक मंगल।

**पटमदा।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बोड़ाम प्रखंड के पहाड़पुर पंचायत अंतर्गत आमझोर गांव में विधायक मंगल कालिंदी निजी खर्च (बेतन के रुपये) से नौं मौजा में शिव मंदिर का निर्माण करवा रहें हैं। बुधवार को दौरे के क्रम में निर्माणाधीन शिव मंदिर का निरीक्षण करने विधायक आमझोर गांव पहुंचे और ग्रामीणों से आवश्यक चर्चा किया। विधायक मंगल कालिंदी ने बताया कि आमझोर शिव मंदिर के नौं मौजा के ग्रामीणों तीन पीढ़ी से यहां भगवान शिव की पूजा करते आ रहें हैं। लेकिन मंदिर का निर्माण कर नही पा रहे थे जिसे उनका वर्षों का सपना अधूरा था। पिछले वर्ष नौं मौजा के ग्रामीणों ने मंदिर परिसर में एक बैठक बुलाई थी। जिसमें मुझे भी शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया था। बैठक में शामिल होने के पश्चात नौं मौजा के ग्रामीणों ने हमसे शिव मंदिर निर्माण करवा देने की मांग की थी। उन्होंने नौं मौजा के ग्रामीणों की आस्था को देखते हुए अपने बेतन के रुपये से मंदिर निर्माण करवा देने का आश्वासन दिया था। जिसका कार्य प्रगति पर है और लगभग अस्सी प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द मंदिर निर्माण कार्य को पूरा किया जायेगा। मंदिर का निर्माण हो जाने से नौं मौजा के लोगों का सपना भी साकार हो जाएगा। मौके पर झामुमो नेता काजल सिंह समेत अन्य कई ग्रामीण मौजूद थे।

# बंद समर्थकों ने बाइक सवारों और ऑटो पर चलाई अंधाधुंध लाठियां,पुलिस नदारद



**पूर्णिया।** पूर्णिया में हड़ताल के दौरान हुड़दंगियों ने सड़क पर जा रहे बाइक सवारों पर लाठियां चलाई और गाड़ियों को तोड़ दिया। इसमें कई लोग घायल हो गए। घटना लाइन बाजार की है जहां पर एक तरफ से हड़तालियों ने जमकर हुड़दंग मचाई और गुजरने वाले बाईक सवारों को घेर कर लाठियां बरसाई। जितने भी बाईक सवार उधर से गुजर रहे थे सभी पर लाठियां बरसाई गई। बाइक सवार लगातार आग्रह कर रहे थे कि हम लोग आवश्यक काम में हैं, दवा के लिए आए हैं अथवा अपने मरीज के लिए आए हैं या हमें कहीं जाना जरूरी है परंतु किसी की नहीं सुनी जा रही थी और लाठियां बरसाई जा रही थी। एक बाइक सवार पर एक बुजुर्ग को बैठाये बेटा बार-बार आग्रह करता रहा कि मैं पापा को दिखाने आया हूं मुझे जाने दिया जाए परंतु हुड़दंगियों ने उन्हें भी नहीं छोड़ा और जमकर लाठी बरसाते रहे। एक बाइक सवार पर इतनी लाठी बरसाई कि वह सड़क पर बाईक लिए गिर गया। एक ई-रिक्शा पर सवारी बैठी थी उस पर भी उपद्रवी किस्म के लड़के लाठी बरसाने लगे। ई-रिक्शा पर बैठे सवार उतरकर भागने लगे। उन लोगों ने जब पूछा गया तो बताया कि हम लोग जबरदस्ती ई रिक्शा वाले को आग्रह कर सदर अस्पताल जा रहे थे। वह जाने को तैयार नहीं था परंतु हम लोगों ने कहा किसी तरह ले चलो। परंतु चौराहे पर आते-आते जब लाठियां बरसने लगी तो हम लोगों को भागना पड़ा।

# भाकपा माले के दर्जनों कार्यकर्ता रहे सक्रिय

**सहरसा।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा एससी आरक्षण में क्रीमीलेयर लागू करने के खिलाफ दलित संगठनों के भारत बंद के समर्थन में भाकपा माले के दर्जनों कार्यकर्ता ने शहर में उतरकर बंद को सफल बनाया। शिवपुरी ढाला पर माले नेता विक्की राम व संतोष राम के नेतृत्व में लहेरियासराय-सहरसा पैसेंजर ट्रेन सं. 05545 को करीब 15मिनट रोककर विरोध प्रदर्शन किया।वही कचहरी चौक पर माले नेता कुंदन यादव के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता सुबह 7बजे से ही सड़क पर उतरे और बंद के समर्थन में नारेबाजी करते रहे। मौके पर माले युवा नेता कुंदन यादव ने कहा कि मोदी सरकार दलित व गरीबों के शिक्षा व आरक्षण को छिनने में लगी हुई है। आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के संवैधानिक पीठ का आदेश दुर्भाग्यपूर्ण है। दलित आदिवासियों के आरक्षण व्यवस्था को पूर्णता लागू करते हुए उनके वंचित जातियों के सवालों को संवैधानिक प्रावधानों के जरिये सम्बोधित किया जाना चाहिए। भाकपा माले का केंद्र सरकार से मांग है कि दलितों के सबसे कमजोर हिस्से के विकास की गारंटी करे और आरक्षण खत्म करने व दलितों में फुट डालने की साजिश बंद करें।

# बंद का भागलपुर में रहा मिला जुला असर

एजेंसी



**भागलपुर।** एससी/एसटी के उप-वर्गीकरण के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ बहुजन संगठनों के द्वारा आहुत भारत बंद का भागलपुर में मिला जुला असर देखने को मिला। बंद समर्थक एससी/एसटी उपवर्गीकरण का विरोध करने के साथ ही बिहार के एससी, एसटी और ईबीसी-बीसी के 65 प्रतिशत आरक्षण के प्रावधान को 9 वीं अनुसूची में डालने, लैटरल एंट्री के जरिए भर्ती पर रोक लगाने, ओबीसी को आबादी के अनुपात में आरक्षण देने, आरक्षण की तय 50 प्रतिशत की सीमा और ओबीसी आरक्षण में क्रीमी लेयर के प्रावधान को खत्म करने, जाति जनगणना जल्द कराने और निजी क्षेत्र और हाईकोर्ट-सुप्रीम कोर्ट में जजों की नियुक्ति सहित हर क्षेत्र में एससी, एसटी और ओबीसी को आबादी के अनुपात में हिस्सेदारी की गारंटी करने की मांगों को भी बुलंद कर रहे थे। बंद की अगुआई सामाजिक न्याय आंदोलन (बिहार) के गौतम कुमार प्रीतम, बिहार फुले-अंबेडकर युवा मंच के अखिलेश रमण, नसीब रविदास, अशोक अंबेडकर, सुनील दास, बहुजन स्टूडेंट्स यूनियन (बिहार) के अनुपम आशीष, संतोष पासवान, सोहराब आलम, दीपक दीवान कर रहे थे। उधर बिहपुर में सुबह 9:30 बजे से ही बिहपुर प्रखंड के शहीद गेट पर बंद समर्थकों का जुटान शुरू हो गया था। बिहपुर विधानसभा क्षेत्र से बंद समर्थकों का जत्था सोनवर्षा, हरिओ, झंडापुर, बिक्रमपुर, अरसंडीह, खरीक, नारायणपुर आदि जगहों से जमा हुए। 11:00 बजे हजारों की संख्या में जत्था शांतिपूर्ण भारत बंद का नारा लगाते हुए बिहपुर प्रखंड कार्यालय होकर बाजार भ्रमण किया। बाद में एक जगह इकट्ठा होकर सभा की। सभा को संबोधित करते हुए गौतम कुमार प्रीतम और अखिलेश रमण ने कहा कि ऐतिहासिक बंद के जरिए बिहपुर सहित देशभर के बहुजनों ने एससी/एसटी उपवर्गीकरण के खिलाफ अन्य मांगों के पक्ष में एकजुट आवाज बुलंद की है। इस आवाज को नरेन्द्र मोदी की सरकार अनसुना नहीं करे। संसद में बिल लाकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को रद्द करे।

# स्कूली बस में आग लगाने की कोशिश

## हाईवे को किया जाम, यात्री परेशान



एजेंसी

**गोपालगंज।** अनुसूचित जाति और जनजाति आरक्षण में क्रीमी लेयर को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ गोपालगंज में भारत बंद का मिलाजुला असर देखने को मिला। बंद को सफल बनाने के लिए भीम आर्मी, सीपीआईएमएल के सदस्य सड़क पर उतर गए और सभी चौक चौराहों को जाम कर दिया गया। यहां तक की बाइक, ऑटो, बस, सभी को पूरी तरह से जो जहां थे, वहीं खड़ा कर दिया गया। एनएच 27 को घंटों जाम रखा। प्रदर्शन के दौरान एक स्कूल बस फंस गई। सड़क पर आगजनी की गई थी। प्रदर्शनकारियों ने बस को आग के ऊपर से निकाला। इस दौरान बस में 20 से ज्यादा स्कूल बच्चे मौजूद थे। गनीमत रही कि बस में आग नहीं लगी। नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। एसपी स्वर्ण प्रभात ने कहा है कि आन्दोलन की आड़ में हंगामा करने वाले की पहचान कर एक-एक व्यक्ति पर कार्रवाई की जाएगी। शहर में सुबह 11 बजे तक बंद का असर देखने को नहीं मिला। हालांकि, एससी-एसटी और आदिवासी संगठनों के कार्यकर्ता 11 बजे के बाद सड़क पर उतरे। इस कारण शहर में जाम से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। भारी संख्या में सुरक्षाकर्मियों को तैनात कर दिया है। पुलिस जवानों की तैनाती कर दी गई है। बहुजन समाज पार्टी तथा भीम आर्मी के कार्यकताओं ने उग्र प्रदर्शन के दौरान अरार मोड, पोस्ट ऑफिस चौराहा, बंजारी चौक, अस्पताल चौक को पूरी तरह से जाम कर दिया।

# भारत बंद का वैश्य समाज का नैतिक समर्थन

एजेंसी

**सहरसा।** अनुसूचित जाति व जनजाति आरक्षण में क्रीमीलेयर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर भारत बंद का वैश्य समाज ने अपना नैतिक समर्थन दिया है। वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष रामकृष्ण साह उर्फ मोहन साह ने कहा कि एस एसटी आरक्षण के वर्गीकरण के खिलाफ एवं आरक्षण को संविधान की 9वीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को समर्थन करते हुए कहा कि इस फैसले को खारिज किया जाए, क्योंकि यह अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों के संवैधानिक अधिकारों के लिए खतरा है। एससी, एसटी एवं ओबीसी के लिए आरक्षण पर संसद द्वारा एक नये कानून को पारित करने की भी मांग की। जिसे संविधान की नौवीं सूची में समावेश के साथ संरक्षित किया जाए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आरक्षण में वर्गीकरण की कोशिशों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होने कहा कि आरक्षण की रक्षा के लिए जन-आंदोलन एक सकारात्मक प्रयास है। शोषित-वंचित के बीच चेतना का नया संचार करेगा एवं आरक्षण से किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ के खिलाफ जन शक्ति का एक कवच साबित होगा। शांतिपूर्ण आंदोलन लोकतांत्रिक अधिकार होता है। बाबा साहब भीमराव आंबेडकर ने पहले ही आगाह किया था कि संविधान तभी कारगर साबित होगा जब उसको लागू करनेवालों की मंशा सही होगी।

# 1400 मानक के आधार पर मतदान केंद्रों का पुनर्गठन

**गोपालगंज।** मतदान केंद्रों के युक्तिकरण तथा पुनरीक्षण पूर्व गतिविधि विषय पर समाहरणालय सभागार कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम मो मकसूद आलम की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी डॉ शशि प्रकाश राय ने कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2025 के आधार पर निर्वाचन सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के क्रम में पुनरीक्षण पूर्व गतिविधियों के अंतर्गत मतदान केंद्रों को युक्तिकरण सुनिश्चित करना है। 1400 मानक के आधार पर मतदान केंद्रों का पुनर्गठन किया जाए ताकि भविष्य में निर्वाचन के अवसर पर मतदान केंद्रों की संख्या में आकस्मिक बढ़ोतरी को सीमित किया जा सके।

# भीम आर्मी के समर्थकों ने एनएच 27 बस स्टैंड के समीप जाम कर की नारे बाजी



एजेंसी

**किशनगंज।** आरक्षण में वर्गीकरण के विरोध में भारत बंद का समर्थन बुधवार को विभिन्न संगठनों ने किया। समर्थन में भीम आर्मी, आरक्षण बचाओ आदिवासी विकास परिषद, खरवार आदिवासी एकता मंच, बहुजन समाज पार्टी समेत कई संगठनों के कार्यकर्ताओ ने एकजुटता दिखाई। विभिन्न संगठनों ने बस स्टैंड जे पास एनएच 27 मार्ग करीब आधे घण्टे तक जाम कर दिया। आंदोलन कर रहे लोगों ने सड़क जाम करते हुए टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान दोनो ओर गाड़ियों की कतार लग गई।सूचना मिलने पर एसडीपीओ गौतम कुमार, सदर थानाध्यक्ष संदीप कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। एसडीपीओ व थानाध्यक्ष ने आंदोलन कर रहे लोगों को समझाया बुझाया। इसके बाद लोग शांत हुए। वही भीम आर्मी के सदस्यों ने राष्ट्रपति के नाम एसडीपीओ को एक मांग पत्र भी सौंपा। भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष प्रदीप रविदास ने बताया कि आरक्षण में वर्गीकरण के विरोध में देश भर में एक साथ विरोध प्रदर्शन किया गया है। वहीं एससी एसटी जिलाध्यक्ष बबल राव कुलकर्णी ने कहा कि हमारी मांगे जायज हैं।

# केतार में भारत बंद का असर, परिचालन ठप



बंद कराते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**केतार।** प्रखंड में सुप्रीम कोर्ट के द्वारा आरक्षण मामले में दिए गए आदेश पर एसी, एसटी, ओबीसी के द्वारा बुलाए गए भारत बंद का मिला-जुला असर दिखा। बंद को लेकर सुबह से ही कोल्ह मोड़ पर सड़क जाम कर दिया गया। जिससे यातायात प्रभावित रहा। जबकि प्रखंड मुख्यालयों में भी बंद समर्थकों ने केतार बाजार सहित अन्य जगहों में दुकानें बंद कराई। रोड जाम के कारण यातायात पर भी असर देखा गया। जबकि व्यावसायिक प्रतिष्ठान पर बंद का कुछ समय के लिए असर देखा गया। इसमें कुछ समय के लिए शिक्षकों को भी परेशानीयों का समाना करना पड़ा, फिर उन्हें विद्यालय के लिए छोड़ दिया गया। बंदी लगभग 12:30 तक चला, फिर थाना प्रभारी केतार अपने दल बल के साथ स्थल पर पहुंच कर अजय वर्मा के साथ दर्जनों लोगों को गिरफ्तार कर केतार थाना ले जाया गया। मौके पर मुख्य नेतृत्वकर्ता अम्बेडकरवादी नेता अजय वर्मा, शिवकुमार सिंह, कामेश्वर दास, योगेंद्र राम, रामभजन गुप्ता, रामनारायण राम, बिंदु राम, कामेश्वर सिंह, महेंद्र पाल, जीतन राम, छोटन सिंह, गौतम राम, रमेश राम आदि उपस्थित थे।

# भारत बंद का मिला-जुला असर सड़क पर दिखा



सड़क जाम करते लोग

**रमना।** प्रखंड में सुप्रीम कोर्ट के द्वारा आरक्षण के मामले में दिए गए आदेश पर बुलाए गए अनुसूचित जाति एवं जनजाति के संगठनों द्वारा भारत बंद का मिला-जुला असर सड़क पर दिखा।

बंद को लेकर सुबह से ही बंद समर्थक गुलरही बांध मोड़ पर सड़क जाम कर दिया। जिससे यातायात प्रभावित रहा। रमना प्रखंड सहित बिशुनपुरा प्रखंड मुख्यालयों में भी बंद समर्थकों के द्वारा सड़क जाम कर बंद किए जाने की सूचना है। जबकि व्यावसायिक प्रतिष्ठान पर बंद का कोई असर नहीं देखा जा रहा है निजी स्कूलों को भी ऐतिहातन बंद कर दिया गया है। रमना मे भारतीय संविधान आरक्षण विरोधी मोर्चा रमना अध्यक्ष मुन्ना कुमार, रोहित कुमार, अनुज कुमार, नागिन सिंह, लाला सिंह ने जाम कर आवागमन बाधित कर दिया है।

# ऐतिहासिक योजना है झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना : मंत्री मिथिलेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा है कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना देश का अब तक का ऐतिहासिक योजना है। इस योजना से राज्य की आधी आबादी एक साथ लाभान्वित हो रही है। मंत्री ने कहा कि झारखंड के इतिहास में अब तक किसी भी सरकार ने इतनी बड़ी जनकल्याणकारी योजना लागू नहीं की है। जिससे बहन बेटियों को स्वावलंबी बनने में मदद मिले। इस योजना से राज्य की सभी बहन बेटियों में आशा की नई किरण जगी है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि इस योजना से अब तक अकेले गढ़वा जिला में दो लाख से अकि बहन-बेटी लाभान्वित हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक दो

## गढ़वा में अब तक दो लाख से अधिक आवेदन हो चुके स्वीकृत



मिथिलेश कुमार ठाकुर

लाख 22 हजार 264 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जांचोपरांत इनमें 1726 आवेदन रिजेक्ट हो गया है। जबकि दो लाख छः हजार 414 आवेदन अप्रूव हुआ है। 14 हजार 124 आवेदन लंबित है। सभी के खाते में पैसा जाना शुरू हो गया है। प्रति माह 15 तारीख तक सभी के खाते में 1000 रुपए नियमित रुप से जमा हो जाएगा। इससे बहन-बेटियों को अपने कार्यों में बहुत बड़ा सहयोग प्राप्त होगा। महिला स्वावलंबन की दिशा में झारखंड सरकार का बहुत बड़ी पहल है। उन्होंने कहा कि राज्य में पहली बार झारखंडी जनमानस की सरकार बनी है। जब से हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य में महागठबांन की सरकार बनी है, तब से लगातार अंतिम पंक्ति के लोगों को यान में रखते हुए जनहित की योजनाएं चलाई जा रही हैं। सभी योजनाओं का लाभ राज्य की जनता को मिल रहा है। झारखंड सरकार राज्य एवं राज्यवासियों के हित में बेहतर कार्य कर रही है। यही बात विपक्षियों को चुभ रही है।

## मंत्री ने कहा किसी को नहीं दें अकाउंट डिटेल, फर्जी कॉल से रहें सावधान

झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गढ़वा सहित पूरे राज्य की जनता से फर्जी कल से सावधान रहने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से संबंधित अपने अकाउंट डिटेल की जानकारी किसी को भी नहीं दें।

मंत्री श्री ठाकुर ने कहा है कि झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के संदर्भ में कई लाभुकों के मोबाइल नंबर पर योजना को लेकर कल आने की जानकारी मिल रही है, जो पूरी तरह से फर्जी है। इसलिए योजना के तहत निबंधित बहन - बेटियों से आग्रह है कि योजना के संदर्भ में या राशि हस्तांतरण से सम्बधित कल आने पर ओटीपी या अपने बैंक खाते से संबंधित जानकारी कल करने वाले के साथ कदापि साझा नहीं करें। झारखण्ड सरकार इस योजना को लेकर किसी तरह का कल नहीं कर रही है। इसलिए सभी लोग सतर्क रहें और ऐसे कल आने पर अपने बैंक खाता की जानकारी नहीं दें। उन्होंने कहा कि तेजी से बढ़ रहे ऑनलाइन फ्रॉड से बचना बहुत जरूरी है। कई लोग मैसेज या कल (बैंक का फर्जी कल) करके फ्रड कर रहे हैं। एसएमएस, व्हाट्सएप, मेल या टेलीग्राम के माध्यम से भी मैसेज आ सकते हैं। इसलिए सभी लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। साथ ही अपने आस पास के परिचितों, रिश्तेदारों तक भी यह जानकारी ज़रूर साझा करें। झारखण्ड पुलिस ऐसे मामलों को लेकर सतर्क है।

# करंट लगने से एक की मौत

**भवनाथपुर।** अरसली दक्षिणी के सिकियालेवा टोला निवासी सरजु राम के पुत्र राजा राम की मौत पंजाब में काम के दौरान करंट लगने से हो गई। ज्ञात हो कि राजा राम कुछ दिनों पूर्व ही काम की तलाश में पंजाब गया हुआ था। वह वहां के रोपड़ जिलांतर्गत खेड़ा में क्रेशर प्लांट में मजदूरी करता कर रहा था। क्रेशर प्लांट में काम करने के दौरान करंट लगने से उसकी मौत हो गई। बुधवार सुबह मृतक का शव पहुंचते ही परिजनों के करुण क्रंदन से माहौल गमगीन हो गया। शव आने की सूचना मिलते ही भाजपा मंडल अध्यक्ष सोना किशोर यादव, सुनील यादव, गोपाल यादव सहित अन्य लोगो ने मृतक के घर पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया।

## खबर एक नजर में

# राष्ट्रीय स्तरीय शिविर के लिए विश्वविद्यालय में हुआ चयन

**भागलपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय भागलपुर द्वारा बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशालय पटना से प्राप्त पत्र के आलोक में राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले राष्ट्रीय एकता शिविर, एडवेंचर शिविर, यूथ फेस्टिवल एवं अन्य शिविरों के लिए टैलेंट पूल तैयार करने के लिए 10 स्वयंसेवक और 10 स्वयंसेविका का चयन किया जाना था। जिसका नाम 25 अगस्त तक निदेशक को भेजना था। इसके लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक द्वारा पूर्व में ही महाविद्यालय को निर्देशित किया गया था कि सभी इकाई से पांच-पांच स्वयंसेवक चयन के लिए भेजे जाए। इस चयन में कुल 15 इकाइयों के लगभग 100 स्वयंसेवक सेविका ने प्रतिभाग किया। इस चयन में पारदर्शिता और निष्पक्षता के लिए एक चयन समिति का गठन किया गया था। जिसमें संगीत विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर निशा झा, मारवाड़ी कॉलेज कल्चरल कार्डसिल की सदस्य प्रज्ञा राय, टीएनबी कॉलेज के अंशु कुमार एवं नीतू कुमारी को शामिल किया गया था। मौके पर कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ शैलेश मिश्रा, वरुण तांती, डॉ उषा शर्मा, डॉ अजीत कुमार तथा सचिव क्रीड़ा परिषद् डॉ संजय जयसवाल उपस्थित थे। चयन का आधार स्वयंसेवकों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना में 1 वर्ष पूरा होना और एक विशेष शिविर के आधार पर उनकी सांस्कृतिक दक्षता और एनएसएस के संदर्भ में उनकी जानकारी को बनाया गया। कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर राहुल कुमार ने बताया कि भारत बंद की ऐलान की वजह से 15 इकाई के ही स्वयंसेवक सेविका चयन में भाग ले सके। अतः शेष बचे 15 इकाई के लिए 24 अगस्त को चयन सिविल आयोजित किया जाएगा।

# कदाचार के पांच आरोपित गिरफ्तार, तीन पर मामला दर्ज और एक निष्कासित

**पटना।** बिहार पुलिस में सिपाही के 21,391 पदों पर चयन के लिए चतुर्थ चरण में बुधवार को अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा के दौरान कदाचार के आरोप में 09 अभ्यर्थी संलिप्त पाये गये हैं, जिनमें पांच को गिरफ्तार किया गया, एक अभ्यर्थी को निष्कासित तथा तीन अभ्यर्थियों पर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। राज्य के सभी जिलों में कुल 545 परीक्षा केन्द्रों पर एकल पाली में आयोजित की गयी। इस परीक्षा में कुल 17,87,720 अभ्यर्थी पंजीकृत किए गए ।लिखित परीक्षा के लिए एकल पाली में कुल 2,97,915 अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र निर्गत किया गया था, जिनमें 2,37,149 अभ्यर्थियों ने ई-प्रवेश-पत्र डाउनलोड किया। आंकड़ों के अनुसार अभ्यर्थियों की उपस्थिति लगभग 67 प्रतिशत रही। जिला पदाधिकारियों एवं जिला पुलिस अधीक्षकों के नेतृत्व में जिला स्तर पर व्यापक सुरक्षा व्यवस्थाएं की गई और परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों के प्रवेश पूर्व जाच सख्ती से निष्पादित की गयी। परीक्षा के दौरान सभी अभ्यर्थियों का बॉयोमेट्रिक विधि से अंगूठे का निशान, फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी करायी गई और परीक्षा कदाचारमुक्त संपन्न कराने के लिए पर्षद द्वारा सीसीटीवी की लाईव स्ट्रीमिंग द्वारा निगरानी की गयी। इस के लिए पटना में कमांड एंड कंट्रोल सेंटर बनाया गया है। सभी परीक्षा केन्द्रों को जैमर से आच्छादित किया गया था।

# एलजेपी (आर) ने यूपीएससी लेटरल एंट्री रद्द करने का किया स्वागत

**भागलपुर।** भागलपुर जिला कार्यालय में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिला अध्यक्ष सुबोध कुमार रमण ने बुधवार को प्रेस वार्ता आयोजित की। इस दौरान उन्होंने यूपीएससी की लेटरल एंट्री प्रक्रिया को रद्द करने के लिए केंद्र सरकार के फैसले की सराहना की। उन्होंने कहा कि पार्टी के संस्थापक, स्वर्गीय रामविलास पासवान ने सदैव संविधान और सामाजिक न्याय का समर्थन किया है। रमण ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान के प्रयासों से यह निर्णय संभव हो पाया है। रमण ने आगे कहा, हमारी पार्टी हमेशा से इस बात की पक्षधर रही है कि सभी सरकारी नियुक्तियां आरक्षण के प्रावधानों का पालन करते हुए की जानी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हस्तक्षेप के बाद इस निर्णय को लागू किया गया है, जो समाज के कमजोर वर्गों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चिराग पासवान का धन्यवाद करते हुए कहा कि एनडीए सरकार की यह पहल दलितों और पिछड़ों के अधिकारों की रक्षा की दिशा में एक ठोस कदम है। इस प्रेस वार्ता में पार्टी के दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष अमर सिंह कुशवाहा, प्रदेश सचिव पियूष पासवान, सौरभ तिवारी, मुकेश सिंह, आशीष कुमार, सौरभ सिंह, अंशू प्रिया, रविशंकर, अमित पासवान, रुपा देवी के साथ साथ पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# राजद महिला प्रकोष्ठ ने महिला अत्याचार के विरुद्ध निकाला कैंडिल मार्च

**सहरसा।** राष्ट्रीय जनता दल के आह्वान पर महिला प्रकोष्ठ ने बुधवार को महिलाओ के उपर बढ़ रहे अत्याचार व उत्पीड़न के खिलाफ कैंडिल मार्च निकाल कर प्रतिरोध जताया। राजद महिला अध्यक्ष गुंजन के यादव के नेतृत्व में नया बाजार से निकाली गई जो शंकर चौक पर समापन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओ ने भाग लिया। गुंजन यादव ने बिहार बंगाल सहित अन्य प्रदेश में महिलाओ का शोषण व उत्पीड़न काफी बढ गया है। जो काफी चिंताजनक है। राजद नगर अध्यक्ष ई कौशल यादव ने कहा पूरे प्रदेश में लुट हत्या बलात्कार हो रहे है। विधि व्यवस्था काफी चरमरा गई है। जिसके कारण महिलाओ का काफी शोषण हो रहा है।उन्होंने इसके लिए राज्य एवं केंद्र सरकार को आवश्यक कारवाई किये जाने की मांग की है। इस कैंडिल मार्च में महिलाओ की हत्या के खिलाफ जोर-शोर से नारे लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया गया। इस कैंडिल मार्च मे पूर्व विधायक अरुण यादव, जिलाध्यक्ष मो ताहिर, महासचिव धनिकलाल यादव, जिप उपाध्यक्ष धीरेंद्र यादव, गौतम कृष्ण, गोविन्द तांती, टुनटुन शर्मा, किशोर शर्मा, युवा प्रदेश महासचिव सुमन सिंह, युवा जिलाध्यक्ष भारत यादव, नगर अध्यक्ष ई कौशल यादव, पवन यादव, विकास कुमार रावत, पवन शर्मा,प्रो गीता यादव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# तस्करी के दस बोतल अंग्रेजी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**अररिया।** जोगबनी थाना पुलिस और सीमा पर तैनात एसएसबी के जवानों ने संयुक्त रूप से भारत नेपाल के कुसमाहा बॉर्डर के पास से बुधवार को एक युवक को दस बोतल अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया। पकड़ा गया युवक पिपरा पंचायत के वार्ड संख्या दस का रहने वाला अमित पासवान पिता -रामू पासवान है।युवक नेपाल से तस्करी कर शराब को भारतीय क्षेत्र में ला रहा था।इसी क्रम में एसएसबी और जोगबनी थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में धरा गया। इस बात की पुष्टि करते हुए जोगबनी थानाध्यक्ष राजीव कुमार आजाद ने गिरफ्तार युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेज देने की बात कही।

# सांसद पप्पू यादव ने कहा डाक्टरों के खिलाफ जंग लड़ूंगा

**पूर्णिया।** पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने डाक्टरों के खिलाफ जंग का बिगुल फूंकने का ऐलान किया है। उन्होंने बुधवार को प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि मैं डॉक्टर के खिलाफ जंग प्रारंभ कर रहा हूं। चाहे उनके साथ पीएम आए अथवा सीएम।यह पूछे जाने पर कि आपके बयान की आईएमए ने भर्त्सना की है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर जब जूनियर डॉक्टर के साथ बलात्कार करें तब आप बंद नहीं कीजिएगा। हम अच्छे डॉक्टर के खिलाफ बयान नहीं दिए हैं और न ही हम किसी प्रतिष्ठित नर्सिंग होम के खिलाफ बयान दिए हैं। मैंने किसी डाक्टर का नाम नहीं लिया है। हमने तो कहा कि डॉक्टर भले आदमी है।

स्पीड न्यूज

## वक्फ बिल पर जेपीसी की पहली बैठक आज

नयी दिल्ली। मुस्लिम समुदाय की संपति से जुड़े वक्फ (संशोधन) विधेयक–2024 पर विचार के लिए गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की पहली बैठक गुरुवार को होगी। लोकसभा सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता वाली 31 सदस्यीय समिति को अल्पसंख्यक मामलों, विधि एवं न्याय मंत्रालयों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करनी है। समिति में 21 सदस्य लोकसभा के और 10 सदस्य राज्यसभा के हैं। समिति में लोकसभा से जगदंबिका पाल, डॉ. निशिकांत दुबे, तेजस्वी सूर्या, अपराजिता सारंगी, डॉ. संजय जयसवाल, दिलीप सैकिया, अभिजीत गंगोपाध्याय, डीके अरुणा, गौरव गोगोई, इमरान मसूद, डॉ. मोहम्मद जावेद और असदुद्दीन औवेसी शामिल हैं।

## ईरान में तीर्थयात्रियों की बस पलटी,35 मरे

**तेहरान।** ईरान के यज्द प्रांत में मंगलवार रात पाकिस्तान के शिया तीर्थयात्रियों की बस पलट जाने से कम से कम 35 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में 18 अन्य लोग घायल भी हुए हैं। घायलों में से कइयों की हालत गंभीर है। दुर्घटना के समय बस में लगभग 51 लोग सवार थे। यह बस तीर्थयात्रियों को लेकर इराक जा रही थी। पाकिस्तान के अखबार डॉन के मुताबिक ब्रेक फेल होने की वजह से बस दुर्घटनाग्रस्त हुई। सभी तीर्थयात्री अरबईन की याद में होने वाले समारोह में शामिल होने के लिए इराक जा रहे थे।

## राजनाथ सिंह कल जाएंगे अमेरिका

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन के निमंत्रण पर 23 से 26 अगस्त तक अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। श्री सिंह अपने अमेरिकी समकक्ष ऑस्टिन के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। वह राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों के लिए राष्ट्रपति के सहायक जेक सुलिवन से भी मुलाकात करेंगे। उनकी यात्रा भारत–अमेरिका संबंधों में बढ़ती गति और रक्षा संपर्कों की पृष्ठभूमि में हो रही है। इस यात्रा से भारत–अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के और घनिष्ठ तथा व्यापक बनने की उम्मीद है।

## फिल्म रेस 4 में काम करेंगे सैफ अली खान



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान फिल्म रेस 4 में काम करेंगे। रमेश तौरानी निर्मित रेस फ्रेंचाइजी के तीन पार्ट रिलीज हो चुके हैं। इनमें से रेस और रेस 2 में सैफ अली खान लीड रोल में नजर आए थे, वहीं रेस 3 में सलमान खान नजर आए थे।सैफ अली खान को रेस 4 में फिर से कास्ट किया जा सकता है। रेस फ्रेंचाइजी की शुरूआत वर्ष 2008 में प्रदर्शित फिल्म रेस से हुई थी।

# पोलैंड पहुंचे प्रधानमंत्री, द्विपक्षीय वार्ता आज

▸▸ पोलैंड में भारतीय निवेश करीब 3 बिलियन डॉलर होने का अनुमान : विदेश मंत्रालय

एजेंसी

**वारसॉ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को पोलैंड की दो दिवसीय यात्रा पर वारसॉ पहुंचे। पिछले 45 वर्षों में यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली पोलैंड यात्रा है। प्रधानमंत्री मोदी ने रवाना होने से पहले कहा था कि पोलैंड की मेरी यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब हमारे राजनयिक संबंधों की 70वीं वर्षगांठ है। पोलैंड मध्य यूरोप में एक प्रमुख आर्थिक साझेदार है। लोकतंत्र और बहुलवाद के प्रति हमारी पारस्परिक प्रतिबद्धता हमारे संबंधों को और मजबूत बनाती है। प्रधानमंत्री मोदी का वारसॉ में औपचारिक स्वागत किया गया।

वे गुरुवार को राष्ट्रपति आंद्रेज सेबेस्टियन डूडा से मुलाकात करेंगे और प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे। उनका पोलैंड में भारतीय समुदाय से भी मिलने का कार्यक्रम है। विदेश मंत्रालय (एमईए) में सचिव (पश्चिम) तन्मय लाल ने सोमवार को पीएम मोदी की पोलैंड और यूक्रेन यात्रा की घोषणा करते हुए कहा था कि हमारा द्विपक्षीय व्यापार काफी बड़ा है। और यह 6 बिलियन अमेरिकी डॉलर का है जो पोलैंड को मध्य और पूर्वी यूरोप में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बनाता है। पोलैंड में भारतीय निवेश लगभग 3 बिलियन अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है। भारत में पोलैंड का निवेश लगभग 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर है।

पीएम मोदी यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष के रूप में पोलैंड के अपने समकक्ष से चार बार मिल चुके हैं। उन्होंने मार्च 2022 में राष्ट्रपति डूडा से फोन पर बात की थी। यूक्रेन से भारतीय नागरिकों को निकालने में पोलैंड ने जो सहायता दी, उसके लिए धन्यवाद दिया था। साल 2022 में पोलैंड के रास्ते 4000 से अधिक भारतीय छात्रों को निकाला गया था।




पीएम मोदी ने वर्ष 2001 में गुजरात भूकंप के दौरान पोलैंड द्वारा दी गई सहायता को भी याद किया। उन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान पोलैंड के कई परिवारों और युवा अनाथों को बचाने में जामनगर के महाराजा द्वारा निभाई गई भूमिका को भी याद किया।

## लग्जरी ट्रेन से कल जायेंगे कीव



पोलैंड की यात्रा के बाद शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी ट्रेन से यूक्रेन की राजधानी कीव जाएंगे। पीएम मोदी विशेष रूप से डिजाइन की गई एक लग्जरी ट्रेन के जरिए पोलैंड से कीव जाएंगे। बता दें कि दुनिया की बड़े-बड़े नेता इसी ट्रेन के जरिए यूक्रेन गए हैं। इसमें अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों और जर्मनी के चांसलर ओल्फ स्कॉल्ज का नाम शामिल हैं। बाइडेन के अलावा, युद्ध प्रभावित यूक्रेन में पहुंचने के लिए अब तक 200 से ज्यादा विदेशी राजनयिक मिशन इस ट्रेन सेवा का इस्तेमाल कर चुके हैं। इनमें ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी भी शामिल हैं। मोदी की कीव यात्रा में 20 घंटे की रेल यात्रा शामिल होगी, जिसके दौरान वह रात भर चलने वाली रेल फोर्स वन ट्रेन में सवार होंगे। पीएम मोदी चौथी बार जेलेंस्की से मुलाकात करेंगे। पीएम मोदी जेलेंस्की के निमंत्रण पर युद्ध प्रभावित कीव का दौरा करेंगे। वह 23 अगस्तको यहां पहुचेंगे। 30 से अधिक वर्षों में यह किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री की यूक्रेन की पहली यात्रा होगी।

# अच्युतपुरम फार्मा के रिएक्टर में ब्लास्ट, 14 कर्मियों की मौत

▸▸ आंध्र के रामबिली मंडल में हादसा, 50 से अधिक मजदूर गंभीर रूप से घायल, मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका

एजेंसी

**विशाखापट्टनम।** अनाकापल्ली जिले के रामबिली मंडल में अच्युतपुरम फार्मा में बुधवार दोपहर रिएक्टर में विस्फोट के बाद 14 कर्मचारियों की मौत हो गई है और 50 से अधिक अन्य घायल हो गए हैं। हादसे की गंभीरता को देखते हुए मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। अच्युतपुरम फार्मा एसईजेड में एसेंशिया एडवांस्ड साइंस प्राइवेट लिमिटेड में सैकड़ों कर्मचारी काम करते हैं। दोपहर भोजनावकाश के दौरान जोरदार विस्फोट होने के बाद आग लग गयी। घना धुआं उठने के बाद समझना मुश्किल हो रहा था कि क्या हो रहा है। फिर भी जान बचाने के डर से मजदूर बाहर भागे। तेज आवाज से आसपास के गांव के लोग सतर्क हो गए। फार्मा की दमकल समेत आसपास के इलाके से 11 अन्य गाड़ियां आईं और आग पर काबू पाया। घायलों को अनाकापल्ली के विभिन्न अस्पतालों में स्थानांतरित किया गया। घायलों में से पांच 60 फीसदी से ज्यादा जले हुए हैं। हादसे के वक्त इंडस्ट्री में करीब 300 कर्मचारी मौजूद थे। मजदूरों का कहना है कि रिएक्टर के धमाके से इंडस्ट्री की पहली मंजिल का स्लैब ढह गया और कई लोग मलबे में फंस गए। तीसरी मंजिल पर फंसे मजदूरों को क्रेन की मदद से बाहर निकाला गया। एनडीआरएफ की टीमें और दमकल की गाड़ियां मौके पर बचाव कार्य जारी रखे हुए हैं। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू ने अच्युतापुरम एसईजेड में रिएक्टर विस्फोट हादसे को लेकर कलेक्टर से बात की। मुख्यमंत्री ने घायलों को उपलब्ध करायी जा रही चिकित्सा के संबंध में कलेक्टर से जानकारी ली। सीएम ने तत्काल राहत कदम





# तकनीक का गलत इस्तेमाल हो सकता है विनाशकारी : राष्ट्रपति

**फरीदाबाद/नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि तकनीक का इस्तेमाल उचित और सतत विकास तथा जनहित के लिए किया जाना चाहिए। इसका गलत इस्तेमाल विनाशकारी हो सकता है। राष्ट्रपति मुर्मू ने हरियाणा के फरीदाबाद में जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के 5वें दीक्षांत समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कहा कि आज तकनीक के विकास के कारण प्रगति के कई रास्ते खुल गए हैं। उदाहरण के लिए दूरदराज के इलाकों में इंटरनेट की पहुंच ने ऑनलाइन रोजगार के कई अवसर पैदा किए हैं। लेकिन हमें यह याद रखना चाहिए कि तकनीक का इस्तेमाल उचित और सतत विकास तथा जनहित के लिए किया जाना चाहिए। इसका गलत इस्तेमाल विनाशकारी हो सकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि आज पूरी दुनिया चौथी औद्योगिक क्रांति के दौर में है। भारत भी इस क्रांति की चुनौतियों का सामना करने और इसके अवसरों का लाभ उठाने के लिए तैयार है। इस राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करने में जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होगी। राष्ट्रपति को यह जानकर खुशी हुई कि इस विश्वविद्यालय ने पिछले कुछ वर्षों में कई औद्योगिक और शैक्षणिक संस्थानों के साथ समझौते किए हैं।









# सेयम नदी पर तीन पुलों को यूक्रेन ने किया नष्ट

कुर्स्क में 92 बस्तियों पर यूक्रेनी सेना ने किया कब्जा

एजेंसी

**कीव।** पश्चिमी रूस में सेयम नदी पर बने तीनों पुलों को यूक्रेन की सेना ने नष्ट कर दिया है । रूसी सूत्रों ने यह जानकारी दी। पश्चिमी रूस में यूक्रेन का आक्रमण मंगलवार को तीसरे सप्ताह में प्रवेश कर गया। वहीं यूक्रेनी सेना ने कुर्स्क में रूस की 1,250 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र और 92 बस्तियों पर कब्जा कर लिया है। रूस के कुर्स्क क्षेत्र में कीव के आक्रमण से युद्ध की दिशा बदल रही है और यूक्रेन की युद्ध से थकी हुई जनता का मनोबल बढ़ रहा है। हालांकि इस आक्रमण के अंतिम परिणाम की भविष्यवाणी करना अभी संभव नहीं है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद रूस पर किया गया यह पहला हमला है। एक ओर जहां यूक्रेन रूसी क्षेत्र में अपनी सफलता का जश्न मना रहा है, वहीं दूसरी ओर पूर्वी यूक्रेन में रूस एक अन्य प्रमुख केंद्र, पोक्रोवस्क पर भी कब्जा करने की ओर अग्रसर है। कुर्स्क में सेयम नदी पर बने तीन पुलों पर यूक्रेन के हमले से रूसी सेनाएं नदी, यूक्रेनी अग्रिम मोर्चे और यूक्रेनी सीमा के बीच फंस सकती हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि 6 अगस्त को यूक्रेन द्वारा शुरू किए गए कुर्स्क आक्रमण पर रूस की जवाबी प्रतिक्रिया धीमी पड़ रही है। सप्ताहांत में, यूक्रेन के वायुसेना कमांडर ने सेयम नदी पर बने पुलों पर हमले के दो वीडियो पोस्ट किए। प्लैनेट लैब्स पीबीसी द्वारा ली गई उपग्रह तस्वीरों का विश्लेषण मंगलवार को एसोसिएटेड प्रेस द्वारा किया गया जिसमें पुष्टि हुई कि ग्लुश्कोवो शहर में एक पुल नष्ट हो गया है। एक रूसी सैन्य जांचकर्ता ने सोमवार को पुष्टि की कि यूक्रेन ने एक पुल को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है और क्षेत्र में दो अन्य

## पायलट बाबा का शव आश्रम पहुंचा, अंतिम दर्शन को उमड़ी भीड़

**हरिद्वार।** जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर पायलट बाबा का पार्थिव शरीर हरिद्वार स्थित उनके आश्रम में रखा गया है, उनके अंतिम दर्शन के लिए साधु-संतों के साथ स्थानीय लोगों का हुजूम उमड़ा। 20 अगस्त को पायलट बाबा का मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में निधन हुआ था। पायलट बाबा श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के वरिष्ठ महामंडलेश्वर भी थे। पायलट बाबा वायु सेना में विंग कमांडर भी रहे। उन्होंने साल 1962, 1965, 1971 के युद्ध में बतौर विंग कमांडर हिस्सा लिया था। इन युद्धों में बाबा ने फाइटर पायलट की भूमिका निभाई थी। पाकिस्तान के साथ साल 1965 और 1971 युद्ध में सफल अभियान को अंजाम दिया। उसके बाद उन्होंने संन्यास लिया, फिर वो पायलट बाबा के नाम से प्रसिद्ध हुए। उनका वास्तविक नाम कपिल सिंह है। वे मूल रूप से बिहार के रोहतास के रहने वाले थे।






# केबीसी 16 में ब्रेन ट्यूमर पीड़िता मीना बनेंगी करोड़पति!

▸▸ एक करोड़ के सवाल तक पहुंचने वाली पहली प्रतिभागी बनी नरेशी

एजेंसी

**मुंबई ।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के लोकप्रिय रियलिटी गेम शो कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी) सीजन 16 में एक करोड़ के सवाल तक पहुंचने वाली पहली प्रतियोगी नरेशी मीना बन गयी हैं। 27 वर्षीय नरेशी ने गंभीर बीमारी सहित जीवन को बदलने वाली चुनौतियों का अपनी दृढ़ता और आकर्षक मुस्कान से सामना किया है।

केबीसी में उनकी भागीदारी उनकी इसी जीवटता का प्रमाण है, क्योंकि वह हर सवाल का आत्मविश्वास से जवाब देती हैं और साबित करती हैं कि उनके सपनों के रास्ते में कोई भी बाधा नहीं आ सकती। नरेशी इस सीजन की पहली प्रतिभागी के रूप में अपनी पहचान बनाएंगी, जो 1 करोड़ रुपये के सवाल का जवाब देंगी। नरेशी मीना बेहद उत्साहित हैं, जिसने अपने समुदाय की कई लड़कियों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए अपने निजी जीवन के अनुभवों से प्रेरणा ली। ब्रेन ट्यूमर से पीड़ित होने के बावजूद वह महिला सशक्तिकरण विभाग में पर्यवेक्षक के रूप में दृढ़ संकल्पित हैं, जिससे महिलाओं और लड़कियों को उनके लिए उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने के लिए सशक्त बनाया जा सके। केबीसी पर अपने नेक काम को साझा करके नरेशी इन कार्यक्रमों की पहुंच को बढ़ाना चाहती हैं, ताकि अधिक से अधिक महिलाएं इनका लाभ उठा सकें। इसके अलावा वह अपनी संभावित जीत का उपयोग अपनी बीमारी के इलाज के लिए और अपनी मां के कीमती आभूषणों को वापस पाने के लिए करना चाहती हैं, जिनका उनके लिए भावनात्मक रूप से बहुत महत्वपूर्ण है। नरेशी के पिता एक साधारण किसान हैं और उन्होंने नरेशी को अपनी शिक्षा जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया है और हमेशा उसकी जीत का जश्न मनाया है। जब नरेशी हॉटसीट पर बैठी तो उसके पिता गर्व से मुस्कुराते नजर आए। नरेशी की कहानी सिर्फ जीवित रहने की नहीं है, बल्कि अपनी व्यक्तिगत लड़ाइयों के बीच भी दूसरों को सशक्त बनाने के लिए एक अथक प्रयास की है। 50 लाख के सवाल का सही जवाब देने के बाद नरेशी को कौन बनेगा करोड़पति सीजन 16 में एक करोड़ के सवाल का जवाब देते 21 और 22 अगस्त को रात 9 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर देखा जा सकता है।

